ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 I मूल्य आमंत्रित मूल्य 3 रुपये

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 10.03.2025 वर्ष 12, अंक 68 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**

दुनिया में हर इंसान अलग है इसलिए जो जैसा है उसे वैसा ही स्वीकार करना सीखे!

**रोजा का समय**

इफ्तार (10.03.25) : शाम 5.57 बजे

सेहरी (11.03.25) : सुबह 4.39 बजे

Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR

## क्विक न्यूज

### नागपुर से दिल्ली पहुंचा 78 लाख रुपये का गांजा, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली** : दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एक अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का भंडाफोड़ कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से उम्दा क्वालिटी का 156 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लगभग 78 लाख रुपये से अधिक की आंकी गई है। गांजे की यह खेप नागपुर से दिल्ली पहुंची थी। फिलहाल पुलिस इस नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक एक सूचना के बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने राजा गार्डन पुल के पास जाल बिछाकर राजस्थान के रहने वाले विजय सिंह ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस को इसकी एसयूवी कार की तलाशी में 75 प्लास्टिक की बोरियों से गांजा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान विजय ने बताया कि वह मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले विनीत नामक व्यक्ति के लिए काम करता है और नागपुर से मादक पदार्थ खरीदता है। यह खेप नागपुर से ही आई थी।

### मतदान राष्ट्र सेवा के लिए पहली सीढ़ी : मुख्य चुनाव आयुक्त

**फिरोजाबाद** : मुख्य निर्वाचन आयुक्त भारत सरकार ज्ञानेश कुमार रविवार को सिरसागंज स्थित अपनी ननिहाल पहुंचे। उन्होंने परिवारीजनों के अलावा लोगों से भी मुलाकात की। उन्होंने यहां अपने संबोधन में कहा कि निर्वाचन आयोग हमेशा से ही मतदाताओं के साथ खड़ा था, खड़ा है और आगे भी खड़ा रहेगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने मतदान को राष्ट्र सेवा के लिए पहली सीढ़ी बताया। मुख्य चुनाव आयुक्त अपने आईएएस बनने की गाथा को भी बयां किया। साथ ही साथ उन्होंने मुख्य निर्वाचन के रूप में निभाई जा रही अपनी भूमिका और चुनौती के बारे में भी लोगों को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त के रूप में पूरे भारत में 50 लाख से अधिक निर्वाचन कार्य में लगे कर्मचारियों का नेतृत्व कर रहा हूं। इतने बड़े दायित्वों को निभाने के लिए मैंने सदैव धैर्य का परिचय दिया है।

### तस्कर गिरफ्तार,115 किलो डोडा चूरा बरामद

**जयपुर :** जयपुर ग्रामीण पुलिस ने एक बार फिर नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पैरोल पर रिहा हुए एक तस्कर को 115 किलो डोडा चूरा के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले भी नशा तस्करी के मामलों में जेल जा चुका था और हाल ही में पैरोल पर बाहर आया था।पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने हाईवे पर नाकाबंदी कर एक संदिग्ध वाहन को रोका, जिसकी तलाशी लेने पर उसमें से 115 किलो डोडा चूरा बरामद हुआ। आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह डोडा चूरा सप्लाई करने का काम करता है और इससे पहले भी इस तरह की गतिविधियों में लिप्त रह चुका है।

### देहरादून में भव्य फागुन महोत्सव, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने की निशान यात्रा का शुभारंभ

**देहरादून :** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रविवार को ओम सिटी स्थित आदि शक्ति दुर्गा मंदिर में आयोजित तृतीय फागुन महोत्सव एवं भव्य निशान यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन और जयघोष के साथ पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल से भर दिया।शोभायात्रा तिलक रोड होते हुए हनुमान चौक और सहारनपुर चौक से गुजरकर ओम सिटी मंदिर में संपन्न हुई। मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन हमारी परंपराओं को जीवंत बनाए रखते हैं तथा समाज में सद्भाव और एकता को मजबूत करते हैं। उन्होंने उत्तराखंड की देवभूमि के रूप में विशेष पहचान को रेखांकित करते हुए कहा कि यहां की धार्मिक आस्था पूरे देश को प्रेरित करती है।मंत्री ने सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी और सभी श्रद्धालुओं के सुख-समृद्धि की कामना की।

**रांची का तापमान**

अधिकतम 38°

न्युनतम 26°

भारत और न्यूजीलैंड के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खेला गया फाइनल मुकाबला

# भारत की धमाकेदार जीत

एजेंसी

**दुबई :** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में न्यूजीलैंड की टीम को 4 विकेट से मात देने के साथ तीसरी बार इस ट्रॉफी को अपने नाम करने में सफलता हासिल की है। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए इस खिताबी मैच में न्यूजीलैंड की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया था, जिसके बाद वह 50 ओवर्स में 7 विकेट के नुकसान पर 251 रनों का स्कोर बनाने में सफल रहे। वहीं टारगेट का पीछा करने उतरी टीम इंडिया को रोहित शर्मा और शुभमन गिल की ओपनिंग जोड़ी ने शानदार शुरुआत तो दी लेकिन इसके बाद अचानक विकेट गिरने से कीवी टीम ने मुकाबले में वापसी की। हालांकि अंत में केएल राहुल और हार्दिक पांड्या की जोड़ी ने संभलकर खेलते हुए टीम को जीत की तरफ लेकर जाने का काम किया, लेकिन हार्दिक जब भारतीय टीम को 11 रन जीत के लिए चाहिए थे तो उससे पहले 18 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद केएल राहुल ने रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर 49 ओवर्स में भारतीय टीम को जीत दिलाकर वापस लौटे। भारतीय टीम की जीत पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश के कई नेताओं ने बधाई दी. पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा,एक असाधारण खेल और एक असाधारण परिणाम. आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी घर लाने के लिए हमारी क्रिकेट टीम पर गर्व है. उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया है. शानदार प्रदर्शन के लिए हमारी टीम को बधाई.

### शानदार प्रदर्शन के लिए हमारी टीम को बधाई : पीएम मोदी

#### रोहित-गिल ने दी अच्छी शुरुआत

भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ फाइनल मैच में 252 रनों का टारगेट मिला था, जिसके बाद टीम इंडिया की तरफ से पारी की शुरुआत करने उतरी कप्तान रोहित शर्मा और शुभमन गिल की ओपनिंग जोड़ी ने पहले 10 ओवर्स में ही स्कोर को बिना किसी नुकसान के 64 रन बना लिए थे। इसके बाद रोहित ने एक छोर से जहां तेज गति के साथ रन बनाने का सिलसिला जारी रखा तो वहीं दूसरी तरफ शुभमन गिल संभलकर खेलते हुए दिखाई दिए। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 105 रनों की साझेदारी हुई जिसमें गिल के बल्ले से 31 रनों की पारी देखने को मिली।

#### न्यूजीलैंड की पारी में मिचेल और ब्रेसवेल ने दिखाया कमाल

फाइनल मैच में कीवी टीम के बल्लेबाजी प्रदर्शन को लेकर बात की जाए तो उसमें डेरिल मिचेल और माइकल ब्रेसवेल के बल्ले से अर्धशतकीय पारी देखने को मिली। डेरिल मिचेल ने जहां 63 रनों की पारी खेली तो वहीं माइकल ब्रेसवेल के बल्ले से 53 रनों की नाबाद पारी देखने को मिली, जिसके दम पर कीवी टीम फाइनल मैच में 251 रनों के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही।



#### न्यूजीलैंड के स्पिन गेंदबाजों ने मैच में कराई अपनी टीम की वापसी

शुभमन गिल को जहां मिचेल सैंटनर ने अपना शिकार बनाया तो वहीं इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे विराट कोहली से सभी को इस मुकाबले में बड़ी पारी की उम्मीद थी, लेकिन वह माइकल ब्रेसवेल की गेंद पर सिर्फ एक रन बनाकर एलबीडब्लू आउट होकर पवेलियन लौट गए। यहां से श्रेयस अय्यर और कप्तान रोहित शर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास तो किया लेकिन रचिन रवींद्र की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने के प्रयास में रोहित शर्मा 76 के निजी स्कोर पर स्टंप आउट होकर पवेलियन लौट गए। टीम इंडिया ने अपना तीसरा विकेट 122 के स्कोर पर गंवाया था।

#### श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने मिलकर संभाली पारी

जल्दी-जल्दी तीन झटके लगने के बाद श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल ने मिलकर टीम इंडिया की पारी को संभालने का काम किया, दोनों ने मिलकर चौथे विकेट के लिए 75 गेंदों में 61 रनों की साझेदारी करने के साथ इस मुकाबले में टीम इंडिया की वापसी कराने का काम किया। श्रेयस अय्यर इस मैच में 48 रनों की पारी खेलकर जहां आउट हुए तो वहीं अक्षर पटेल के बल्ले से 29 रनों की पारी देखने को मिली।

#### केएल राहुल एक बार फिर से जीत दिलाकर नाबाद वापस लौटे पवेलियन

**केएल राहुल ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल मुकाबले में 34 रनों की नाबाद पारी खेलने के साथ टीम इंडिया को जीत दिलाकर वापस लौटे। वहीं इस दौरान उन्हें हार्दिक पांड्या का भी साथ मिला जो 18 रनों की महत्वपूर्ण पारी खेलने में कामयाब रहे। वहीं कीवी टीम के गेंदबाजों को लेकर बात की जाए तो उसमें माइकल ब्रेसवेल और मिचेल सेंटनर 2-2 विकेट लेने में कामयाब रहे।**

## राज्य के 100 स्टालों पर पलाश ब्रांड के हर्बल गुलाल की विक्री शुरू



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची** : होली के पर्व को देखते हुए बाजार गुलाल और रंगों से सज गए हैं। इस वर्ष भी झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी के अंतर्गत 'पलाश ब्रांड' के तहत सखी मंडल की महिलाओं द्वारा तैयार प्राकृतिक हर्बल गुलाल बाजार में उपलब्ध है। पर्यावरण के अनुकूल इस गुलाल की मार्केटिंग को बढ़ावा देने और इको-फ्रेंडली होली को प्रोत्साहित करने के लिए राज्यस्तरीय पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री अभियान' की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरने की ओर से राज्य की ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को बाजार में पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत शुरू किए गए पलाश ब्रांड को राज्यभर के विभिन्न जिलों की हजारों ग्रामीण महिला उद्यमी पलाश हर्बल गुलाल का उत्पादन कर रही हैं। इस अभियान के तहत रविवार को रांची, हजारीबाग, पलामू, चतरा, रामगढ़, खूंटी, लोहरदगा जिलों में पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री स्टाल का परिचालन शुरु किया गया है।जेएसएलपीएस की मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी कंचन सिंह के निर्देश पर राज्य के सभी जिलों में 100 से अधिक स्टालों का संचालन रविवार से 13 मार्च तक किया जा रहा है। सखी मंडल की माहिलाएं गुलाल तैयार करने में प्राकृतिक सामग्री का इस्तेमाल कर रही हैं, जो त्वचा को कोई नुकसान नहीं पहुंचाती। इस हर्बल गुलाल में किसी भी प्रकार के रसायन या आर्टिफिशियल सामग्री का उपयोग नहीं किया गया है।

**पर्यावरण के अनुकूल इस गुलाल की मार्केटिंग को बढ़ावा देने और इको-फ्रेंडली होली को प्रोत्साहित करने के लिए राज्यस्तरीय पलाश हर्बल गुलाल प्रदर्शनी सह बिक्री अभियान' की शुरुआत की गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरने की ओर से राज्य की ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को बाजार में पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके तहत शुरू किए गए पलाश ब्रांड को राज्यभर के विभिन्न जिलों की हजारों ग्रामीण महिला उद्यमी पलाश हर्बल गुलाल का उत्पादन कर रही हैं।**


## उपराष्ट्रपति की बिगड़ी तबीयत, भर्ती



एजेंसी

**नई दिल्ली** : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की अचानक तबीयत खराब हो गई है. सूत्रों के अनुसार, बीती रात करीब 2 बजे उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उनके हार्ट में स्टंट डाला गया है.अस्पताल के सूत्रों ने कहा है कि 73 वर्षीय उपराष्ट्रपति को रविवार को सुबह-सुबह एम्स के कार्डियक विभाग में भर्ती कराया गया. फिलहाल उनकी हालत स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है. उपराष्ट्रपति का इलाज एम्स के कार्डियोलॉजी विभाग के हेड डॉ. राजीव नारंग की निगरानी में हो रहा है. उन्हें क्रिटिकल केयर यूनिट में रखा गया है.वहीं डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं.उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी एम्स पहुंचे. जानकारी मिलने के बाद भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी अस्पताल पहुंचे और उपराष्ट्रपति का हाल-चाल लिया। वहीं उनके इलाक के लिए मेडिकल बोर्ड बनाया गया, जिसमें अलग-अलग स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की खास टीम भी बनाई गई है.अपने लंबे राजनीतिक सफर में जगदीप धनखड़ ने पश्चिम बंगाल का राज्यपाल बनाए जाने के बाद खूब सुर्खियां बटोरी थी. सत्तारूढ़ टीएमसी के साथ उनका टकराव अक्सर बना रहता था. बताया जाता है कि धनखड़ बेहद सख्त मिजाज के हैं.

## लॉरी से टकरायी इनोवा, 5 की मौत



एजेंसी

**चित्रदुर्ग** : कर्नाटक के चित्रदुर्ग तालुक के राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर रविवार की सुबह एक भीषण हादसे में पांच लोगों की मौत हो गयी. एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी है. उसका इलाज चित्रदुर्ग जिला अस्पताल में चल रहा है. पुलिस के अनुसार सभी लोग बेलगावी के सवादत्ती मंदिर से लौट रहे थे तभी उनकी इनोवा कार सड़क किनारे खड़ी लॉरी से टकरा गयी. प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो हादसे के वक्त इनोवा काफी तेज गति से जा रही थी.सभी मृतक बेंगलुरु के रहने वाले हैंः मृतकों की पहचान रुद्रस्वामी, मल्लिकार्जुन, शांतमूर्ति और चिदंबरचार के रूप में की गयी. एक अन्य व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, लेकिन उसकी पहचान नहीं की जा सकी थी. एसपी रंजीत कुमार बंडारू ने घटनास्थल का दौरा किया और घटना का निरीक्षण किया. बाद में मीडिया से बात करते हुए एसपी ने कहा कि यह हादसा बेलगावी से बेंगलुरु जाते समय हुआ.प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के वक्त इनोवा गाड़ी काफी स्पीड में थी. सड़क किनारे खड़ी लॉरी से सीधे टकरा गयी. वहीं इस बात की भी आशंका जतायी जा रही है कि सुबह का समय होने के कारण ड्राइवर को झपकी आ गयी होगी. पुलिस जख्मी व्यक्ति के होश में आने का इंतजार कर रही है. हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गयी. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची.

## संसद का बजट सत्र आज से फिर शुरू



एजेंसी

**नई दिल्ली :** संसद का बजट सत्र सोमवार को फिर से शुरू हो रहा है। इस दौरान सरकार और विपक्ष के बीच जोरदार तकरार होने के संकेत मिल रहे हैं। विपक्ष, मतदाता सूची में कथित हेराफेरी, मणिपुर में हिंसा की ताजा घटना और ट्रंप प्रशासन के साथ भारत के व्यवहार जैसे मुद्दों को उठाने की योजना बना रहा है। वहीं दूसरी ओर सरकार का जोर बजटीय प्रक्रिया को पूरा करने, अनुदान मांगों के लिए संसद की मंजूरी लेने, वक्फ संशोधन विधेयक को पारित कराने और मणिपुर बजट के लिए मंजूरी दिलाने पर रहेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की घोषणा के लिए संसद की मंजूरी मांगने के लिए एक वैधानिक प्रस्ताव पेश कर सकते हैं। इसके साथ ही सोमवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मणिपुर के लिए बजट पेश करेंगी। बताते चलें कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद 13 फरवरी से मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लागू है। उधर विपक्ष ने कहा कि वह फर्जी इलेक्टोरल फोटो आइडेंटिटी कार्ड नंबरों के मुद्दे पर सरकार को घेरने की तैयारी कर रहा है। इस मुद्दे को उठाने में तृणमूल कांग्रेस सबसे आगे है। इसी क्रम में चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि वह अगले तीन महीनों के भीतर सुधार वाले कदम उठाएगा। चुनाव आयोग ने तृणमूल कांग्रेस के उस दावे को खारिज कर दिया था जिसमें आरोप लगाया गया था कि पश्चिम बंगाल में दूसरे राज्यों के मतदाताओं को वोट करने की अनुमति देने के लिए मतदाता सूचियों में हेरफेर किया गया था।

## जीएसटी में होना चाहिए व्यापक सुधार : कांग्रेस



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कांग्रेस पार्टी ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की जीएसटी दरों में कटौती घोषणा और इससे जुड़े अन्य विषयों पर रविवार को सरकार के समक्ष तीन प्रमुख मांगें रखी हैं। कांग्रेस पार्टी ने व्यापक सुधार की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा है कि सरकार को मौलिक रूप से सरलीकृत और कम दंडात्मक जीएसटी-2.0 लाना चाहिए। पार्टी के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने आज एक बयान में कहा कि जीएसटी-2.0 का लक्ष्य कर स्लैब को सरल बनाने के लिए होना चाहिए। इसका दूसरा लक्ष्य अनुपालन तंत्र की कमजोरी को दूर करना भी होना चाहिए। तीसरा सरकार को कई आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी दरों में कटौती करनी चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि वस्तु की मूल्य श्रृंखला में कई स्तरों पर कर लगाए जाते हैं, जिसमें बदलाव किया चाहिए। उन्होंने जीएसटी के संग्रह में कमी आने का कारण बताते हुए कहा कि इसमें बड़े स्तर पर धोखाधड़ी हो रही है और गलत तरीके से जीएसटी रिफंड हासिल किया जा रहा है, जिसमें सुधार की आवश्यकता है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इसके अलावा शैक्षणिक पाठ्यक्रमों और स्टेशनरी जैसे यूनिफॉर्म, स्कूल बैग आदि पर जीएसटी लगाया जाता है, जबकि शिक्षा व्यापक रूप से सभी को सुलभ होनी चाहिए। पार्टी नेता ने अपने वक्तव्य में कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने घोषणा पत्र में जीएसटी-2.0 की परिकल्पना कर चुकी है। अब केंद्र सरकार को इस बारे में विचार करना चाहिए।

## तेलंगाना टनल हादसा : सुरंग के अंदर मिला एक शव

एजेंसी

**हैदराबाद** : तेलंगाना के नागरकुरनूल में एसएलबीसी सुरंग में फंसे आठ लोगों को बचाने के प्रयास लगातार जारी हैं. 16 दिनों के बाद भी कोई सफलता नहीं मिल पाई है. आज यानी रविवार को बचाव दल को सुरंग के अंदर एक शव मिला है. शव मशीन में फंसा हुआ है. शव को निकालने के लिए मशीन को काटा जा रहा है. खोजी कुत्तों के बाद अब इस रेस्क्यू ऑपरेशन में रोबोट को तैनात करने का फैसला लिया है. सरकार उन मजदूरों को बाहर निकालने के लिए रोबोट का सहारा लेने का फैसला किया है. 22 फरवरी को सुरंग का एक हिस्सा ढह जाने के बाद से ये आठ लोग अंदर फंसे हुए हैं.केरल पुलिस के शव खोजने वाले विशेष प्रशिक्षित कुत्तों को भी बचाव अभियान में शामिल किया है. इन कैडेवर डॉग्स को विशेष रूप से लापता लोगों और शवों का पता लगाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है.एनडीआरएफ, सेना और अन्य एजेंसियां युद्ध स्तर पर बचाव कार्य में जुटी हैं. टीबीएम से रास्ता बनाने का काम जारी है. 22 फरवरी को सुरंग की छत ढहने के बाद अंदर फंसे आठ श्रमिकों के लिए बचाव अभियान जारी है.

असर्फी कैंसर संस्थान
Any Type, Any Stage
आयुष्मान भारत एवं मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत भी सभी प्रकार के कैंसर का ईलाज
Chemotherapy, Radiotherapy, PET CT SCAN, Brachytherapy, Mammography की सुविधाएं उपलब्ध
9297970030
Asarfi Health Educity,Ranguni Road, Bhuli, Dhanbad-828105

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## नगर उंटारी पुलिस की बड़ी सफलता

# 45 लाख का अवैध विदेशी शराब का जखीरा पुलिस ने पकड़ा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर उंटारी पुलिस ने पाल्हे कला निमियाडीह एनएच 75 स्थित रॉयल किचन रेस्ट्रोरेंट एन्ड ढाबा में खड़े 12 पहिया ट्रक से 45 लाख का विदेशी शराब पकड़ा है। चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त बातें नगर उंटारी थाना में प्रेस वार्ता के दौरान एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह ने कहा। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ था कि उत्तर प्रदेश की ओर से अवैध विदेशी शराब लोड एक ट्रक नगर उंटारी थाना क्षेत्र के पाल्हे निमियाडी में एनएच 75 के किनारे रॉयल किचन रेस्टोरेंट एंड ढाबा पर खड़ी है। उच्च अधिकारियों के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुये अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा पाल्हे निमियाडी स्थित एनएच 75 के किनारे रॉयल किचन रेस्टोरेंट एंड ढाबा पर खड़ी 12 पहिया ट्रक एमपी 65 जिए1620 ढाबा के बाहर खड़ी थी। उस ट्रक के चालक से ट्रक में लोड से संबंधित पूछताछ किया गया। चालक ने ट्रक में प्लास्टिक स्क्रैप लोड होने की बात बताई और प्लास्टिक स्क्रैप से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि पुलिस द्वारा चालक के सामने ट्रक को खोला गया तो धान का भूसी से भरा प्लास्टिक बोरा पाया गया। जिसे हटाने पर उक्त ट्रक में लगभग 45 लाख का अवैध विदेशी शराब पाया गया। सभी शराब के बोतलों पर फॉर सेल इन पंजाब लिखा हुआ था। तब ट्रक के चालक ने बताया कि अवैध विदेशी शराब को संगठित गिरोह के द्वारा जालंधर से पटना होली त्यौहार में सप्लाई के लिये भेजा जा रहा था। पुलिस और सेल्स टैक्स से बचने के लिए गुरुजी नामक व्यक्ति फोन पर लोकेशन देते हुए चल रहा था। उक्त कार्रवाई में राजस्थान के बाड़मेर जिले के दीपला ग्राम निवासी 24 वर्षीय खेता राम को गिरफ्तार किया गया है। एमपी 65 जिए 1620 ट्रक में लोड 750 एमएल इंपीरियल ब्लू 4080 पीस, 340 कार्टून इंपिरियल ब्लू 180 एमएल 11520 पीस,240 कार्टून, मेकडेल नंबर 1 ओरिजिनल ब्लेंडेड व्हिस्की 375एमएल 2640 पीस 110 कार्टून, ओरिजिनल ब्लेंडेड डीलक्स व्हिस्की ओरिजिनल 375 एमएल 600 पीस 25 कार्टून, प्लास्टिक स्क्रैप से संबंधित फर्जी दस्तावेज, दो एंड्राइड मोबाइल, प्लास्टिक के बोरे में भरा 30 बोरा धान की भूसी बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि ट्रक सहित अवैध शराब को जप्त कर लिया गया है। छापामारी दल में एसडीपीओ सतेंद्र नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, नगर ऊंटारी थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पुअनि जितेंद्र कुमार, सुंदर सोरेन, रंजन कुमार साह, अनुज कुमार सिंह, संजय पासवान, आरक्षी कौशल कुमार द्विवेदी, सहायक आरक्षी प्रमोद चौधरी, अनिल कुमार राजा, सोनू यादव सहित पुलिस बल शामिल थे।

## महिला दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद प्रखंड के देवरी खुर्द पंचायत सचिवालय परिसर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि एसडीएम गौरांग महतो, विशिष्ट अतिथि एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, पंचायत की मुखिया ममता देवी आदि ने संयुक्त रूप से देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले, रमाबाई अम्बेडकर, झांसी की रानी, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी व फूलन देवी के चित्र पर दीपप्रज्वलित व पुष्पर्पित कर किया गया।संचालन अजित ओझा ने किया।मौके पर एसडीएम श्री महतो ने कहा कि मुझे इस गांव पंचायत में महिलाओं की उपस्थिति यह बताने के लिए काफी हैं कि इस पंचायत की महिला जागरूक हैं और सबसे बड़ी बात हैं मुखिया, उप मुखिया, पंचायत सचिव वार्ड मेम्बर सभी महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के अधिकारों की स्वतंत्रता देना हम सब मर्दो काम हैं बिना उनके जागरूकता के पंचायत का विकास सम्भव नही हैं। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस आप महिलाओं की सुरक्षा के लिए हमेशा तत्पर है। हुसैनाबाद पुलिस इसके लिए कटिबद्ध हैं। मुखिया ममता देवी ने कहा कि समाज मे आज भी कुछ गलत मानसिकता के लोग रहते हैं जो नारियों को कमजोर और बेवस समझते है ,लेकिन देश व समाज की इतिहास आदि अनादि कालो से देखा जाए तो रामयण महाभारत या स्वतंत्रता संग्राम, सामाजिक आजादी या फिर राजनीतिक क्षेत्र समेत हर क्षेत्रों में महिलाओं ने अपनी कौशल व वीरता का लोहा मनवाया हैं। इसलिए नारियों को कमजोर समझने का समय नही हैं हम कल के नही आज के नारी हैं। मौके पर पंचायत सचिव परमहँस कुमारी, उपेन्द्र मेहता, सतेंद्र मेहता, धर्मशीला देवी, बबिता देवी, गीता शर्मा, सुमन कुमारी, प्रतिमा देवी, रुबी देवी, ललिता देवी आदि हजारों की संख्या में महिलाओं की उपस्थिति थी। कार्यक्रम में नाटक मंचन के बेहतर प्रस्तूति को अधिकारियों ने सराहा। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने भ्रूण हत्या, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, महिला शिक्षा क्यो जरूरी हैं, डायन बिसाही व भूत प्रेत समेत घरेलू हिंसा से आज गाँव के लोग कैसे पीड़ित हैं एवं उनके प्रति नजरिया में समाज को बदलाव लाने हेतु एक से बढ़ कर एक नाटक व गीत संगीत की प्रस्तूति दी।

# होली त्यौहार को लेकर पाटन थाना परिसर में शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** दिन रविवार को आगामी होली त्यौहार को लेकर पाटन थाना परिसर में पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति का बैठक किया गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रमुख शोभा देवी, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, मुखिया संघ के जिला उपाध्यक्ष रणजीत सिंह उर्फ पप्पू सिंह, एसआई आनंद कुमार राम, केल्हार मुखिया जैनुल सिद्दीकी उपस्थित थे। इस बैठक में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित थे। बैठक में पुलिस निरीक्षक के द्वारा बताया गया की शांति व्यवस्था ढंग से होली का त्योहार मनाए। यह आपसी भाईचारा का त्यौहार है। होली में हुड दंग करने वाले पर पाटन पुलिस की विशेष नजर रहेगी। पुलिस की पेट्रोलिंग गस्ती रहेगी। इंस्पेक्टर ने कहा कि इस त्यौहार में पब्लिक के बीच जनप्रतिनिधि भी विशेष ख्याल रखेंगे। पुलिस की शराबियों पर बेखौफ नजर रहेगी। बैठक में मौजूद ऐ एसाई संतोष कुमार, ऐ एसाई मिथुन कुमार, ऐ साई प्रभात किरण, पूर्व मुखिया शिव शंकर प्रसाद, मुखिया प्रतिनिधि इंदल महतो, समाजसेवी शक्ति शंकर गुप्ता, नारद यादव, गौतम सिंह, मुकेश चौबे, आजाद पाण्डेय, समेत चौकीदार और ग्रामीण उपस्थित हुए थे।

# अवैध शराब के खिलाफ चलाया गया छापामारी अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** होली पर्व को लेकर पलामू एसपी रिष्मा रमेशन के निर्देश पर शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार और टिओपी 2 प्रभारी अनिल कुमार सिंह के नेतृत्व में रविवार को अवैध शराब के खिलाफ शहर के विभिन्न जगहों पर छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी अभियान के दौरान शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने शहर में जहां जहा शराब बेचने की सूचना मिली वह वहां पर पहुंचकर लोगों को समझाया और कहा की अवैध शराब का धंधा करना गैरकानूनी है। यदि लोग अवैध शराब बेचते हुए पकड़े जाते हैं तो कानूनी प्रक्रिया के तहत उन्हें जेल भेजा जाएगा। उन्होंने कहा की इस बार होली शुक्रवार को मनाई जाएगी। वहीं रमजान का महीना चलने से शुक्रवार को जुम्मे की नमाज भी अदा की जाएगी। इस दिन शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पुलिस ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि होली के त्योहार में हुड़दंग करने वालों से पुलिस सख्ती से निबटेगी। साथ ही शराब पीकर दूसरों को परेशान करने के साथ डीजे बजाने व अश्लील गाने बजाने वालों पर भी पुलिस की नजर रहेगी। छापामारी अभियान में टाइगर मोबाइल के जवान राजेश चंद्रवंशी, मुकेश सिंह, नंदलाल पटेल, सूर्यनाथ सिंह, मिथिलेश कुमार सहित अन्य पुलिस के जवान मौजूद थे।

## 10 वर्षीय नईम अहमद ने रखा रोजा



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रमज़ान के पाक-पवित्र महीने में रोज़े रखने का महत्व हर मुस्लिम जानता है, लेकिन जब कोई बच्चा छोटी उम्र में ही इस पाक इबादत को पूरी श्रद्धा के साथ निभाने लगे, तो यह समाज के लिए प्रेरणा बन जाता है। कुछ ऐसा ही उदाहरण पेश किया है 10 वर्षीय नईम अहमद ने, जिसने इस साल भी रोजा रखकर अपनी आस्था और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है। नईम के पिता मौलाना मोहम्मद नसीम अहमद ने गर्व से बताया कि, मेरा बेटा पिछले साल से ही रोजे रख रहा है और इस साल भी पूरे उत्साह के साथ इस पाक फर्ज को निभा रहा है।÷ उन्होंने कहा कि यह देखना बहुत भावुक कर देने वाला होता है जब इतनी छोटी उम्र में बच्चे खुद अपनी इच्छा से इबादत के रास्ते पर चलते हैं। उसके परिवार वाले उसकी हौसला-अफजाई करते हैं और सेहरी-अफ्तारी में खास ख्याल रखते हैं ताकि वह स्वस्थ रहते हुए अपने इबादत को पूरा कर सके। मौलाना मोहम्मद नसीम अहमद ने कहा कि बच्चों को अगर शुरू से ही धर्म और इबादत का महत्व बताया जाए, तो वे बड़े होकर भी इस राह पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि नईम की यह लगन आने वाले वर्षों में उसे और मजबूत बनाएगी। नईम अहमद ने साबित कर दिया कि सच्ची आस्था और लगन उम्र की मोहताज नहीं होती। उसकी यह धार्मिक निष्ठा न केवल उसके परिवार बल्कि पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। रमज़ान के इस पवित्र महीने में नईम जैसे नन्हे रोजेदारों की यह भावना इस्लामिक परंपराओं की खूबसूरती को दर्शाती है।

## पूर्व सांसद रामदेव राम के बेटे अनिल राम का निधन



**मेदिनीनगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व पलामू जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद रामदेव राम के सुपुत्र अनिल राम का निधन हो गया। वह 60 वर्ष के थे। श्री राम अपने पीछे पत्नी एवं दो पुत्र छोड़कर इस दुनिया से विदा हो गए। पिछले कुछ दिनों से उनका स्वास्थ्य ठीक नहीं रह रहा था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से लेकर भाजपा तक के सफर में उन्होंने विभिन्न दायित्वो का निर्वहन भी किया और एक कर्तव्यनिष्ठ कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते रहे हैं। श्री राम के निधन से भाजपा परिवार मर्माहत है। उनके निधन की खबर सुनते ही अंतिम दर्शन श्रद्धांजलि एवं शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए शाहपुर स्थित उनके आवास पर भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं लगातार जाना-आना लगा रहा। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा ने कहा कि स्वर्गीय अनिल राम सरल एवं मृदु स्वभाव के व्यक्ति थे। उन्होंने हमेशा पार्टी एवं समाज की सेवा की। पलामू भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि स्वर्गीय अनिल राम अपने पूरे राजनीतिक जीवन में छल कपट से दूर रहकर गरीब असहाय को मदद पहुंचने का अर्थक प्रयास किया है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में श्याम नारायण दुबे, मनोज सिंह, प्रेम सिंह, विपिन बिहारी सिंह, अमलेश्वर दुबे, अरुणा शंकर, विभाकर नारायण पांडे, शिवकुमार मिश्रा, विजय ओझा, परमानंद चौबे, उदय शुक्ला सहित अन्य कार्यकर्ता भी शामिल थे।

## गुरी ग्राम मे यज्ञ कार्यक्रम रामवृक्ष मिश्रा मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा होगी संचालित

**विश्रामपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिले के विश्रामपुर प्रखंड स्थित गुरी ग्राम में ज्ञान महायज्ञ की तैयारी चल रही है, यह यज्ञ कार्यक्रम सात दिवसी चलेगी इस यज्ञ की कलश शोभा यात्रा 18/3/2025 दिन मंगलवार को 9:00 बजे सुनिश्चित की गई है।

## ढाई सौ छात्राओं के बीच किया गया साइकिल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय सगमा में छात्राओं के बीच ढाई सौ साइकिल का वितरण प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी रवि रंजन कुमार के द्वारा किया गया। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे पर आया मुस्कान देखते ही बनती थी ।झारखंड सरकार के अति महत्वाकांक्षी योजना में सुमार विद्यार्थियों को साइकिल वितरण किया जाता है। इस योजना के तहत सगमा प्रखण्ड कार्यालय परिसर में प्रखण्ड क्षेत्र के सगमा, कटहर, सोनडीहा, शारदा, बीरबल स्थित मध्यविद्याल के छात्र छात्राओं के बीच प्रखण्ड के प्रभारी कल्याण पदाधिकारी रविरंजन कुमार के द्वारा ढाई सौ साइकिल का वितरण किया। प्रखण्ड कार्यालय से निकलने के बाद साइकिल सवार विद्यार्थियों ने सरपट भाग रहे थे। कुछ विद्यार्थी तो बार बार साइकिल निहार रहे थे। हाथो में साइकिल लेकर कोई आगे तो कोई पीछे की ओर देखते नजर आ रहे थे। इस मौके पर संबंधित विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित थे।

## जेएसएलपीएस के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** जेएसएलपीएस के तत्वाधान में पुरैनी ग्राम स्थित पंचायत भवन में शनिवार को विलासपुर कलस्टर के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि हुलहुला खुर्द पंचायत की मुखिया सुशीला देवी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बार एसआरपी वाजदा खातून व उनके सहयोगियों ने स्वागत गान प्रस्तुत किया तथा मुख्य अतिथि को गुलदस्ता देकर स्वागत किया। कलस्टर की महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि मुखिया सुशीला देवी ने उपस्थित महिलाओं को महिला सशक्तिकरण तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिये विभिन्न योजनाओं की जानकारी दिया। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। मौके पर अध्यक्ष सीमा चौबे, सचिव विमलेश देवी, सीसी राजकुमार राम, मनोज कुमार, आईपी आरपी जाबिर हुसैन, जे आर पी पिंकी देवी, सबिता देवी, बैंक सखी चंचला देवी, प्रीति देवी, परी देवी, पूजा देवी, सुलेखा देवी, पूनम देवी, रिंकू देवी, खुशबू देवी, कंचन देवी, रीना देवी, शशिप्रभा, प्रतिमा देवी सहित महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

## महिला दिवस पर पांच होनहार बालिकाओं को जायंट्स ने किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर पांच प्रतिभावान बालिकाओं को सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में चित्रकारी के लिए सिमरन सोनी, राष्ट्रीय क्रिकेट में अपनी उपस्थिति दर्ज करने के लिए शांभवी कुमारी और सुहाना पांडेय को, राष्ट्रीय टेबुल टेनिस के लिए आयुषी कुमारी पांडेय एवं अंजलि कुमारी दुबे के नाम शामिल हैं। स्थानीय ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में जायंट्स सहेली अध्यक्ष सुनीता केशरी समेंत माला केशरी, रश्मि कमलापुरी, सीमा केशरी, लता कुमार, सुषमा केशरी, रंजना जायसवाल, रितू जयसवाल, संगीता गुप्ता, वर्षा अग्रवाल, संध्या केशरी, अंजू केशरी, विमला केशरी, रीना सोनी, प्रीति सोनी आदि उपस्थित थे।

## रॉक स्टार कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 का हुआ फाइनल मुकाबला

### शामिल हुए बतौर मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम-पंचायत बलीगढ़ में आयोजित रॉक स्टार युवा क्लब सीजन 2 कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बड़े ही हर्षोल्लास और रोमांचक माहौल में संपन्न हुआ। इस टूर्नामेंट के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव शामिल हुए और खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रेरित किया। मुख्य अतिथि विधायक अनंत प्रताप देव ने अपने संबोधन में कहा कि खेल हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो न केवल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बनाता है बल्कि टीम भावना और अनुशासन भी सिखाता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे आयोजनों से नई प्रतिभाओं को उभरने का मौका मिलता है। उन्होंने स्थानीय खिलाड़ियों की सराहना करते हुए कहा कि सरकार खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उक्त फाइनल मुकाबला गम्हरिया बनाम भोजपुर टिम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए भोजपुर की टीम ने निर्धारित 12 ओवर में 99 रन का लक्ष्य गम्हरिया टीम को दिया। जवाबी पारी खेलते हुए गम्हरिया की टीम ने 73 रन पर ही आल आउट हो गई और टूर्नामेंट का फाइनल खिताब भोजपुर टिम ने अपने नाम किया। हालांकि मुकाबले में दोनों टीमों ने जबरदस्त प्रदर्शन किया। इस दौरान दर्शकों की भीड़ ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। फाइनल मुकाबले के बाद विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। विजेता टीम को ट्रॉफी एवं 11000 रुपए नकद राशि दी गई, वहीं उपविजेता टीम को ट्रॉफी के साथ 7100 सौ रुपए देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा, मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज जैसे व्यक्तिगत पुरस्कार भी खिलाड़ियों को प्रदान किए गए। टूर्नामेंट के आयोजकों ने विधायक अनंत प्रताप देव का आभार व्यक्त किया। साथ ही विधायक एवं आए हुए अतिथियों को फूल माला के साथ अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कामेश्वर सिंह युवा प्रखंड अध्यक्ष छोटन कुमार सिंह अमरनाथ पांडे सुरेश साह बिंदु राम श्री राम सिहं दिनेश वर्मा आनंद गुप्ता अंगद गुप्ता जयंत विश्वकर्मा सुशील यादव मनीष कुमार गुप्ता भोला सिंह राजू रजक सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बीडीओ ने स्वीपर महिला को किया सम्मानित




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाटन :** अन्तर्राष्टीय महिला दिवस पर प्रखण्ड परिसर स्थित मेहनत की मैदान में महिला सम्मान समारोह सह उनके सम्मान में उपस्थित लोगों के बीच होली मिलन सम्मान समारोह का आयोजन किया है। बीडीओ अमित झा की पहल पर पहली बार प्रखण्ड परिसर में इस तरह की आयोजन गौर तारीफ की बन गई है। बीडीओ अमित झा ने महिला प्रखण्ड स्वीपर कर्मी मुनिया डोमिन को अंतराष्टीय महिला दिवस पर मिठाई पॉकेट सहित फलदार पौधा मंच में बुलाकर देते हुए सम्मानित किया। मौके पर प्रखण्ड कार्यालय एवं सीडीपीओ कार्यालय में कार्यरत महिला सुपरवाइजर, पँचायत सेविका आदि को सम्मानित किया गया। महिला सम्मान समारोह के उपरांत होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह में लोगो गुलाल अबीर लगाकर एक दूसरे की शुभकामनाएं दिया। अंतराष्टीय महिला दिवस पर महिलाओ को सम्मानित करते हुये बीडीओ अमित झा ने महिला दिवस पर कहा की प्रत्येक ब्यक्ति की हर सफलता की पीछे एक नारी की ताकत होती है।महिला दिवस की उपलब्धियों एवं योगदान की चर्चा करते हुए कहा की एक्सेलरेटेड एक्शन थीम 2025 के साथ महिला दिवस मनाया जा रहा है। महिला तीब्र गति बढ़े। महिला नमन, सम्मान, एवं शक्ति पहचान है इनकी हौसले की उड़ान को दुनिया में ऐतिहासिक अध्याय बनाई है। सम्मान समारोह के दौरान मंच पर होली मिलन समारोह में आकाशवाणी / दूरदर्शन के तबलावादक शिशिर शुक्ला, ब्यास शिव कुमार चौधरी, ब्यास नागेंद्र सिंह, चन्दन विश्वकर्मा, की टीम कलाकारों द्वारा होली / फगुवा गीत प्रस्तुत की गई। मौके पर जीप सदस्य संग्राम सिंह, प्रमुख शोभा देवी, मुखिया संघ सरक्षक राकेश दुबे, पूर्व मुखिया टीपी मेहता, नवडीहा मुखिया रणजीत सिंह, केल्हार के जैनुअल सिद्दीकी, सेमरी के पूर्व मुखिया शिवशंकर प्रसाद, 20 सूत्री प्रखण्ड अध्यक्ष रामानन्द पाण्डेय, कसवाखाड़ मुखिया प्रतिनिधि हरेन्द्र सिंह चेरो, बीपीआरओ अहमद हुसैन, आदि उपस्थित थे, मंच संचालन पूर्व पँचायत सचिव बिनय शर्मा ने किया।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

# हथियार के साथ दो युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** सदर थाना क्षेत्र के नारायण टेन्ट हाउस के पीछे, ग्राम केंदल स्थित एक मकान में कुछ लडकें हथियार एंव गोली के साथ किसी अपराधिक घटना की योजना बना रहे है।

इस संबध में वरीय पुलिस पदाधिकारी को सूचित करते हुए एक टीम गठित किया गया तथा गश्ती दल के साथ उपरोक्त मकान को चारों ओर से घेरकर विधिवत छापामारी किया गया , जिसमें उक्त मकान के कमरे से अमरेश कुमार सिंह, गौतम कुमार ठाकुर को गिरफ्तार किया गया। जिसमें इनलोगों के पास से एक देशी कट्टा तथा एक जिन्दा गोली बरामद किया गया है। जिसे विधिवत जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया है। उक्त दोनों पकडे गये अपराधकर्मी पूर्व में भी बर्ष-2021 में बीआईटी मेसरा ओपी से ही बिजली की तार चोरी करने के आरोप में जेल जा चुका है। उक्त दोनो अपराधकर्मियों के द्वारा दि0-28/02/2025 को बी0आई0टी0 मेसरा कॉलेज कैम्पस में एक छात्रा के साथ विवाद करने तथा मना करने पर देशी कट्टा निकाल कर डराया गया था एंव दि0-03/03/2025 को बी0आई0टी0 मेसरा कॉलेज संस्थान कैम्पस के अन्दर अमरेश कुमार सिंह के द्वारा अपनी पैशन प्रो बाईक से तेजी एंव लापरवाही से गाडी चलाकर बी0आई0टी0 कॉलेज के कर्मी सुरेश महतो को धक्का मारकर घायल कर दिया गया था। इन दोनो घटना में बी0आई0टी0 मेसरा संस्थान के कुल सचिव सुदीप दास के द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। किसी बडी घटना का अंजाम देने के फिराक में था जिसे ससमय पकड लिया गया है ।



छापेमारी टीम में पुलिस उपाधीक्षक सदर, राँची संजीव बेसरा, कुलदीप कुमार पुनि सह थाना प्रभारी सदर, राँची, संजीव कुमार-01, ओपी प्रभारी मेसरा ओपी राँची,बंसत कुमार - पुअनि मेसरा ओपी, रॉची, अजय कुमार-सआनि मेसरा ओपी, राँची, भीम सिंह-सअनि खादगढ़ा टीओपी रॉची, हवलदार-730 सुखदेव प्रसाद मंडल, मेसरा ओपी, राँची। आरक्षीः1167 अगस्टीन बाडा, मेसरा ओपी, राँची, आरक्षीः-3141 शत्रुघ्न कुमार, मेसरा ओपी, रांची।गृहरक्षक 18353 भरत कुमार महतो. मेसरा ओपी रांची।

# अफीम और एक देशी पिस्टल के साथ तीन युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** सिटी डीएसपी के वी रमन ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि पुलिस उप महानिरीक्षक सह वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा द्वारा सूचना दी गई थी, इसी सूचना पर हमलोगों ने एक टीम के गठन किये थे , सूचना मिली थी कि लोअर बाजार थाना क्षेत्र के बिरसा मुंडा बस टर्मिनल के पास तीन युवक जो संदिग्ध अवस्था में है , इस सूचना का सत्यापन के लिए लोअर बाजार थाना और खाद गढ़ा टीओपी पुलिस के सहयोग से घटना स्थल पर पहुंचे और सत्यापन के लिए तीनों युवकों को हिरासत में लिया गया और पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में पता चला की तीनों युवक नशे के कारोबारी है, और इसके पास से हथियार भी बरामद किया गया। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान मोहन लोहार जो खूंटी जिला के रायडा थाना अंतर्गत बुंडू का रहने वाला है, वहीं कुवंर मुंडा खरसी दाग ओपी का रहने वाला है और तीसरा बिरसा मुंडा खूंटी शीला दोन थाना खरसीदा का रहने वाला है। बिरसा मुंडा वर्तमान में अपने ससुराल सिलादोन खरसीदग यूपी में रह रहा था, हालांकि मूल रूप से वह खूंटी का रहने वाला है। पुलिस ने तलाशी की तो इन लोगों के पास से 550 ग्राम अफीम, एक देशी पिस्तौल ,8 एम एम का तीन जिंदा गोली और तीन मोबाइल बरामद किया गया । पूछताछ में पता चला की चतरा से अफीम लेकर रांची आया था और खादगढ़ा बस के पास घूम रहा था । पुलिस यह जानकारी हासिल कर रही है की चतरा से किनके पास से ये अफीम खरीदा था और अफीम रांची में कहां पर खपाने की तैयारी थी, यह पूरी प्रक्रिया पर पुलिस अपने स्तर से छानबीन कर रही है। इस पूरे अभियान में लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार, खादगढ़ा ओपी लोअर बाजार पुलिस अवर निरीक्षक दिवाकर कुमार , सहायक अवर निरीक्षिक भीम सिंह, साथ ही नवीन कुमार , गौतम कुमार, सलीम अंसारी टाइगर मोबाइल 37 आदि पुलिस कर्मीगण शामिल थे।



## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा विधायक दल के नेता चुने जाने पर बाबूलाल मरांडी कों युवा नेता नमन भारतीय ने दी बधाई

**रांची :** भाजपा नेता और झारखण्ड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी कों विधायक दल का नेता बनने पर भाजपा युवा नेता नमन भारतीय ने हर्ष व्यक्त किया है।भाजपा युवा नेता नमन भारतीय ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि बाबूलाल मरांडी का अनुभव और नेतृत्व झमता झारखण्ड में भाजपा कों और मजबूत बनाएगी।कहा कि उनके नेतृत्व में भाजपा जनहित के मुझो को प्रभावी ढंग से उठाएगी और झारखण्ड के विकास को नई दिशा देगी। बाबूलाल मरांडी को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा के बाद पुरे राज्य में भाजपा कार्यकर्त्ताओं में उत्साह देखा गया।भाजपा ने संकेत दें दिया है कि मजबूत विपक्ष की भूमिका निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### झारखंड का बढ़ने लगा तापमान, मार्च में ही मई जैसी पड़ेगी गर्मी

**रांची :** राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में तापमान में इजाफा होने लगा है। पिछले एक ही दिन में तापमान में दो डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई। मार्च माह के अंत तक रांची में अधिकतम तापमान के लगभग 40 डिग्री के आसपास पहुंचने की आशंका है। मार्च में ही मैं जैसी गर्मी पड़ने की संभावना व्यक्त की गई है। इस सम्बंध में मौसम विभाग ने भी पूर्व में ही अलर्ट किया है। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला 35.7 डिग्री और सबसे कम तापमान खूंटी में 9.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रविवार को रांची में अधिकतम तापमान 30.1डिग्री, जमशेदपुर में 34.1, डालटेनगंज में 34.9, बोकारो में 35.1 और चाईबासा में अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# भारतीय टीम की जीत के लिए रांची के पहाड़ी मंदिर में हवन-यज्ञ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के लिए रविवार को रांची के पहाड़ी मंदिर में श्री शिव बारात आयोजन महासमिति की ओर से हवन और महायज्ञ किया गया।

समिति के अध्यक्ष राजेश साहू और प्रवक्ता बादल सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों क्रिकेट प्रेमी और मंदिर के पुजारियों ने हवन-पूजन कर भारत की विजय की कामना की। महायज्ञ के दौरान पहाड़ी बाबा से प्रार्थना की गई कि भारतीय टीम फाइनल में न्यूजीलैंड को हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज करे।

राजेश साहू ने कहा कि भारत की जीत पूरे विश्व में देश का मान बढ़ाएगी। वहीं, प्रवक्ता बादल सिंह ने विश्वास जताया कि करोड़ों देशवासियों की दुआ भारतीय टीम के साथ है और पहाड़ी बाबा का आशीर्वाद खिलाड़ियों को प्राप्त होगा। इस हवन में मुख्य रूप से पुजारी मनोज बाबा, चिक्कू बाबा, राम सिंह, मेहुल प्रसाद, स्वपना चटर्जी, सुनील गुप्ता और शशिकांत मिश्रा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# समिति के होली मिलन कार्यक्रम में झुमाया कलाकारों ने

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची में बाबा विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में रविवार को धूमधाम से होली मिलन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में रांची नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर और लोक जन विकास मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भुनेश्वर लोहरा ने कार्यक्रम का उदघाटन किया। साथ ही सभी कलाकार और अतिथियों को अंगवस्त्र तथा मिथिला पाग पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कलाकार मुकेश झा, आशु झा, अश्वनी आनंद और गौरीशंकर झा ने कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को अपनी प्रस्तुती से झुमा दिया। मौके पर सभी के लिए भांग, ठंडई, मालपुआ, फ्राई चूड़ा, फ्राई मछ्ली से सभी लोगों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में ज्ञानदेव झा ने पहुंचे सभी को होली की बधाई दी। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष जयन्त झा, ज्ञानदेव झा, आशु झा, मृत्युंजय झा, मुकेश झा शास्त्री, पवन झा, किशोर झा मालवीय, श्याम किशोर चौबे, मनोज झा वैद्यजी, राजेश झा, रंजीत लाल, विश्व मोहन झा, सुजीत झा और भावेश मिश्रा सहित अन्य शामिल हुए।




# 5 पूरुष और 5 महिला बॉक्सरों का राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची ।** सरायकेला खरसांवां में आयोजित 18 वां राज्यस्तरीय यूथ पूरुष एवं महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता 21से 23 मार्च 2025 को देखते हुए रांची जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन ने दिनांक 09 मार्च 2025 को चयन शिविर का आयोजन स्थानीय बॉक्सिंग हॉल खेलगांव रांची में रांची जिला के मान्यता प्राप्त क्लब के बॉक्सिंग खिलाड़ियों का चयन रखा गया जिसमें 5 महिला एवं 5 पुरुष बॉक्सरों का चयन हुआ जो इस प्रकार है।युवा पुरुष बॉक्सरों में 47 से 50 किलो ग्रा. में संतोष महतो 50 से 55 किलो ग्रा. में अमित कुमार,55 से 60 किलो ग्रा. में महफूज अंसारी 60 से 65 किलो ग्रा. में राहुल बैठा 65 से 70 किलो ग्रा. में संदीप गोप का चयन हुआ। वहीं महिला युवा बॉक्सरों में 48 किलो ग्रा में जसिका खेस 51 किलो ग्रा. में नीता रोज तिग्गा 55 किलो ग्रा में स्मृति महता होरो 57 कि ग्रा में लीलावती कुमारी 60 कि ग्रा में रितिका कुमारी का चयन हुआ। पुरुष टीम कोच जेएसएसपीएस कोच बी बी मोहंती एवं महिला टीम कोच अंतर्राष्ट्रीय बॉक्सर अमीषा केरकेट्टा को बनाया गया।इस शिविर में रांची जिला अध्यक्ष विनय सिन्हा दीपू सचिव अजय मुकूल टोप्पो, कोषाध्यक्ष गुलाम जावेद जेएसएसपीएस कोच बीबी मोहंती, आर जे के रूप मे सचिन कुमार, बी बी मोहंती विमल आनंद नाग,सहित कमल किशोर कच्छप,प्रमोद कुमार, सिंटू कुमार,सोनू रजक सहित सभी मान्यता प्राप्त क्लब के प्रशिक्षक एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अपने ही फैसले को धत्ता बता रहा शिक्षा विभाग : डॉ अटल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के पूर्व सीनेट सह सिंडिकेट सदस्य डॉ अटल पांडेय ने उच्च शिक्षा विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा विभाग ने सात दिसंबर 2022 को उच्च शिक्षा निदेशालय के लिए उप निदेशक, उच्च शिक्षा, झारखंड के पद के लिए विज्ञापन जारी किया था जिसमें स्पष्ट था कि उप निदेशक जिनका ग्रेड पे सात हजार हो वही इस पद के लिए उपयुक्त होंगे, लेकिन उच्च शिक्षा निदेशालय ने अपने ही विज्ञापन को धत्ता बताते हुए छह हजार ग्रेड पे वाले प्राध्यापकों की नियुक्ति उप निदेशक, उच्च शिक्षा के पद पर कर ली। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षा सचिव और निदेशक ने गोलमाल कर ऐसे अयोग्य लोगों को उच्च शिक्षा विभाग में उप निदेशक के पद पर भर लिया जिसका नुकसान पूरा झारखंड उठा रहा है।

डॉ पांडेय ने रविवार को कहा कि उच्च शिक्षा विभाग की हालत यह है कि पूरे राज्य से सैकड़ों केस उच्च शिक्षा विभाग पर दर्ज हुए हैं। इससे सरकार को केस लड़ने के लिए अतिरिक्त शक्ति लगानी पड़ रही है और राज्य की जनता के राजस्व का नुक़सान हो रहा है। हाई कोर्ट बार-बार इन लोगों को फटकार लगा रहा है।

इसके बावजूद ये लोग सुधरने का नाम नहीं ले रहें हैं। इस राज्य के हजारों शिक्षक और कर्मचारी उच्च शिक्षा विभाग की कार्यशैली से दुखी और निराश हैं। उन्होंने कहा कि वे इस मामले से राज्यपाल और मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे और इस रैकेट के भंडाफोड़ के लिए सीबीआई या उच्च स्तरीय जांच की मांग करेंगे।

# एक्का वर्ल्ड में बलम पिचकारी में होली के रंग में झूमे रांची के युवा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** एक्का वर्ल्ड में आज होली के पूर्व होली की थीम पर आधारित एक विशेष कार्यक्रम बलम पिचकारी का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में रांची के युवाओं और परिवार वालों ने इसमें हिस्सा लिया। रविवार का दिन पूरे तरीके से मस्ती और उमंग के नाम रहा। डीजे उदय ने अपने होली की थीम के गानों, नए,रीमिक्स और डांस नंबरों पर लोगों को झूमा कर रखा।इस अवसर पर इको फ्रेंडली रंगों की भी व्यवस्था की गई थी। पूरा एक्का वर्ल्ड परिसर रंग,अबीर और गुलाल से भर गया था।लोगों की मस्ती के लिए रंगीन पानी से भरा एक कलर पूल भी तैयार रखा गया था।लोगों ने न सिर्फ इसमें खुद डुबकी लगाई, बल्कि पकड़ - पकड़ कर अपने मित्रों को भी इसमें डुबाया।इस अवसर पर ठंडई पीने और दही बड़ा खाने की प्रतियोगिता का भी आयोजन भी किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। पूरे कार्यक्रम में लोगों ने जमकर मस्ती की। कार्यक्रम को सफल बनाने में एक्का वर्ल्ड के चेयरमैन प्रतुल शाह देव, को चेयरपर्सन डॉक्टर विद्या झा,निदेशक लोकेश चौधरी, कार्यक्रम संयोजक सौरव,आनंद, प्रद्दुम,साहिल,अंजलि, आदि का योगदान रहा।



# श्याम संघ की 10 को निकलेगी निशान शोभायात्रा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** श्री श्याम संघ की ओर से सोमवार को अपर बाजार स्थित स्थानीय श्री राधा वल्लव मंदिर में श्री श्याम फाल्गुन उत्सव मनाया जाएगा। एकादशी के शुभ अवसर पर 351 श्याम भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक आशीष अग्रवाल रविवार को बताया की सुबह में गणेश पूजा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा । निशान पूजा के मुख्य यजमान संजीव विजयवर्गीय अपने परिवार के साथ निशान पूजन करेंगे । इसके बाद श्याम भक्त रंग बिरंगे निशान के साथ भव्य शोभायात्रा निकालेंगे। निशान शोभायात्रा अपर बाजार श्री राधा वल्लव मंदिर से जेजे रोड़, शहीद चौक, कुंजलाल स्ट्रीट,दत्ता ब्रदर्स, ईस्ट मार्केट रोड़, लोहिया चौक, कार्ट सराय रोड, बंशीधर अडुकिया रोड होते हुए अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर पहुंचेगी। वहां भक्त बाबा श्याम को पवित्र निशान अर्पित करेंगे। शोभायात्रा में श्याम भक्त पारंपरिक और राजस्थानी पोशाक में रहेंगे । वहीं रात्रि से मंदिर परिसर में फाल्गुन रसिया मनाया जाएगा जहां भक्त खाटू के तोरण द्वार का दर्शन करेंगे । रात सात बजे से श्री राधा वल्लभ मंदिर में बाबा श्याम का भव्य श्रृंगार, नयनाभिराम झांकी,अखंड ज्योत, सवामनी, महाप्रसाद एवं फूलों की होली का आयोजन किया जाएगा । मुख्य यजमान रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के महामंत्री विनोद जैन अपने परिवार के साथ बाबा श्याम का अखंड ज्योत प्रज्वलित करेंगे ।कोलकाता की भजन गायिका प्रिया पोद्दार के सुमधुर भजनों पर श्याम प्रेमी गोता लगाएंगे ।

# संत रविदास कल्याण समिति एवं संत रविदास महिला समिति के तत्वावधान में महिला दिवस मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** रविवार को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संत रविदास कल्याण समिति एवं संत रविदास महिला समिति के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया । जिसमें हमारे मुहल्ले के सभी महिलाएं एवं पंचायत के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिसमें मुख्य रूप से हमारे चौधरी टिंकू राम ,उप चौधरी रंजीत राम, सचिव संतोष राम, संरक्षक शिवनारायण राम ,कोषाध्यक्ष श्याम कृष्ण राम, उप चौधरी मोहन राम, और मुन्नाराम सूचना अधिकारी एवं महिला समिति के माननीय अध्यक्ष भानु देवी, शिवानी देवी, अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष के रूप में रीना देवी, रानी देवी, लक्ष्मी देवी ,बीना देवी एवं कोषाध्यक्ष कुसुम देवी, माधुरी देवी, लक्ष्मी देवी तथा सचिव सुधन देवी ,शकुंतला देवी ,प्रमिला देवी , संगठन सचिव पूनम देवी, रंजू देवी ,मीडिया प्रभारी उर्मिला देवी ,प्रतिभा देवी एवं सूचना अधिकारी के रूप में महिलाओं का रुक्मिणी देवी, बुधनी देवी, मुख्य रूप से इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। जिस पर सभी महिलाओं को पंचायत के पदाधिकारी द्वारा फूल माला से सम्मानित किया गया। फूलों की वर्षा की गई एवं अभिवादन किया गया।

इस संगठन को समाज के हित के लिए प्रेरित करके विकास के काम को करेंगे, इस कार्यक्रम को संचालित शीशा संस्थान के नॉर्थ इंडिया के मैनेजर स्वाति मालाकार ,नैना कुमारी, पूनम नाग ,काजल कुमारी ,पायल कुमारी मोहित का एवं अमन कुमार ,इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।



# विदेश में बैठकर झारखंड में अपराधिक गिरोह चला रहे अपराधियों पर नकेल कसे राज्य सरकार : प्रतुल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने विधि व्यवस्था की गिरती स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए राज्य सरकार से मांग की है कि वह विदेश में बैठकर झारखंड में आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे अपराधियों पर नकेल कसे। हाल के दिन में झारखंड के 6 - 7 जिले, जहां कोयला का प्रोडक्शन और ट्रांसपोर्टेशन होता है,वहां अपराधिक घटनाओं में लगातार वृद्धि हुई है।लेवी और एक्सटॉर्शन के चलते विदेश में बैठे अपराधी झारखंड में अपने गुर्गो से घटनाओं को अंजाम देकर दहशत पैदा करते हैं। हजारीबाग में 2 वर्ष पूर्व भी कोयला से जुड़ी एक कंपनी के जी एम की हत्या कर दी गई थी।अब एनटीपीसी के डीजीएम की हत्या हुई। रांची के भीड़ भाड़ वाले इलाके में कोयला व्यापारी पर हमला होता है। उसके अतिरिक्त अपराधी अलग जिलों में कोयला साइडिंग पर लगातार गोली चला कर दहशत फैला रहे हैं। प्रतुल ने कहा आज के दिन में संगठित अपराध पुलिस के लिए झारखंड में नक्सलवाद की तरह बड़ी समस्या बन गई है। संगठित आपराधिक गिरोह झारखंड में लगातार पैर फैला रहे हैं।अब यह नक्सलवाद की तरह पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती बनते जा रहे हैं।प्रतुल ने कहा कि आलम ये है कि कई जिलों में कोयला कंपनी से जुड़े अधिकारी बुलेट प्रूफ वाहनों से सफर करते हैं।अपराधियों का मनोबल इतना बढ़ गया है कि वह घटना को अंजाम देने के बाद फेसबुक पर लिखकर घटना की जिम्मेवारी लेकर भविष्य के लिए चेतावनी भी देते हैं। प्रतुल ने कहा कि अगर राज्य सरकार एक सुनियोजित प्लान के तहत संगठित गिरोह का खात्मा नहीं करेगी तो झारखंड की स्थिति भयावह हो जाएगी। प्रतुल ने कहा कि झारखंड पुलिस की वेबसाइट के अनुसार अबुआ सरकार के पहले महीने में ही 5207 संज्ञेय अपराध हुए जो की चिंता का विषय है।



# आंदोलनकारियों एवं विस्थापितों ने विधानसभा घेराव करने का किया ऐलान

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** हजारीबाग झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा व झारखंड राज्य विस्थापन संघर्ष मोर्चा के संयुक्त मोर्चा के संयुक्त तत्वावधान में हजारीबाग एक होटल में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया.

सेमिनार में 24 मार्च को झारखंड के विस्थापितों के पुनर्वास नियोजन एवं मुआवजा के सवालों एवं झारखंड आंदोलनकारियों के रोजी रोजगार नियोजन, अलग पहचान, जेल जाने की बाध्यता को समाप्त करते हुए थ सम्मान राशि 50-50 हजार रु.देने की मांग को लेकर विधानसभा का घेराव प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता को 24 मार्च के कार्यक्रम के लिए अगुआ चुना गया। उन्होंने कहा कि धरतीपुत्रो ,किसानों , दलितों, गरीबों, आदिवासियों को उजाड़ कर विकास की अवधारणाओं को फलीभूत नहीं किया जा सकता है। इस मौके पर रेशमा परवीन अब्दुल अब्दुल कलाम रशिदी, बटेश्वर मेहता , पुष्पा बरदेवा, गया नाथ पांडेय, मोहम्मद जहूर, गणेश प्रसाद महतो, जय नारायण मेहता शिवलाल महतो मनोज महतो निसार अहमद रामेश्वर कुशवाहा शंभू कुमार अजय मिश्रा रोहित कुमार सहित सैकड़ो आंदोलनकारी एवं विस्थापित उपस्थित थे।

## क्षत्रीय महासभा सिल्ली की बैठक सम्पन्न



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली राजवाड़ी परिसर में रविवार को क्षत्रिय महासभा सिल्ली की एक बैठक राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में विगत 28 फरवरी को आयोजित राजा जयंती समारोह की समीक्षा की गई। वहीं आगामी 13 मार्च को होली मिलन समारोह मनाने को लेकर चर्चा की गई। समारोह को भव्य बनाने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर विचार विमर्श किया गया। राजा पुष्पेंद्र नाथ सिंह देव ने सभी सदस्यों से कार्यक्रम को सफल करने का आह्वान किया। इस मौके पर संजीत सिंह देव, नित्यानंद साय, नित्यानंद सिंह, रमेश सिंह, भरत देव साय, प्रदीप सिंह, बलराम सिंह, केशव राय, विंध्याचल राय, सरोज सिंह, गुलाब सिंह , कुंदन सिंह, देवकांत सिंह देव, दीलीप साय, भोलानाथ साय, मंगल सिंह, महादेव सिंह , मनोज सिंह, वीरू सिंह आदि उपस्थित थे।

## मोदीडीह में सरना झंडा गडी, प्रार्थना सभा का आयोजन



**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक साल के उपरांत मोदीडीह में तलाब के पास विधिवत सरना विधि से सरना झंडा गड़ी किया गया।पाहन प्राण मुंडा के द्वारा बास में सिंदूर लगाया गया, गड्डे में चावल डाला गया,फिर जय धर्मेश,जय धरती मां,जय सरना के जय धोष के साथ सरना झंडा को गडा गया। फिर सभी सरना बहनों ने लोटा में जल उठा कर जल यात्रा करते हुए गांव के सरना स्थल पहुंचे और वहां प्रार्थना किया गया। गांव के मुखिया लालू राम उरांव ने कहा कि साल में हरेक 9 मार्च को सरना झंडा नये सिरे से गांव में गाडा जाता है ताकि साल भर गांव में एवं प्रत्येक व्यक्ति को सुख समृद्धि मिलें और कांटा छांटी एवं विपदा से बचाव हो। कार्यक्रम में महिलाओं ने पारंपारिक तरीके से सरना स्थल पर प्रार्थना एवं नृत्य- संगीत को पुरा किया।

## होली मिलन समारोह में शामिल हुए टाटीसिलवे एवं नामकुम मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता



**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह लोकप्रिय सांसद श्री संजय सेठ के आवास पर होली मिलन समारोह सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।इस अवसर पर होली का रंगारंग कार्यक्रम, रंगारंग सांस्कृतिक सहित भजनों के आनंद संग होली के गीत सहित हास्य कविताओं का भरपूर आनंद के साथ नाचे एवं होली की एक दूसरे को बधाई दी।इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद कुमार सिंह,मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, महामंत्री अमित मिश्रा, नागेश्वर महतो,सरयुग प्रसाद,के सी सिंह,राजेश मिश्रा,विनोद अग्रवाल,संजीत सिंह,सत्यजीत सिंह,माला देवी,पूनम देवी,रोहित श्रीवास्तव के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मां केयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने बच्चों संग मनाई होली

**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हर किसी के चेहरे पर उत्सव और उल्लास का रंग हो,खासकर हमारे नन्हे मुन्ने बच्चे,जिनकी वजह से आज भी त्योहारों की खुशियां बरकरार है।उनकी खुशियों को दुगुना करने के मकसद से मां केयर चेरिटेबल ट्रस्ट ने रविवार को कांके स्थित हथिया गोंदा बस्ती के बच्चों के बीच 卐खुशियों भरी होली卐 कार्यक्रम का आयोजन सक्रिय सदस्य प्रियंका शर्मा की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम के तहत बच्चों के बीच



पिचकारी,अबीर,गुलाल ,रंग,फ्रूटी और मिठाई का वितरण किया गया। संस्था के सदस्यों द्वारा बच्चों के साथ हर्बल होली खेली गई ।बच्चों को होली के त्योहार को लेकर जानकारी दी गई ।एक दूसरे को मिठाई खिलाकर और गुलाल लगा कर शुभकामनाएं दी गई ।वहां उपस्थित ग्रामीणों एवं स्थानीय निवासियों को अबीर एवं गुलाल लगा कर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी गई।

## आजसू की बैठक में ओरमांझी प्रखंड प्रभारियों का हुआ चयन



**ओरमांझी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आजसू के केन्द्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश पर रविवार को आजसू पार्टी ओरमांझी प्रखंड कमेटी की बैठक प्रखंड अध्यक्ष दिगंबर महतो की अध्यक्षता में ओरमांझी ब्लॉक चौक पर हुई। बैठक में संगठन विस्तार और आजसू पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने पर चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव सह रांची जिला प्रभारी राजेंद्र मेहता एवं रांची जिला प्रभारी राज किशोर महतो उपस्थित थे।बैठक में सर्वसम्मति से रामधन बेदिया,कुमार सौरभ,दीपक कुमार,अमर कुमार,लक्ष्मी नारायण महतो, राम नंदन महतो,महेश प्रजापति,जितेंद्र करमाली प्रखंड प्रभारी के रूप में चुने गए।मौके पर प्रखंड अध्यक्ष दिगम्बर महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष ललित सिंह, बिनोद कुमार महतो,विष्णु मुंडा,राजेश कुमार,आलोक कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मुखिया संघ ने खिजरी विधायक राजेश कच्छप से विभिन्न मुद्दों को लेकर की मुलाकात

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ओरमांझी :** रविवार को ओरमांझी मुखिया संघ के बैनर तले मुखिया संघ के अध्यक्ष दीपक बड़ाईक के नेतृत्व में खिजरी विधायक राजेश कच्छप से मिलकर ओरमांझी प्रखंड के विभिन्न समस्याओं के बारे में अवगत कराया गया। जिसमें ओरमांझी पंचायत में बने मार्केट कॉम्प्लेक्स के बारे में मुखिया दीपक बड़ाईक ने विधायक राजेश कच्छप को बताया कि दुकान आवंटन का जो नियम है। उसे बदलने की जरूरत है। तो विधायक ने मुखिया दीपक को अस्वस्थ किया की ग्राम सभा सर्वोपरि है, ग्राम पंचायत सर्वोपरि है। ग्राम सभा अपना निर्णय ले सकते हैं कि कैसे दुकान मार्केट कंपलेक्स को सुचारू रूप से चलाना है। इसमें सरकार भी हस्तक्षेप नहीं कर सकता है।और पंचायत को राज्य वित्तीय फंड दिलाने का भी सभी मुखियाओं ने आग्रह किया।विधायक ने कहा कि आने वाले सत्र में अपनी बातों को रखेंगे। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया रमेश बेदया, शिवनाथ मुंडा,अनीता लिंडा,सीमा तिर्की,दशमी देवी, पूर्व मुखिया मीना देवी,और ओरमांझी प्रखंड के



## सिल्ली कॉलेज में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर में परिवेश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिल्ली :** सिल्ली कॉलेज सिल्ली में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन रविवार को परिवेश जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची यूनिवर्सिटी के कार्यक्रम समन्वयक डॉ ब्रजेश कुमार, श्रम नियोजन विभाग के डॉक्टर आलोक कुमार, डोरंडा कॉलेज के एनएसएस वरीय स्वयंसेवक दिवाकर आनंद शामिल हुए। अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्वलित कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत गान के साथ किया गया तत्पश्चात नृत्य व भाषण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रजेश कुमार ने कहा कि अपने जीवन परिवेश को स्वच्छ सादगी बनाए। परिवेश जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करना होता है । इस कार्यक्रम में आलोक कुमार , दिवाकर आनंद, विश्वनाथ मुंडा ,देवाशीष कुमार, कुलदीप कुमार ने भी अपना विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर वर्ष 2021-24 सत्र के शिविर के प्रतिभागी स्वयंसेवकों के बिच प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान अनुपमा महतो एवं कार्तिक पाहन के नृत्य प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन बीएन मुंडा एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ मनोज कुमार ने किया। इस मौके पर कॉलेज की शिक्षक अनंत कुमार महतो,केशव राय, सुनील , निखिल, रिजु, अर्चना, कृति, श्यामल दे आदि उपस्थित थे।



## कंदरी जागरूकता समिति द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड के कंदरी में गांव के प्रबुद्धजनों के द्वारा पारसनाथ सिन्हा के आवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में सभी सदस्यों ने एकजुटता सह हर्ष उल्लास के साथ होली मनाने का निर्णय लिया एक दूसरे को शुभकामनाएं दी बधाई दिया एवं कहा कि समाज में फैली कुरीतियों को मिटाकर समाज को सही दिशा में ले जाना युवाओं को सही मार्गदर्शन करना एवं उन्हें शिक्षा स्वरोजगार के साथ संस्कारों से जोड़ना इस तरह के समसामयिक विषयों पर गहरी चर्चा की गई। एवं तय किया गया कि सामूहिक रूप से होलिका दहन किया जाएगा एवं 14 मार्च को रंग उत्सव मनाया जाएगा साथ ही संध्या में वर्षो से चली आ रही सामूहिक डोल पूजा में बढ़ चढ़कर शामिल होने का निर्णय लिया गया। समाज की एकजुट पर जोर दिया गया बैठक की अध्यक्षता पारसनाथ सिंह संचालन अमिताभ पाठक उर्फ बाबू पाठक एवं धन्यवाद ज्ञापन अशोक नन्दको के द्वारा किया गया मौके पर मुख्य रूप से शैलवाहन कुमार अशोक सिन्हा वीर कुंवर सिंह सृष्टि गौरव संजीव कुमार छोटू लहकार मंनकू प्रजापति लाल कुमार सुनील कुमार बी एन गोप महेंद्र यादव दुर्गा ओझा राजनाथ सिंह यादव जितेंद्र यादव नीलांबर पाठक मनोज पाठक शैलेंद्र कुमार आदित्य कुमार राजकिशोर ठाकुर मुन्ना प्रसाद लव पांडे अविनाश कुमार अशोक नन्द तिवारी श्याम नंद तिवारी बाबू लाल साहू रविंद्र साहू जितेंद्र रजक उत्कर्ष शिवम अभिनव सत्यवार्थ प्रीतम सहित अन्य युवा एवं समाज की प्रबुद्ध जन अभिभावक गण सम्मिलित रहे।



## मांडर के आर्मी जवान की बेंगलुरु में निधन, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दी श्रद्धांजलि

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर के नगड़ा पंचायत स्थित कनभिट्ठा गांव निवासी आर्मी जवान छोटन उरांव का आकस्मिक निधन ट्रेनिंग के दौरान बेंगलुरु में हो गया . शहीद छोटन उरांव बरेली में पदस्थापित थे . वर्तमान में वो.ष्ट सेंटर बेंगलुरु में कोर्स करने के लिए गए हुए थे . 7 मार्च को अचानक ट्रेनिंग के दौरान स्वास्थ्य बिगड़ने से उनका निधन हो गया . निधन की खबर मिलने के बाद से गांव में हर तरफ शोक व्याप्त था . रविवार को शहीद छोटन उरांव का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया . हर किसी की आँखें नम थी . शहीद छोटन उरांव की पत्नी का रो ट्ठ रो कर बुरा हाल था . शहीद छोटन उरांव अभी कुछ माह पहले ही पिता बनने का शुभ समाचार मिला था . वो अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए . शहीद छोटन उरांव को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की , पूर्व मंत्री मंत्री बंधु तिर्की सहित बड़ी संख्या में लोग गांव पहुंचे थे . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ शहीद परिवार का ढांढस बांधा . इस मौके पर आर्मी के जवानों के द्वारा शहीद छोटन उरांव को अंतिम सलामी दी गई।



# पिपरवार में हुई झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा पंचवटी सभागार मे रविवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता मुख्य संयोजक इकबाल हुसैन एवं संचालन अनिल राम ने किया।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में यूनियन के जोनल उपाध्यक्ष राजकुमार महतो, सैनाथ गंझु एवं विशिष्ट अतिथि में रामचंद्र उरांव और जेपी महाराज शामिल हुए। बैठक में पिपरवार क्षेत्र के संगठित एवं असंगठित मजदूरों की कई ज्वलंत समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया।बैठक में यूनियन को मजबूत बनाने,सदस्यता अभियान चलाने पर चर्चा की गई।



एवं सर्वसम्मति से मजदूरों की विभिन्न समस्याओं से संबंधित मांग पत्र स्थानीय पिपरवार एरिया प्रबंधन को सौंपने का निर्णय लिया गया।बैठक में असंगठित मजदूरों के हाई पावर कमेटी की अनुशंसा को लागू करने, समय पर वेतन का भुगतान करने,बोनस का भुगतान करने, मेडिकल सुविधा देने,मजदूरों की छटनी बंद करने,स्थानीय लोगों को निजी कंपनियों में शत-प्रतिशत बहाली करने की मांग की गई।वही संगठित मजदूरों को समय पर प्रमोशन देने,आवास आवंटन,आवास मरम्मत, आरक्षण,रोस्टर, प्रदूषण पर रोकथाम,चिकित्सा सुविधा, अस्पताल के मूलभूत समस्या का समाधान करने,शुद्ध पेयजल,खदानों का विस्तारीकरण, अशोका वेस्ट नई कोल परियोजना को जल्द चालू करने,भूमिगत खदान को जल्द चालू करने,रैयत विस्थापितो के लंबित नौकरी, मुआवजा,पूर्नवास, सीएसआर, डीएमएफटी फंड से विकास कार्य कराने सहित अन्य कई मांगों पर चर्चा की गई। बैठक में यूनियन का क्षेत्रीय समिति का गठन करने का भी निर्णय लिया गया।बैठक मे मुख्य रूप से जाहिद अली,चंद्र टाना भगत,रघुनाथ प्रजापति,संजय उरांव,इलियास टाना भगत, दिलीप कुमार,राजेश महतो,कामेश्वर गंझु, अखिलेश कुमार राम,रविन्द्र गंझु, मोहम्मद असलम,परमेश्वर शाह,विनोद कुमार महतो, सुरेश गंझु,दीपक उरांव, राजेश प्रजापति,चरका गंझु,सिकंदर उरांव,राजेश उरांव,मनेश्वर टाना भगत, मोहम्मद मोबीन,चंद्रदेव उरांव,तुलसी कुमार, लालजीत उरांव,रामदेव गंझु,सूरज मंड़ल, दिरपाल उंराव सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# महिला दिवस के अवसर पर सीएसपी केंद्र का हुआ उद्घाटन

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर थाना अंतर्गत ग्राम करगे मे एसबीआई के नए सीएसपी केंद्र का उद्घाटन हुवा, एसबीआई मांडर ब्रांच के शाखा प्रबंधक श्रीमती निहारिका कुमारी आरबीओ ग्रामीण CMFI श्री राजेश कुमार दिनकर एंव जीपस बिनोदित तिग्गा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सीएसपी का उद्घाटन किया। सीएसपी केंद्र संचालिका प्रभा कुमारी ने बताया की अब ग्राहकों को जमा निकासी और अन्य बैंकिंग सुविधाए आसानी से मिलेगी जिला कोऑर्डिनेटर श्री प्रवीण कुमार सिंह ने प्रभा कुमारी को दिशा निर्देश दिए। मौके पर बिजनेस करेस्पोंडेट SAVE SOLUTION के नेटवर्क मैनेजर श्रीमती रजनी आनंद,गोपाल साहू, जीपस प्रतिनिधि रबुल अन्सारी, मुखिया प्रतिनिधि चमरा उरांव, शिवपूजन सिंह सुनील सिंह, सकलदीप सिंह, छेदी साहू, समीम अन्सारी, नीलांबर सिंह, अरविन्द सिंह समेत ग्रामीण मौजूद थे।



## विधायक सुरैश बेठा ने राय पंचायत निवासी मोहम्मद रजा को बनाया कार्यालय प्रभारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** खलारी थाना क्षेत्र के राय पंचायत निवासी मोहम्मद रजा को कांके विधायक सुरेश बैठा ने जोनल कार्यालय पूर्वी मंडल राय खलारी का कार्यालय प्रभारी बनाया है।इस अवसर पर विधायक सुरेश बैठा ने मोहम्मद रजा को पत्र देकर उन्हें यह जिम्मेवारी सौंपी है।कांग्रेस पार्टी के प्रति उनके बेहतर कार्य को देखते हुए विधायक सुरेश बैठा ने उन्हे यह जिम्मेवारी सौंपी है।मोहम्मद रजा राय अंजुमन के सदर जुल्फिकार अली के पुत्र हैं।इस संबंध में मोहम्मद रजा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रति मेरे बेहतर कार्य को देखते हुए कांके विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश बैठा ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है उन्हें वह पूरी ईमानदारी और निष्ठापूर्वक निभाने का काम करेंगे।कार्यालय प्रभारी एक बड़ी जिम्मेदारी होती है,जिसे वह ईमानदारी के से पुरा करते हुए पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम करेंगे।इधर मोहम्मद रजा को कार्यालय प्रभारी बनाए जाने पर कोयलांचल क्षेत्र के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।बधाई देने वालो मे खलारी प्रखण्ड अध्यक्ष साबिर अंसारी,अब्दुल कुदूस, इस्लाम अंसारी, इकबाल हुसैन,शोऐब उर्फ गोल्डेन, पप्पु खान,तनवीर आलम, तोहिद आलम,सलामत अंसारी, इरफान अंसारी, शहनवाज आलम, राजु खान,सादिक अंसारी, सकील अंसारी, निजाम अंसारी सहित कई लोगो का नाम शामिल है।



## देश के रक्षा राज्यमंत्री सह सांसद ने किया एक्यूप्रेशर पुस्तिका का विमोचन

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता):** एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा टाटीसिलवे रांची के द्वारा प्रकाशित स्वस्थ रहने की कला नामक एक्यूप्रेशर पुस्तिका का विमोचन रांची लोक सभा सांसद सह रक्षा राज्य मंत्री माननीय श्री संजय सेठ के हाथों उनके आवास पर होली मिलन के दौरान किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एक्यूप्रेशर के द्वारा हम कई एक बीमारियों से छुटकारा पा सकते हैं,बस जरूरत है इसे अपनाने की।एक्यूप्रेशर परिषद झारखंड शाखा के सचिव डॉ मधुसूदन पांडे ने किताब की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वयं स्वस्थ रहने की कला एक ऑपरेशन अपने आप में एक मिसाल है।यदि हम इसका नियमित उपयोग करते हैं तो हमें किसी भी मेडिसिन या चेकअप जांच की जरूरत नहीं है।जरूरत है बस एक्यूप्रेशर को अपनाने की। वह समय दूर नहीं जब घर-घर में एक्यूप्रेशर के ज्योत जलेंगे।यदि एलोपैथ से कोई मुकाबला कर सकता है तो वह एक्यूप्रेशर ही है।इसअवसर पर डेंटल सर्जन डॉक्टर राहुल कुमार, एक्यूप्रेशर परिषद सभापति डॉ दिनेश सिंह, निदेशक डॉक्टर बलराम महतो,डॉक्टर राहुल, डॉक्टर बिदेश,डॉक्टर प्रीति,श्री चंदन मिश्रा जी,राजेश मिश्रा,विनोद अग्रवाल,अमित मिश्रा इत्यादि के साथ कई गण्यमन लोगों उपस्थित थे।

## झारखंड कुरमी महासभा के जिला अध्यक्ष बने ज्योतिष महतो

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को झारखंड कुरमी महासभा रांची जिला इकाई का पुनर्गठन मासू हेसल, अनगड़ा में जिला अध्यक्ष बालकुंवर महतो के अध्यक्षता में संपन्न हुआ एवं संचालन बृजलाल महतो ने किया। आज के बैठक के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री बृजकिशोर गांधी, विशिष्ट अतिथि कुमेश्वर महतो (प्रदेश अध्यक्ष) , कारोनाथ महतो (प्रदेश महासचिव) सुरेंद्र कुमार महतो (प्रदेश कोषाध्यक्ष) रणधीर कुमार चौधरी अध्यक्ष (कु वि परिषद) विमला देवी (प्रदेश महिला कोषाध्यक्ष) अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन महतो, प्रदेश संयुक्त सचिव रामलाल महतो, कार्यकारिणी सदस्य मुनेश्वर महतो, चुनाव प्रभारी कौलेश्वर महतो एवं भुनेश्वर महतो, साहेब गंज जिला अध्यक्ष प्रेमलाल मंडल, प्रदेश प्रवक्ता आतिश महतो, रांची जिला इकाई की जिला कमेटी के पुनर्गठन में जिला अध्यक्ष ज्योतिष कुमार महतो, जिला महासचिव सकल नाथ महतो, जिला कोषाध्यक्ष सोनालाल महतो, युवा अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार महतो, महिला अध्यक्ष श्रीमती सरोज देवी, निर्विरोध निर्वाचित हुई। अनगड़ा प्रखंड समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें प्रखंड अध्यक्ष साहेनराम महतो , प्रखंड महासचिव मूलू महतो, प्रखंड कोषाध्यक्ष बैजनाथ महतो, युवा अध्यक्ष वीरेंद्र महतो, महिला अध्यक्ष श्रीमती ज्योति देवी, महासचिव श्रीमती उषा देवी, प्रखंड कोषाध्यक्ष अध्यक्ष श्रीमती ललिता देवी, नामकुम प्रखंड प्रभारी दिलीप कुमार महतो , प्रखंड प्रभारी रजत महतो, और उप प्रभारी खुशी लाल महतो पुनर्गठन के पश्चात फगुवा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। एक दूसरे को अबीर ,गुलाल लगाकर बधाई और शुभकामनाएं दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जगरनाथ महतो, रामनाथ महतो, राज किशोर महतो, राजेश महतो, संजय महतो, अमर महतो, तीजन देवी, जीरा देवी, सुनीता देवी, मुनकी देवी, सावित्री देवी, बैजनाथ महतो, गोपाल महतो, रामलाल महतो, मोहन महतो, समलनाथ महतो,बाबूलाल महतो, मंजू देवी रामबृक्ष महतो, सुरेंद्र महतो, मंजू देवी सैकड़ों महिला पुरूष एवं बच्चे उपस्थित रहे।



## शांति समिति की बैठक संपन्न



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नामकोम थाना परिसर मे होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक एवं होली मिलन समारोह आयोजित किया गया । चिशितया पंचायत के सदर मोहम्मद इस्तियाक के द्वारा नामकोम थाना प्रभारी मनोज कुमार को बुक्के दे कर सम्मानित किया गया । जिसमें पूर्व पार्षद श्री कुलभूषण डुंगडुंग, अंजुमन इस्लामीया के नायब सदर कासिम खान, सुरेश साहू, मनोज सिंह, रंजीत बाराइक, साबिर अंसारी, शागीर अंसारी, ओर थाना पेरिसर में शांति समिति के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे ।

## घर लौटने पर सेवानिवृत्त सैनिक का ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत



**गुड़ाबांदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के सब इंस्पेक्टर गणेश चंद्र माझी रिटायर होकर शनिवार को अपने गांव गुड़ाबांदा के तारासपुर पहुंचे। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों व परिजनों ने उनका भव्य स्वागत किया। फूल माला पहनाकर उनकी आरती भी उतारी गई। पारंपरिक नगाड़े की धुन पर स्वागत करते हुए भारत माता के जयकारे लगाए गये। तारासपुर निवासी गणेश चंद्र माझी ने 30 जून 1986 को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में ज्वॉयन किया था। बीएसएफ के 115 बटालियन जी कंपनी में 19 वर्ष देश की सेवा में समर्पित रहने के बाद 28 फरवरी 2025 को सेवानिवृत्त हुए। श्री माझी ने बताया कि सेवा अवधि के दौरान भारतवर्ष के हर कोने में ड्यूटी किया। जम्मू-कश्मीर में चार वर्ष रहे। आतंकवाद से ग्रसित कुपवाड़ा में कई बार सीधे मुठभेड़ में मौजूद रहे। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में भारत बांग्लादेश सीमा से फरवरी माह के अंतिम दिन रिटायर हुए। उन्होंने बताया कि देशसेवा में लंबे समय तक रहने के उपरांत अब कुछ समय अपने परिजनों के पास गुजारने का अवसर प्राप्त हुआ है। 39 वर्षों की देशसेवा के उपरांत सकुशल घर लौटने पर ग्रामीण और परिजन बहुत खुश नजर आए और घर में उत्सव जैसा माहौल बना।

## तैलिक साहू महासभा के मिलन समारोह में मनी रंगों भरी होली



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अखिल भारतीय तैलिक साहू महासभा, पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर द्वारा सिदगोड़ा स्थित भास्कर भवन मैदान में होली मिलन समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष राकेश साहू के नेतृत्व में आयोजित इस समारोह में विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े अतिथियों को गुलाल लगाकर एवं अंग वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगीतकार राजकुमार और ग्रुप म्यूजिक के कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति दी, जिस पर उपस्थित लोग झूम उठे। कार्यक्रम का स्वागत भाषण जिला कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार ने दिया, जबकि संचालन महामंत्री पप्पू साहू ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुरेश कुमार, शिवलोचन साह, रंजीत कुमार साव, अशोक साव, संजय साहू, राजेश प्रसाद, पूजा साहू, आदित्य धनराज शाह, वीरेंद्र शाह, अवधेश कुमार समेत कई सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आरएसबी ग्लोबल ने महिला दिवस पर दी समावेशिता व समानता की प्रेरणादायक सीख



**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** आरएसबी ग्लोबल ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सशक्त संगठित- विविधता, समानता और समावेशिता की शक्ति थीम के साथ एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया। यह आयोजन महिलाओं के योगदान को सम्मानित करने और कंपनी के समावेशी कार्य संस्कृति के प्रति प्रतिबद्धता को दोहराने का एक महत्वपूर्ण अवसर बना। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि साध्वी अमरजीत शेरगिल (महामंडलेश्वर, किन्नर अखाड़ा) रहीं। अपने संबोधन में उन्होंने ट्रांसजेंडर समुदाय द्वारा झेले जाने वाले सामाजिक और व्यावसायिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला और आरएसबी ग्लोबल के समावेशी दृष्टिकोण की सराहना की। विशेष अतिथि साध्वी हिमांशी ने भी विविधता और समानता के महत्व पर अपने विचार साझा किए और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की आवश्यकता पर जोर दिया।इस भव्य आयोजन में 1,500 से अधिक लोग उपस्थित रहे, जिनमें कंपनी के कर्मचारी, उनके परिवारजन और वरिष्ठ नेतृत्व के परिजन शामिल थे। इस अवसर पर कर्मचारियों और उनके परिवारजनों द्वारा रंगारंग और शिक्षाप्रद प्रस्तुतियाँ दी गई।

## विधायक सबिता ने किया प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय की चारदीवारी का शिलान्यास



**ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ईचागढ़ प्रखंड के प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय गौरांगकोचा में चारदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास रविवार को विधायक सविता महतो ने किया। विधायक सविता महतो ने कहा कि लघु सिंचाई विभाग द्वारा 26,27,629 की प्राक्कलित राशि से चारदीवारी निर्माण कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति एवं क्षेत्र के लोगों द्वारा चारदीवारी निर्माण की मांग की गई थी। उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश भी दिया। मौके पर झामुमो नेता काबलु महतो, डॉ. भुषण चन्द्र मुर्मू, सपन कुमार आदित्यदेव, निताई उरांव, मनोरंजन महतो, लाल माझी, खगेन महतो व सुभाष दत्ता आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## इंस्पायर्ड मानक अवॉर्ड में एसएस प्लस टू स्कूल पटमदा के छात्र तुषार मंडल ने किया क्वालीफाई



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय पटमदा के कक्षा 9 वीं के छात्र सह खेड़ुआ गांव निवासी तुषार मंडल ने भारत सरकार की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से आयोजित इंस्पायर्ड मानक अवॉर्ड के लिए क्वालीफाई कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. मिथिलेश कुमार ने बताया कि तुषार मंडल को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से 10 हजार रुपये का पुरस्कार मिला है। पुरस्कार राशि से तुषार इंस्पायर्ड मानक अवॉर्ड की अगली प्रतियोगिता के लिए प्रोजेक्ट बनाएंगे। उन्होंने बताया कि इंस्पायर्ड मानक अवॉर्ड के लिए पूरे राज्य में 521 विद्यार्थियों का चयन किया गया है। चयनित प्रतिभागी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में अपने प्रोजेक्ट का प्रदर्शन करेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सफल होने पर आगे भी छात्र को विभाग द्वारा सम्मानित किया जाएगा। प्राचार्य ने गाइड शिक्षक स्नेहाशीष चटर्जी एवं राशिद नेसार को बधाई देते हुए छात्र तुषार मंडल के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## भागाबांदी में हरिनाम संकीर्तन के पूर्व निकाली गई कलश यात्रा



**डुमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डुमरिया के भागाबांदी में रविवार को हरिनाम संकीर्तन के लिए कलश स्थापना की गई। कमेटी की ओर से निकाली गई कलश यात्रा में दर्जनों महिलाएं व ग्रामीण शामिल हुए। रविवार को अधिवास अनुष्ठान विधि-विधान के साथ पंडित अनंत कवि द्वारा कराया गया। ग्रामीण नरेंद्र महतो को पहल पर सोलह प्रहर हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार की अहले सुबह शुभ नाम आरंभ किया जायेगा। बुधवार को दधि उत्सव का आयोजन होगा। संकीर्तन का श्रवण करने के लिए दूरदराज से भक्त पहुंचेंगे। बंगाल व स्थानीय संप्रदाय द्वारा अखंड हरिनाम का जाप किया जायेगा। कलश यात्रा में मुख्य रूप से नरेंद्र महतो, रघुनाथ महतो, नवकुमार साव, मिहिर कांत साव, योगेंद्र कुंवर, उमा चौधरी , जयंती भकत, सोमा साव, पानपती महतो, चुमकी महतो, पंडित अनंत कवि, अधिकारी सोना दास व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# पोटका में भाजपा के संरक्षण में फल-फूल रहा अवैध कारोबार : झामुमो

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** राज्य में झामुमो के नेतृत्व वाली इंडिया गठबंधन की सरकार है लेकिन पोटका क्षेत्र में मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा नेताओं के संरक्षण में अवैध कारोबार चलने का आरोप झामुमो के नेताओं द्वारा आरोप लगाया जा रहा है। इसमें कितनी सच्चाई है, यह तो जांच का विषय है लेकिन रविवार को हाता में झामुमो की ओर से आयोजित एक प्रेस वार्ता में यह आरोप लगाया गया है। झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन व वरिष्ठ नेता सुनील महतो का कहना है कि जमशेदपुर के माफियाओं द्वारा अवैध कारोबार किया जा रहा है, जिससे राज्य सरकार को प्रतिमाह करोड़ों के राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। झारखंड मुक्ति मोर्चा अब यह बर्दाश्त नहीं करेगा। दरअसल कुछ दिनों पूर्व भाजपा की ओर से झामुमो के नेताओं पर अवैध धंधों में शामिल होने का आरोप लगाया गया था जिसके जवाब में आज झामुमो ने एक प्रेस वार्ता आयोजित करते हुए कड़ा पलटवार किया है। सुनील महतो ने कहा कि जमशेदपुर के माफियाओं द्वारा रात के अंधेरे में क्षेत्र के विभिन्न क्रशर प्लांटों से बिना चालान के हाइवा के माध्यम से गिट्टी को जमशेदपुर ले जाया जा रहा है। पड़ोसी राज्य ओड़िसा से अंधाधुंध बालू की ढुलाई भी बिना चालान के की जा रही है। इसके अलावा क्षेत्र की मुख्य सड़कों पर अवैध रूप से टाल बना वाहनों



से रॉड आदि की कटिंग हो रही है व बड़ी बसों का संचालन बिना परमिट के हो रहा है। प्रखंड अध्यक्ष सुधीर सोरेन ने कहा कि जल्द झामुमो कार्यकर्ता क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों पर पारंपरिक तीर धनुष से लैस होकर अवैध रूप से संचालित वाहनों को रोकेंगे एवं इसकी सूचना प्रशासन को देकर जांच व कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के कुछ भाजपा नेताओं द्वारा झामुमो पर अवैध धंधों मे लिप्त होने का आरोप लगाया जा रहा है जबकि उन्हें यह जानकारी होनी चाहिए कि झामुमो के लोग सिर्फ मजदूरी का कार्य करते हैं, अवैध धंधों में पूंजीपतियों का हाथ होता है, जिन्हें भाजपा का संरक्षण प्राप्त होता है। प्रेस वार्ता में सुधीर सोरेन, सुनील महतो, चंद्रावती महतो, भुवनेश्वर सरदार, रजनी सारंगी, जमाल खान, जिगरूल होड़ा व भुगलु टुडू आदि उपस्थित थे।

## भाजपा का अटल विरासत सम्मेलन तुलसी भवन में आज

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मशताब्दी के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी देशभर में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। इसी कड़ी में, भाजपा जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में सोमवार को बिस्टुपुर स्थित तुलसी भवन सभागार में अटल विरासत सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन में हजारीबाग के पूर्व सांसद डॉ. यदुनाथ पांडेय बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की दूरदृष्टि, उनकी नीतियों और राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया जाएगा। इस दौरान जमशेदपुर महानगर के विभिन्न मंडलों से करीब 300 नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा।

## भूमिज समाज की सामाजिक व्यवस्था को मजबूत करने हेतु प्रतिनिधियों की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** भूमिज समाज के समाजिक व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से भूमिज समाज के प्रतिनिधियों की बैठक तेंतला रिसोर्ट मे रविवार को आयोजित की गई। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पोटका विधायक संजीव सरदार का झारखंड सरकार के आदिवासी परामर्शदातृ परिषद के सदस्य बनाये जाने पर स्वागत किया गया एवं उन्हें बधाई दी गई। बैठक में भूमिज समाज के समाजिक व्यवस्था को मजबूत करने का सर्वसम्नति से निर्णय लिया गया, जहां उपस्थित प्रतिनिधियों की एक टीम बनाई गई जो भूमिज गांवों में घूमकर ग्राम व्यवस्था की जानकारी देते हुए पारंपरिक व्यवस्था से जुड़े लोगों को जागरूक करने का काम करेगी। इसके लिए पुस्तक का भी लेखन किया जायेगा एवं युवाओं को भी जिम्मेदारी दी जाएगी। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि भूमिज समाज का अपना पारंपरिक व्यवस्था का ढांचा ग्राम से शुरू होता है,



जिसके पश्चात पड़ोसी, तरफ, गादी, पीड़ से जाना जाता है। इसे पेसा के तहत शामिल करने के लिए समाज का प्रतिनिधिमंडल विधायक संजीव सरदार के नेतृत्व में सरकार से मिलने का काम करेगा। बैठक में पोटका, राजनगर, जमशेदपुर, डुमरिया, मुसाबनी, घाटशिला आदि क्षेत्र से लोग उपस्थित थे। मौके पर विधायक संजीव सरदार ने कहा कि झारखंड में अबुआ सरकार सभी के लिए काम करेगी। समाज के लोगों से अपील है कि वह जागरूक रहें और समाजिक व्यवस्था को मजबूत करने के लिए काम करें।

## उत्कल सम्मिलनी ने जताया विधायक दशरथ गागराई का आभार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**खरसावां :** झारखंड विधानसभा के शून्यकाल में खरसावां विधायक दशरथ गागराई ने राज्य में संचालित प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के पाठ्यक्रम में 7वें पेपर में उड़िया भाषा का विकल्प उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई थी। उत्कल सम्मेलनी जिला सरायकेला-खरसावां की ओर से रविवार को विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया गया। खरसावां पथ निरीक्षण भवन में उत्कल सम्मेलनी की एक महत्वपूर्ण बैठक जिला उपाध्यक्ष बिरोजा पति की अध्यक्षता में की गई। बैठक में सभी पदाधिकारी एवं उड़िया समाज के लोग मौजूद थे। मौके पर जिला उत्कल सम्मेलनी पर्यवेक्षक सुशील षाड़ंगी ने कहा कि विगत 10 जनवरी 2023 को जिला उत्कल सम्मेलनी कमेटी के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक दशरथ गागराई से मुलाकात कर एक मांग पत्र सौंपा था। जिसपर संज्ञान लेते हुए विधायक ने विधानसभा की शून्य काल में इस मामले को उठाया। इस बैठक में मुख्य रूप से बिरोजा पति, सुशील षाड़ंगी, अजय कुमार प्रधान, सपन कुमार मंडल, रंजीत मंडल, भारत चंद्र मिश्रा, जयजीत षाड़ंगी, राजेश प्रजापति व चंद्रभानु प्रधान आदि उपस्थित थे।

## किसान मित्रों ने मंत्री के नाम विधायक प्रतिनिधि चन्द्रशेखर को सौंपा ज्ञापन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** पटमदा प्रखंड परिसर में आयोजित प्रखंड स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी कार्यक्रम के दौरान शनिवार को झारखंड प्रदेश कृषक मित्र महासंघ ने विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू को कृषि मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। कहा गया कि वर्तमान में राज्य में कार्यरत किसान मित्रों को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपए दिया जा रहा है जो कार्य के अनुसार काफी कम है। किसान मित्रों ने कहा कि उन्हें विभिन्न प्रकार के कार्य कराए जाते हैं। किसान मित्रों ने सरकार से उनको कुशल मजदूर के



बराबर मानदेय का भुगतान करने, किसान मित्रों के आश्रितों को नौकरी दिए जाने, कृषि विभाग की बहाली में 50त्न आरक्षण दिए जाने, किसान मित्रों को बीमा भत्ता देने एवं किसान मित्रों की उम्र सीमा 65 वर्ष तक सुनिश्चित करने की मांग शामिल हैं। इस अवसर पर प्रदेश कृषक मित्र महासंघ के मुरारी मोहन लाल, विजय कुमार प्रामाणिक, जगन्नाथ महतो, विकास चंद्र मंडल, साधु पद महतो, त्रिलोचन महतो, चित्त रंजन महतो व अजित महतो आदि उपस्थित थे।

## क्षत्रिय समाज का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन कार्यक्रम आयोजित

**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** क्षत्रिय समाज संपूर्ण भारत की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सह होली मिलन कार्यक्रम बारीडीह के वीर कुंवर सिंह हॉल में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मणिपाल हॉस्पिटल की प्रोफेसर डॉ. सोनालिका सिंह, उप निर्वाचन आयुक्त प्रियंका सिंह, डीएसपी अरुणा मिश्रा, तरुणा मिश्रा,भोजपुरी सिंगर शिवानी पंकज शामिल हुए। कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदा सिंह के निर्देशानुसार प्रदेश महामंत्री चंदा सिंह राजपूत के नेतृत्व में की गई। महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। साथ ही बच्चियों और महिलाओं को उनके क्षेत्र में किए गए कार्य के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रवक्ता श्वेता सिंह ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शीलू सिंह, अर्चना सिंह, पूनम सिंह, संगीता सिंह, अंशु



सिंह, पूनम सिंह, कंचन सिंह, रेणु सिंह व बिना सिंह आदि उपस्थित थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदा सिंह को कुंभ मेले में सभी क्षत्रिय समाज के परिवार को ले जाने के लिए समाज की महिलाओं द्वारा सम्मानित किया गया तथा चंदा सिंह के सपोर्ट करने के लिए टेल्को मंडल उपाध्यक्ष सुषमा सिंह व संजू सिंह को भी सम्मानित किया गया।

## डिमना में विस्थापितों की तैयारी बैठक संपन्न, सरकार व कंपनी के समक्ष रखेंगे अपनी मांगें

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** रविवार को बोड़ाम प्रखंड अंतर्गत डिमना डैम हेलीपेड मैदान में डिमना डैम और टाटा कंपनी के विस्थापितों की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में विस्थापितों ने अपनी मांगों और समस्याओं को रखा एवं सरकार तथा टाटा कंपनी से समाधान की मांग की।

सोमवार को होने वाली बैठक के लिए निम्नलिखित प्रस्ताव पारित किए गए-



1. टाटा कंपनी और डिमना डैम के विस्थापितों को विस्थापित प्रमाण पत्र दिया जाए।
2. 1932 खतियान के आधार पर विस्थापितों को चिन्हित कर विस्थापितों को पुनर्वास व मुआवजा दिया जाए।
3. 1996 के सर्वे सेटलमेंट को रद्द किया जाए।
4. डिमना डैम विस्थापित के साथ 32 दौर की सरकार, कंपनी और विस्थापितों के साथ त्रिपक्षीय वार्ता जो बंद हो गया था, उसे प्रारंभ किया जाए।
5. डिमना डैम और टाटा कंपनी में जो जमीन कंपनी के अधीन नहीं है उसे अधिक भूमि अधिग्रहण कानून 2013 के तहत पुनः विस्थापितों को वापस किया जाए।
6. टाटा कंपनी के बहाली में डिमना डैम और टाटा कंपनी से हुए विस्थापितों को प्राथमिकता दी जाए तथा टाटा कंपनी के ठेकेदारी में भी विस्थापितों को प्राथमिकता दिया जाए।

बैठक में विस्थापितों ने अपनी एकजुटता और संघर्ष की भावना को दिखाया और अगली बैठक में सरकार तथा टाटा कंपनी से अपनी मांगों को पूरा करने का प्रस्ताव रखेंगे। बैठक में मुख्य रूप से हरमोहन महतो, दीपक रंजीत, प्रह्लाद गोप, उत्तम कुमार प्रधान, देवन सिंह, सोहन सिंह, गोपाल माझी, तपन पांडा, गौर हेंब्रम, निरंजन गौड़, मधुसूदन प्रधान, अबोध सिंह, सारथी दास व प्रदीप कुमार सोरेन आदि लोग उपस्थित थे।

## ट्रांसजेंडर व महिलाओं के साथ परिवार में हिंसा अदृश्य है : वर्णाली

### - रैली और सभा कर युवा ने मनाया महिला दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**जमशेदपुर :** सामाजिक संस्था यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन (युवा) के तत्वावधान में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पोटका प्रखंड के तेंतला गांव में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हाता चौक से महिलाओं द्वारा पैदल रैली के द्वारा की गई। महिलाओं ने मिलकर जेंडर आधारित असमानता को लेकर अपनी आवाज को मजबूत किया। कार्यक्रम का संचालन युवा की कार्यकर्ता अंजना देवगम, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर के द्वारा किया गया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में शामिल हुए स्वास्थ्य सेवा प्रदाता, पंचायत प्रतिनिधिगण एवं लीडर महिलाओं को पौधा देकर सम्मानित एवं स्वागत किया गया। वर्णाली चक्रवर्ती, युवा सचिव ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने के इतिहास और इस साल के उद्देश्य को साझा किया। पोड़ाडीहा पंचायत की वार्ड सदस्य पानो सरदार ने महिलाओं को शुभकामना देते हुए कहा कि घर से निकल कर हमें ग्राम सभा महिला सभा में भी अपनी भागीदारी को मजबूत करनी है और अपने मुद्दों को हमें रखना है। मौके पर विक्रम झा, शिखा सरदार, सपन मंडल, मुखिया देवी कुमारी, मुखिया सह मुखिया संघ सचिव अभिषेक सरदार ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न पंचायत की 265 से ज्यादा महिलाएं, लड़कियां एवं विकलांग लड़कियां शामिल हुई। यंग गर्ल्स लीडर श्रुति ,गुड़िया प्रियंका, शिमती, अंजली, मोनिका, संजू एवं युवा के कार्यकर्ता चांदमणि सवैया, अवंती सरदार, रिला सरदार, किरण सरदार, हेमंती गोप, कापरा माझी , जयंती सरदार,रतन एवं शिवराम का कार्यक्रम में योगदान रहा।

## प्रकृति उपासना के पर्व बाहा बोंगा में विधायक पूर्णिमा ने की पूजा-अर्चना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा के बिरसानगर जोन नंबर-2 में रविवार को आदिम सांताड़ सांवता माडवा द्वारा बाहा बोंगा महापर्व का आयोजन किया गया। इस पारंपरिक पर्व में समुदाय के लोगों ने प्रकृति की पूजा कर समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस दौरान जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने भी पारंपरिक परिधान में पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बाहा बोंगा हमारी संस्कृति, प्रकृति और सामूहिक एकता का प्रतीक है। पूरे



आयोजन में पारंपरिक वाद्ययंत्रों की ध्वनि, रंग-बिरंगे वस्त्रों में सजे लोग और हर्षोल्लास का नजारा देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने पारंपरिक नृत्य और गीतों के माध्यम से गौरवशाली संस्कृति का उत्सव मनाया।

## रामकृष्णा फोर्जिंग्स प्लांट-1 में आयोजित शिविर में 269 यूनिट रक्त संग्रह

**गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** औद्योगिक क्षेत्र के फेज सात स्थित रामकृष्णा फोर्जिंग्स लिमिटेड, प्लांट-1 कंपनी में रविवार को वार्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कंपनी के सीईओ शक्ति सेनापति और प्लांट हेड एम बालामुरली ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मुख्य अतिथि सेनापति ने रक्तदान करने पहुंचे कंपनी के कर्मचारियों तथा मजदूरों का उत्साहवर्धन किया। जमशेदपुर ब्लड बैंक के सहयोग से आयोजित इस शिविर में कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और कुल 269 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। शिविर के सफल



आयोजन में कंपनी के एचआर प्रबंधक रिंटू मुखर्जी, एचआर विभाग के मैनक गुप्ता, मिथिलेश सिंह, प्रवीण कुमार, सुरक्षा अधिकारी चितरंजन सिंह, सतीश महतो, जितेंद्र बारीक, यूनियन के उपाध्यक्ष दिनेश राम, कोषाध्यक्ष अच्छेलाल यादव समेत अन्य अधिकारियों की सक्रिय भूमिका रही।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# आर्थिक दुरुस्ती के लिए

**चिन्हित** इरादों की फेहरिस्त में आगे बढने की ख्वाहिश ने मजमून बदल दिए, यह नए दौर की कहानी है सारे प्रयोग बदलने होंगे। बहुत मुसीबतें, खामियां और कसूर होंगे राजनीति में, लेकिन सत्ता के प्रदर्शन में कुछ तो नूर चाहिए। हिमाचल में बहस राजनीति के हर सफर को खुली निगाहों से देखती है और इसीलिए सरकारों को हकीकत की खुली किताब में रहना पड़ता है। यहां अर्जियों की पैमाइश में केंद्र से आर्थिक ऊर्जा के संदेश सुने जाते रहे हैं और पर्वतीय विडंबनाओं से जूझते मकसद गिने जाते हैं। दरअसल पर्वतीय अस्मिता के संघर्ष में अगर वाईएस परमार ने पहाड़ी रियासतों को जोडक़र सियासत का गुलदस्ता बनाया, तो एक राज्य के रूप में हिमाचल का आर्थिक हिसाब भी जुड़ गया। तरक्की के पायदान बिछते रहे, मगर आर्थिक खुशहाली के दरवाजे पूरी तरह खुले नहीं। नतीजतन हर दौर की क्रिया-प्रतिक्रिया में आर्थिक हिसाब बढ़ता गया। बावजूद इसके सरकारें कड़वे फैसले लेने के बजाय मीठी गोलियां बांटती रहीं। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रदेश पर कर्ज का बोझ इस कद्र हावी हो गया कि अब राज्य की 'आर्थिक दुरुस्ती के लिए' इंतजाम करने पड़ेंगे। कहने को हर मुख्यमंत्री ने अपनी-अपनी तरह से इंतजाम किए, लेकिन जहां बेडियां चुनावी मंजर में राहत ढूंढती हों, वहां उदारता के जख्म बढ़ते गए। कांग्रेस ने इसी हकीकत को जब गारंटियों से जोड़ा तो सत्ता की पैरवी में सरकार को खजाने की कीमत चुकानी पड़ रही है। दरअसल हिमाचल की राजनीति ने आर्थिक खाका बनने ही नहीं दिया और अब दिक्कत यह कि केंद्र के तराजू में एक बड़ी शून्यता से प्रदेश को दो-चार होना पड़ रहा है यानी इंसाफ ढूंढने से पहले अपने स्रोत में चिराग उगाने पड़ेंगे। चिरागों की तलाश का एक दौर शांता कुमार की हुकूमत में सफर पे निकला था और अब जरूरतें सुखविंदर सुक्खू सरकार से मेहनत करवा रही हैं। कड़े कदमों का ऐलान जिस जमीन पर शांता कुमार ने किया था, आज उसी बंजर भूमि को फिर से खोदा जा रहा है। आए हैं कुछ फैसले, जिनके खिलाफ हिदायतें आने लगीं, तेरी हस्ती में सख्त कदम जरूरी था। सुक्खू सरकार को कुछ बचाना, कुछ हासिल करना और कुछ संवारना पड़ेगा। इसी संदर्भ में वित्तीय बिलों की कटौतियां, खर्चों में लटकी लेटलतीफियां और ढर्रे में अनगिनत दूरियां मिटाने की जद्दोजहद यह सरकार भी कुछ हद तक कर रही है।

> हिमाचल में बहस राजनीति के हर सफर को खुली निगाहों से देखती है और इसीलिए सरकारों को हकीकत की खुली किताब में रहना पड़ता है। यहां अर्जियों की पैमाइश में केंद्र से आर्थिक ऊर्जा के संदेश सुने जाते रहे हैं और पर्वतीय विडंबनाओं से जूझते मकसद गिने जाते हैं। दरअसल पर्वतीय अस्मिता के संघर्ष में अगर वाईएस परमार ने पहाड़ी रियासतों को जोडक़र सियासत का गुलदस्ता बनाया, तो एक राज्य के रूप में हिमाचल का आर्थिक हिसाब भी जुड़ गया। तरक्की के पायदान बिछते रहे, मगर आर्थिक खुशहाली के दरवाजे पूरी तरह खुले नहीं। नतीजतन हर दौर की क्रिया-प्रतिक्रिया में आर्थिक हिसाब बढ़ता गया। बावजूद इसके सरकारें कड़वे फैसले लेने के बजाय मीठी गोलियां बांटती रहीं। इसी परिप्रेक्ष्य में प्रदेश पर कर्ज का बोझ इस कद्र हावी हो गया कि अब राज्य की 'आर्थिक दुरुस्ती के लिए' इंतजाम करने पड़ेंगे। कहने को हर मुख्यमंत्री ने अपनी-अपनी तरह से इंतजाम किए, लेकिन जहां बेडियां चुनावी मंजर में राहत ढूंढती हों, वहां उदारता के जख्म बढ़ते गए।

जाहिर है ऐसे परिदृश्य में विरोध की राजनीति शगुन नहीं डालेगी और हर जिरह में जुबान नहीं लडख़ड़ाई। बजट की कसरतें केंद्र से कितनी सशक्त होती हैं या आर्थिक सहयोग में निजी निवेश कहां तक भरपाई करता है, यह देखना होगा। बहरहाल, सरकार के अपने खाके में संसाधनों की तलाश जारी है और इसी उम्मीद से पर्यटन, हरित ऊर्जा, डेयरी, डाटा स्टोरेज, खाद्य प्रसंस्करण और जल विद्युत परियोजनाओं में निजी निवेश से हाथ मिलाने की कोशिश हो रही है। बुधवार को इसी परिप्रेक्ष्य में संभावनाएं तब जागीं जब चंडीगढ़ की कंपनी के साथ 1400 करोड़ की लागत से ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना पर एक समझौता हुआ। दूसरी ओर यूएई के राजदूत डा. अब्दुल नादिर अलशाली और मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू के बीच संभावनाओं की मुलाकात होती है। यूएई निवेश के लिए विभिन्न क्षेत्रों में रुचि दिखा रहा है और इस दृष्टि से हिमाचल ने अपनी पैरवी की है। कहना न होगा कि हिमाचल नए निवेश के लिए प्रस्तुत हो रहा है। इससे पहले जयराम सरकार ने तो बाकायदा इनवेस्टर मीट करवा कर अपने आर्थिक पैमाने भरने की कोशिश की थी, लेकिन न पर्यटन से कोई बड़ी राह निकली और न ही अन्य क्षेत्रों में बहार आई। निवेश की राह पर राजनीतिक चुनौतियों की ही वजह है कि स्की विलेज, ऊना एसईजेड एविएशन तथा वाकनाघाट जैसी परियोजनाएं आज तक सिरे नहीं चढ़ीं। पर्यटन की सबसे बड़ी परियोजना स्की विलेज के विरोध में तो देवता समाज भी लगा दिया था।

## आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था है

# भारत बनेगा 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थ व्यवस्था !

सुनील कुमार महला

> प्रधानमंत्री ने रोजगार सृजन के लिए कौशल विकास( स्किल डेवलपमेंट) और नवोन्मेष में निवेश का आह्वान भी किया है। दरअसल, बजट बाद आयोजित एक वेबिनार में उन्होंने यह बात कही है कि सरकार ने वर्ष 2014 से अब तक तीन करोड़ युवाओं को हुनरमंद बनाया है तथा सरकार ने 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को अपग्रेड करने और पांच उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का फैसला किया है। पाठकों को बताता चलूं कि उन्होंने कहा है कि-' क्षमता निर्माण और प्रतिभा पोषण राष्ट्रीय विकास के लिए आधारशिला के रूप में काम करते हैं। विकास के अगले चरण में इन क्षेत्रों में अधिक निवेश जरूरी है।'

**हाल** ही में हमारे देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने यह बात कही है कि अब वह दिन दूर नहीं है, जब भारत 5,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। प्रधानमंत्री ने रोजगार सृजन के लिए कौशल विकास( स्किल डेवलपमेंट) और नवोन्मेष में निवेश का आह्वान भी किया है। दरअसल, बजट बाद आयोजित एक वेबिनार में उन्होंने यह बात कही है कि सरकार ने वर्ष 2014 से अब तक तीन करोड़ युवाओं को हुनरमंद बनाया है तथा सरकार ने 1,000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को अपग्रेड करने और पांच उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का फैसला किया है। पाठकों को बताता चलूं कि उन्होंने कहा है कि-' क्षमता निर्माण और प्रतिभा पोषण राष्ट्रीय विकास के लिए आधारशिला के रूप में काम करते हैं। विकास के अगले चरण में इन क्षेत्रों में अधिक निवेश जरूरी है।' आगे उन्होंने संबोधित करते हुए यह कहा कि, लोगों में निवेश की दृष्टि तीन स्तंभों शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कौशल विकास पर आधारित है।

वास्तव में यह एक अच्छी खबर कहीं जा सकती है कि भारत की अर्थव्यवस्था एक दशक (वर्ष 2015-2025 तक) में 66 प्रतिशत बढ़ी है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई प्रमुख अर्थव्यवस्था है। सरकार ने युवाओं को नए अवसर और व्यावहारिक कौशल देने के लिए पीएम इंटर्नशिप योजना शुरू की है। यह काबिले-तारीफ है कि सरकार ने इस बार प्रस्तुत किए गए बजट में एआई आधारित शिक्षा और शोध के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं तथा साथ ही साथ 10,000 अतिरिक्त मेडिकल सीटों की घोषणा भी की है। इससे मेडिकल क्षेत्र में और अधिक प्रगति और उन्नयन देखने को मिलेगा। इतना ही नहीं, सरकार का अगले पांच साल में चिकित्सा क्षेत्र में 75,000 और सीट जोड़ने का लक्ष्य है।

सरकार ने पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करते हुए देश में 50 गंतव्यों का विकास करने की बात भी कही है जैसा कि पर्यटन क्षेत्र में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में 10 प्रतिशत तक योगदान करने और करोड़ों युवाओं के लिए रोजगार देने की क्षमता है। वास्तव में,लोगों, अर्थव्यवस्था और नवाचार में



निवेश एक ऐसा विषय है जो विकसित भारत के लिए रोडमैप को परिभाषित करता है। आज इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ ही उधोगों को तो सरकार द्वारा प्राथमिकता दी ही जा रही है, साथ ही साथ देश की अर्थव्यवस्था, नवाचार और लोगों के लिए भी लगातार काम किया जा रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज के समय में भारत की शिक्षा प्रणाली एक बड़े परिवर्तन से गुजर रही है।

सरकार शिक्षा और प्रौद्योगिकी में निरंतर विकास, उन्नयन के लिए प्रयासरत है और आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति, आईआईटी का विस्तार, शिक्षा प्रणाली में प्रौद्योगिकी का एकीकरण, एआई की पूरी क्षमता का उपयोग, पाठ्यपुस्तकों का डिजिटलीकरण, 22 भारतीय भाषाओं में अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना जैसे बड़े कदम, ऐसे कई प्रयास सरकार द्वारा चल रहे हैं। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह बात कही है कि 'मिशन-मोड में किए गए इन प्रयासों ने भारत की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की दुनिया की जरूरतों और मापदंडों के अनुरूप बनाया है।' यदि हम यहां स्वास्थ्य केंद्रों की बात करें तो आज देश में सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक टेलीमेडिसिन सुविधा का विस्तार किया जा रहा है। डे-केयर कैंसर केंद्रों और डिजिटल स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढांचे के माध्यम से सरकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा को अंतिम छोर तक ले जाना चाहती है।

इतना ही नहीं,सरकार ने स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इस बजट में कई कदम उठाए हैं। अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक लाख करोड़ रुपये का कोष पारित किया गया है। आज देश में प्रतिभाओं के पोषण के लिए लगातार काम किया जा रहा है। उनमें क्षमता निर्माण हेतु सरकार प्रतिबद्ध नजर आती है। कहना ग़लत नहीं होगा कि जब किसी देश के युवाओं में क्षमता निर्माण होगा और प्रतिभाओं का पोषण होगा तो देश निश्चित ही प्रगति के नये आयामों की ओर अग्रसर हो सकेगा। देश की शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन से देश चहुंमुखी विकास की ओर अग्रसर होगा, क्यों कि शिक्षा किसी भी राष्ट्र की असली रीढ़ होती है। आज अनेक दशकों बाद देश की शिक्षा प्रणाली में अनेक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं, नई शिक्षा नीति में अनेक नवाचार, प्रावधान किए गए हैं।शिक्षा प्रणाली में टेक्नोलॉजी का इंटीग्रेशन एक बड़ी व नायाब पहल कहीं जा सकती है।

पाठ्य पुस्तकों के डिजिटलीकरण और 22 भारतीय भाषाओं में शिक्षण सामग्री की उपलब्धता से निश्चित ही समाज और देश आगे बढ़ेगा। आज युवाओं को प्रशिक्षण से लैस करने के लिए अनेक प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं. कहना ग़लत नहीं होगा कि इससे उधोगों की जरूरतें पूरी होंगी और देश की अर्थव्यवस्था को पंख लग सकेंगे। ऐसे प्रयास किए जा रहे हैं जिससे हमारे देश के युवा हर क्षेत्र में वैश्विक प्रतिस्पर्धा कर सकें तथा उन्हें एक्सपोजर मिल सके। यहां पाठकों को बताता चलूं कि इस वर्ष हमारे देश की वित्त मंत्री ने सभी क्षेत्रों के संतुलित विकास को प्रोत्साहित करते हुए 'सबका विकास' थीम के साथ केंद्रीय बजट 2025-26 प्रस्तुत किया था, जिसमें उन्होंने विकसित भारत के व्यापक सिद्धांतों को रेखांकित किया है जिनमें क्रमशः शून्य गरीबी, शत-प्रतिशत अच्छी गुणवत्ता वाली स्कूली शिक्षा,उच्च गुणवत्ता वाली, सस्ती और व्यापक स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच,सार्थक रोजगार के साथ शत-प्रतिशत कुशल श्रमिक, आर्थिक गतिविधियों में सत्तर प्रतिशत महिलाएँ; तथा किसान हमारे देश को 'विश्व की खाद्य टोकरी' बना रहे हैं, जैसे व्यापक सिद्धांत शामिल हैं। इस वर्ष प्रस्तुत किए गए बजट में कृषि, एमएसएमई( सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) तथा निवेश (इन्वेस्टमेंट) विकास के प्रमुख इंजन हैं।अंत में, यही कहूंगा कि विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए सरकार पूरी तरह से दृढ़ संकल्पित है।

दृष्टि कोण

# मुफ्त रेवड़ियां नहीं, समान अवसर चाहिए

**हाल** में ही सुप्रीम कोर्ट द्वारा कहा गया है कि लोगों को फ्रीबीज के माध्यम से मुख्यधारा में लाने के बजाय क्या हम परजीवियों का एक वर्ग तैयार नहीं कर रहे? सही मायने में यह टिप्पणी समाज के हर वर्ग के लिए एक सोचनीय प्रश्न का जवाब जानना चाहती है। विशेषकर इस वर्ग से जो देश के लगभग 50 प्रतिशत आबादी का प्रतिनिधत्व करती है महिला वर्ग। हर राजनीतिक पार्टी इस वर्ग की खुशहाली के लिए मुफ्त योजनाओं का सहारा लेकर चलना चाहती है। आलम यह है कि इस वर्ग की शिक्षित व अशिक्षित महिलाएं भी इन योजनाओं का लाभ पाकर धन्य हो रही हैं। लेकिन कब तक? हर वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है ताकि उनके सम्मान व अधिकारों की बात की जा सके, लेकिन यकीन मानें इस तरह की मुफ्त रिवायतों ने महिलाओं की सही समस्याओं एवं मुद्दों को कहीं पीछे धकेल दिया है। भारत जैसे विकासशील देश में जहां हर दूसरा राज्य मुफ्त योजनाओं के कारण राजस्व घाटे का सामना कर रहा है। आर्थिक शोध एजेंसी क्रिसिल के मुताबिक राज्य अपने कुल राजस्व का 13 फीसदी हिस्सा कर्ज का ब्याज चुकाने में लगा रहे हैं। जबकि वित्त आयोग के मुताबिक कुल राजस्व का 10 फीसदी कर्ज चुकाने में खर्च नहीं होना चाहिए। इसमें भी चिंतनीय बात यह है कि राज्य कर्ज का अधिकतर हिस्सा सैलरी, पैंशन और मुफ्त की सेवाएं देने में खर्च कर रहे हैं। कुछ योजनाएं तो ऐसी हैं जो सही मायने में आत्मनिर्भर नहीं, बल्कि विशेषकर महिला वर्ग को अप्रत्यक्ष तौर पर परावलंबन बना रही हैं। जहां हिमाचल प्रदेश में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि की पात्र महिलाओं को 1500 रुपए महीना, तेलंगाना में महालक्ष्मी योजना के तहत 2500, कर्नाटक में गृह लक्ष्मी योजना की पात्र महिलाओं को 200 रुपए, उड़ीसा में सुभद्रा योजना के तहत 10000 हजार रुपए हर वर्ष, महाराष्ट्र व मध्य प्रदेश में लाडली बहना योजना के तहत 21 से 65 साल तक की महिलाओं को 1500 रुपए महीना, पंजाब में एक हजार और हाल में ही दिल्ली की वर्तमान सरकार ने 8 मार्च को चुनावी वादे के मुताबिक 2500 रुपए महीना पात्र महिलाओं के खाते में डालने की घोषणा कर दी है। आलम यह है कि तेलंगाना, कर्नाटक व पंजाब आदि में तो हर वर्ग की महिलाओं को मुफ्त बस की सुविधा भी दी जा रही है। इन कल्याणकारी योजनाओं के नाम पर क्रिसिल रेटिंग्स के मुताबिक राज्यों का राजकोषीय घाटा कुल मिलाकर 1.1 लाख करोड़ रुपए रहने की उम्मीद है। हालांकि कुछ वर्षों में उत्तर भारत में राजनीतिक पार्टियों द्वारा सीधे खातों में पैसे भेजने की बात की जा रही है, तब से आर्थिक बोझ ज्यादा बढ़ गया है, हालांकि फ्रीबीज की शुरुआत दक्षिण भारतीय राज्यों द्वारा विशेषकर महिलाओं को मुफ्त साड़ी, कंबल, सिलाई मशीन, मिक्सर, टीवी, साईकिल एवं लैपटॉप द्वारा दी जाने से हुई। लेकिन फिर भी ये प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष तौर पर पूंजीगत व्यय के तहत माना जाता था ताकि वहां की लोकल इण्डस्ट्री को उत्पादन का आर्डर मिलकर, वहीं के लोगों को भी रोजगार के अवसर मिल सकें। लेकिन बदलते समय के साथ वस्तुओं की जगह पैसे बांटने का चलन दुष्प्रभावी हो चुका है। इस परिस्थिति में समय रहते हर राजनीतिक पार्टी को समझना होगा कि देश के विकास के लिए निर्भर महिला वर्ग नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर महिलाओं की संख्या में वृद्धि करनी होगी। समाज में महिलाओं के सामने सबसे बड़ी चुनौती आर्थिक तौर पर सक्षम न होना है। उसके पीछे मुख्य कारण शिक्षा का अभाव व अवसरों का कम होना है। हालांकि स्कूल, कॉलेजों में शैक्षिक माहौल दिया जा रहा है, लेकिन विशेषकर हाई स्किल एजुकेशन में महिलाओं का स्तर बहुत नीचे है। हाल में ही विश्व बैंक की एक रिपोर्ट 'एजुकेशन, सोशल नाम्र्स एंड मैरिज पैनल्टी' के मुताबिक भारत में 13 से 14 प्रतिशत स्किल्ड महिलाएं शादी के बाद जॉब छोड़ देती हैं। जबकि गांव में तो महिलाओं के पास स्किल एजुकेशन के अवसर न के बराबर हैं। हमारे समाज के मूल्य अगर समान अवसर की परिस्थितियां बनाएं तो यकीन मानिए जमीनी स्तर पर मुफ्त की रेवडियां महिला वर्ग को बांटने की नौबत ही नहीं आएगी। इस बात को पुख्ता करने के लिए अभी हाल में ही वल्र्ड इकनॉमिक फोरम ने साल 2024 के लिए ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत 146 देशों में से 129वें स्थान पर है, जिसमें राजनीतिक सशक्तिकरण (77.5 फीसदी), आर्थिक भागीदारी और अवसरों (39.5 फीसदी) के मामलों में लैंगिक अंतराल सबसे ज्यादा है। जमीनी स्तर पर हालात इतने खराब हैं कि देश को पूर्ण लैंगिक समानता हासिल करने में 134 साल लगेंगे।

कुछ अलग

# मैनेज करने की कला...

**मैनेज** करने की कला कई व्यक्तियों में अद्भुत होती है। उसका लोहा मानना पड़ता है। जैसे मैं दीपक जी का मानता हूं। दीपक जी एकदम चलते पुर्जे हैं। बिगड़ा हुआ काम बना दें और बनता हुआ काम बिगाड़ दें, दोनों कलाओं में सिद्धहस्त हैं। मैनेज करने की उनकी कला की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। और देखा जाए तो दीपक जी इसी कला से कमा-खा रहे हैं। टिपिकल से टिपिकल व्यक्ति को सांचे में उतार दें। वे साहित्यसेवी भी हैं। एक बार अपनी इसी कला को लेकर मेरे यहां प्रकट हुए। मैं यकायक घबरा सा गया। वे आते ही बोले – 'सर, आप बहुत अच्छा लिखते हैं।' मैं समझ गया दीपक जी सांचे में उतारना शुरू कर रहे हैं। मैं बोला- 'इसमें नया क्या है? वह तो मैं वर्षों से लिख रहा हूं। लेकिन आप बताइए, आपका इरादा क्या है?' वे बोले – 'इरादा क्या, मैं तो आपकी कुशलक्षेम पूछने आ गया था। हां, एक काम जरूर था। वह क्या है, मेरी एक कविता की पुस्तक आई है, मैं चाहता हूं कि उसकी समीक्षा आप लिख दें 'विहान' के लिए।' 'अब आए न असली बात पर यार। भाई समीक्षा तो लिख दूंगा, लेकिन मैं पुस्तक नहीं पढ़ पाऊंगा।' मेरे इस उत्तर से वे प्रसन्न हो गए और बोले – 'सर, मुझे पुस्तक पढ़वानी भी नहीं है। जो मजा पुस्तक को बिना पढ़े लिखी समीक्षा में आएगा, भला पढक़र तो पुस्तक गुड़-गोबर हो जाएगी। इसलिए आपके अवलोकनार्थ एक प्रति लाया हूं। कृपया इसे पढ़े नहीं। बताइए, मैं कब आ जाऊं?' वे पुस्तक-समीक्षा जल्द से जल्द लिखवा लेना चाहते थे। लेकिन मैं भी कम मैनेजर नहीं हूं। मैंने कहा - 'दीपक जी, आप जिस होटल में मैनेजर हैं न, मैं वहां से बीस साल पहले रिटायर हो गया हूं। इसलिए मुझे बनाने की कोशिश न करें। मैं समीक्षा अपनी मर्जी से लिखूंगा।' 'इसका मतलब आप भी मैनेज करने की कला में पारंगत हैं? माफ करना सर, इस नाचीज को भी कम न आंकिए। मैं फ्रीलांस हूं मैनेज करने की कला में। आप तो यह कार्य आवश्यकता पडऩे पर करते हैं, मैं फुलटाइम यही जॉब करता हूं। मुझे पता है आप पहुंचे हुए हैं। आसानी से किसी का काम नहीं करते, लेकिन मैंने आपसे समीक्षा की एक ही झटके में 'हां' करवा ली।' दीपक जी की बात सुनकर मुझे लगा, यह काइयां है- ऐसे नहीं मानेगा। मैंने झट से पैंतरा बदला- 'जाओ भाई, अब मैं आपकी पुस्तक की समीक्षा नहीं लिखूंगा। बताइये अब क्या करोगे?' मेरे इस अप्रत्याशित निर्णय से उनकी आंखें बदल गई और वे बोले -'समीक्षा तो आप और आपकी छाया दोनों लिखेंगे। 'विहान' में छपना आसान नहीं है। एक आर्टिकल के दो हजार मिलते हैं। मैंने संपादक को मैनेज कर लिया है, वह छापने को तैयार है। कहिये लिखेंगे या नहीं?' मैं पारिश्रमिक की दरें सुनकर ठंडा पड़ गया। धीरे से बोला-''विहान' ने कब से बढ़ाया पारिश्रमिक। पहले तो दो सौ रुपए देती थी।' वे बोले-'आप चालीस साल पहले की बात कर रहे हैं।' 'विहान' का सर्कुलेशन तीन लाख है। एक आर्टिकल से आदमी मैंगो मैन तक पहुंच जाता है।' मैंने कहा -'तो छोड़ जाइये पुस्तक, मैं एक वीक में लिख दूंगा।' दीपक जी ने पुस्तक थमाई और चलते बने। मैं फिर उनका लोहा मान गया कि वे साम, दाम, दंड और भेद कैसे भी करके मैनेज कर ही लेते हैं। आजकल यह कला खूब चल रही है और हजारों लोग इसी से कमा-खा रहे हैं। मैंने दीपक जी की मैनेज करने की कला को प्रणाम किया तथा तत्काल पुस्तक समीक्षा लिखने बैठ गया।

देश दुनीया से

# औरंगजेब को जिंदा करने की कोशिश

**औरंगजेब** को मरे अरसा हो गया। विदेश के जिन हुक्मरानों ने हिंदुस्तान पर राज किया, उनमें से सबसे ज्यादा निकृष्ट, अत्याचारी और कट्टर औरंगजेब को ही माना जाता है। यहां तक कि उसने अपने तमाम भाइयों को मरवा दिया। दारा शिकोह, जो इस्लाम के भारतीयकरण का हिमायती था, को तो गंदे कपड़े पहना कर उसको हाथी पर बिठा कर दिल्ली की गलियों में उसका जुलूस निकाला गया और फिर उसका सिर कलम करके औरंगजेब ने अपने बाप शाहजहां को तोहफे में दिया। इतना ही नहीं, दारा शिकोह के बेटे को भी मरवाया। अपने बाप को नजरबंद किया। नवम गुरु श्री तेग बहादुर जी को दिल्ली में शहीद किया। उस औरंगजेब की सल्तनत को शिवाजी महाराज ने दक्षिण में चुनौती ही नहीं दी, बल्कि महाराष्ट्र में हिंदी साम्राज्य की स्थापना की। औरंगजेब ने शिवाजी के पुत्र संभा जी महाराज को बहुत ही पाशविक तरीके से शहीद किया। औरंगजेब के प्रति हिंदुस्तान के लोगों में कितना क्रोध है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पंजाब के पुआध इलाके के आनंदपुर साहिब में होला मोहल्ला के अवसर पर आज भी लाखों लोग जुटते हैं और वहां खालसा पंथ के प्रतीक निहंग जमीन पर दो ईंटें रख लेते हैं और उसे औरंगजेब की कब्र का प्रतीक मान कर उस पर निरंतर जूते मारते हैं। महाराष्ट्र में अभी पिछले दिनों शिवाजी महाराज और संभा जी महाराज के इतिहास को लेकर 'छावा' नाम की फिल्म चल रही है। लोग औरंगजेब के अत्याचारों को देख कर भावुक हो रहे हैं। जाहिर है उनके निशाने पर औरंगजेब ही है। लोग औरंगजेब को और भी गहरी कब्र में गाडऩा चाहते हैं, ताकि भारत में कभी उसका भूत भी न आ सके। लेकिन समाजवादी पार्टी लोगों की इस भावना से सहमत नहीं है। वह औरंगजेब को पुनः जिंदा करना चाहती है। यह जिम्मेदारी समाजवादी पार्टी के महाराष्ट्र में सिपाहसलार अबू आजमी ने उठाया। हो सकता है यह जिम्मेदारी उसको पार्टी ने ही सौंपी हो। लेकिन यह पार्टी का अंदरूनी मामला है। मुख्य मुद्दा है औरंगजेब। अबू आजमी मरे हुए औरंगजेब को ही हिंदुस्तान का हीरो देखना चाहता है। इसलिए अब आजमी ने महाराष्ट्र की शिवाजी वाली धरती से औरंगजेब के कसीदे पढऩे शुरू कर दिए। उसका कहना है कि इस प्रकार का बादशाह हिंदुस्तान के इतिहास में आज तक नहीं हुआ है। हिंदुस्तान में औरंगजेब को नायक कौन बनाना चाहते हैं? अबू आजमी ने इसका भी जवाब दिया। उसने कहा मैं तो औरंगजेब के बारे में कुछ नहीं जानता। उसके बारे में मैंने जो किताबों में पढ़ा है, मैं तो उसी औरंगजेब की तारीफ कर रहा था। अबू आजमी की बात सही है। लेकिन औरंगजेब को महिमामंडित करने वाली किताबें किसने लिखी हैं? दिल्ली में औरंगजेब रोड किसने बनवाया है? भारत में यह काम सैयदों का किया धरा है। यह संयोग तो नहीं कहा जा सकता कि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय खोलने वाला भी सैयद था और हिंदुस्तान का पहला शिक्षा मंत्री भी सैयद था। कांग्रेस के राज में शुरुआती दौर में जितने शिक्षा मंत्री हुए, उनमें अधिकांश या तो सैयद थे या उन सैयदों के चेले। अबू आजमी जानते हैं कि सैयदों या उनके चेलों ने ही औरंगजेब को महिमामंडित करने का काम किया है, जिसको अबू आजमी आगे बढ़ा रहे हैं। लेकिन केवल सैयदों को पकडऩे से काम नहीं चलेगा। कांग्रेस में सैयद घुस गए थे और वे अपना काम कर रहे थे, लेकिन कांग्रेस ने अपने कुछ दूसरे कारकून भी इस काम में लगा दिए थे। उनमें सबसे बड़े थे बीडी शर्मा। शर्मा ने तो औरंगजेब की स्तुति में एक पूरी किताब ही लिख दी थी। शर्मा का कहना था कि औरंगजेब ने काशी का विश्वनाथ मंदिर इसलिए गिरवा दिया था, क्योंकि वहीं औरतों से बलात्कार होता था। कांग्रेस ने इस मौलिक खोज से खुश होकर उसको ओडिशा का राज्यपाल बना दिया था। ये लोग जो आज भी सब काम छोडक़र औरंगजेब को जिंदा करने के काम में जी-जान से लगे हुए हैं, उनके पास इसके प्रमाण क्या हैं? इनको देख लेना जरूरी है। सैयदों का कहना है कि इतना बड़ा बादशाह होने के बावजूद औरंगजेब टोपियां बुना करता था। उन टोपियों से वह अपने परिवार का गुजारा किया करता था। सैयदों को लगता है कि औरंगजेब की इन हरकतों से हिंदुस्तान के देसी मुसलमान, जिन्हें वे पसमांदा मुसलमान कहते हैं, औरंगजेब की कब्र के आगे अपने आप ही सिजदा करना शुरू कर देंगे। लेकिन इस पूरे विवाद का एक दूसरा पक्ष भी है। औरंगजेब अच्छा बादशाह था या बुरा बादशाह था, इसको थोड़ी देर के लिए स्थगित कर दिया जाए, तो इस बात में तो कोई शक नहीं है कि मुगल वंश हिंदुस्तान में मध्य एशिया से आया हुआ एक विदेशी राजवंश था, जिसने हिंदुस्तान को गुलाम बना लिया था। प्रश्न उसके अच्छे-बुरे का नहीं है, प्रश्न है एक विदेशी बादशाह को भारत में से उखाडऩा। मुगलों की हुकूमत को शिवाजी मराठा, गुरु गोविंद सिंह, महाराणा प्रताप और लचित बुरफोकन ने मिलकर एक समय जर्जर कर दिया था। आज इक्कीसवीं शताब्दी में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के लोग मिल कर भी मुगल वंश के वारिसों को भारत की गद्दी पर तो नहीं बिठा सकते, लेकिन उस वंश के रहबर औरंगजेब को भारत के इतिहास में नायक के तौर पर स्थापित कर ही सकते हैं। अबू आजमी पार्टी के आदेश पर इसी काम के लिए घर से निकले थे। लेकिन बुरे फंस गए। न अब खाते बनता है और न ही उगलते बनता है। इस मसले पर महाराष्ट्र के साथ-साथ कई अन्य राज्यों में भी उबाल आ गया है। उत्तर प्रदेश की ही बात करें, तो इस मसले पर वहां के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चेतावनी के लहजे में कहा है कि इस तरह के लोगों को सीधे करने के लिए उत्तर प्रदेश भेजा जाना चाहिए। यह मसला भारत में सांप्रदायिक तनाव का कारण नहीं बनना चाहिए, इस दिशा में काम होना चाहिए। जो ताकतें भारत में शांति और विकास की पक्षधर हैं, उन्हें एकजुट होकर देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में काम करना चाहिए। इस मसले पर जनमत बंटा हो सकता है, किंतु भारत को सशक्त करना सभी भारतीयों का लक्ष्य होना चाहिए और उसी दिशा में काम हो।



आप का नजरीया

# इतिहास के छिलके

**करीब** 300 साल पुराना इतिहास आज प्रासंगिक कैसे हो सकता है? यदि इतिहास प्रासंगिक नहीं है, तो तत्कालीन बादशाहों, आक्रांताओं, तानाशाहों की चर्चा भी क्यों की जाए? आज हम एक स्वतंत्र, लोकतांत्रिक और संप्रभु राष्ट्र के नागरिक हैं, तो उस अतीत की चर्चा भी क्यों की जाए, जिसका इतिहास दुराग्रह और झूठ की सोच से लिखा गया हो? भारत की विडंबना यह है कि यहां की लोकतांत्रिक राजनीति लगभग दोफाड़ है। एक तरफ भाजपा और उसके सहयोगी दल तथा दूसरी तरफ भाजपा-विरोधी जमात। ऐसी स्थिति में बाबर, अकबर, औरंगजेब सरीखे मुगल बादशाह भी उस सियासत के कथित आदर्श हैं, जो वैचारिक तौर पर भाजपा-विरोधी है। हालांकि समकालीन इतिहास, घटनाक्रम और जनमत से स्पष्ट है कि बहुधा मुसलमान इन बादशाहों को न तो अपना आदर्श मानते हैं और न ही इनके नाम पर वोट देते हैं। अलबत्ता औरंगजेब की समर्थक एक जमात हमारे देश में सक्रिय भी है और वह पढ़ी-लिखी, जागरूक जमात है, लेकिन क्या करें, वह दक्षिणपंथी राजनीति की घोर विरोधी है, लिहाजा औरंगजेब भी उसे प्रिय लगता है। फिलहाल प्रसंग महाराष्ट्र समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं विधायक अबु आजमी का है। उन्होंने औरंगजेब को उदार और महान बादशाह माना है। संविधान में दिए गए 'अभिव्यक्ति की आजादी' के मौलिक अधिकार को न तो कवच बनाया जाए और न ही उसकी गलत व्याख्या स्वीकार्य है। चूंकि अबु आजमी को सदन से निलंबित करने का आग्रह उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे का था और लगभग पूरा सदन समर्थन में था, बेशक कांग्रेसी चेहरे खामोश थे, लिहाजा आजमी को पूरे बजट सत्र के लिए सदन से निलंबित कर दिया गया। शिवसेना के उद्धव ठाकरे ने तो अबु आजमी की सदस्यता स्थायी रूप से खत्म करने की मांग की है। उद्धव और सपा तो विपक्षी गठबंधन के साथी हैं। यह कैसा गठबंधन है! बहरहाल विधानसभा स्पीकर के विशेषाधिकार पर संवैधानिक प्रावधान भी हैं और सर्वोच्च अदालत के फैसले भी हैं कि यदि किसी सदस्य ने सदन के बाहर कुछ आपत्तिजनक बयान दिया है अथवा गतिविधि की है, तो उसे निलंबित नहीं किया जा सकता। निर्वाचित सदस्य का सदन में उपस्थित रहना उसका भी विशेषाधिकार है, लेकिन हमारे विश्लेषण का विषय यह नहीं है। चूंकि सपा नेता ने जिस तरह औरंगजेब का महिमामंडन किया है, वह महाराष्ट्र से निकल कर उप्र, बिहार और देश के अन्य हिस्सों का भी मुद्दा बन गया है, लिहाजा हमारे लिए भी यह सवालिया है कि औरंगजेब को उदार और महान बादशाह किस आधार पर माना जाए? अबु भाजपाधर्मी राजनीति के घोर विरोधी नेता माने जाते हैं। क्या इसी आधार पर किसी बादशाह को उदारवादी, मानवीय, मंदिर-निर्माता आंका जा सकता है? औरंगजेब ने अपने पिता बादशाह शाहजहां को आगरा किले में कैद करवा दिया था और उन्हें बूंद-बूंद पानी के लिए तरसा दिया था। शाहजहां ने अपनी आत्मकथा में लिखा था कि हे खुदा! ऐसा कमबख्त बेटा किसी घर में पैदा न करना।'' यही नहीं, औरंगजेब ने अपने सगे भाई दारा शिकोह को पिंजरे में कैद कर दिल्ली के चांदनी चौक में घुमाया था। उसके अत्याचारों की दास्ताना लंबी है। महिमामंडन ठीक नहीं।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com



### शांति समिति की बैठक संपन्न, शराब पर रहेगा बैंन, होली होगा शुद्ध

# हुड़दंगियों पर पुलिस की पैनी नजर, गिद्धौर में 15 मार्च को मनाया जायेगा होली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** थाना में होली को लेकर शांति समिति की बैठक रविवार को किया गया।बैठक की अध्यक्षता सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप कुमार ने किया। संचालन थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने किया। उपस्थित अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा उप प्रमुख प्रीतम यादव मुख्य रूप से मौजूद थे। शांति समिति की बैठक में मुखिया निर्मला देवी प्रमेश्वर दांगी समेत अन्य लोगों ने बारी बारी से जानकारी देते हुए प्रखंड में शराब पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। सीओ ने कहा कि होली का त्यौहार में दो समुदायों के बीच हुड़दंग नहीं होता है। लोग अपने अपने में ही शराब के नशे में लड़ाई करते है। डीजे रात के 10 बजे तक ही बजाएं। नहीं तो करवाई की जायेगी। सोशल मीडिया से बचने की बात भी बैठक में किया गया।अफवाह नहीं फैलाएं। हाइवा वाहन परिचालन में रोक लगाने की बात भी किया गया।एसडीपीओ ने कहा कि हिन्दू मुस्लिम भाई सभी मिलकर रंगों का त्यौहार होली मनाएं। साथ ही होली के त्यौहार में सभी अभिभावक अपने बच्चों को शराब, गांजा समेत अन्य नशा नहीं करने दें। डीजे साउंड कम साउंड में बजाने की बात कही।थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि होली त्यौहार के दौरान हुड़दंगियों, सोशल मीडिया समेत पर पुलिस की पैनी नजर है। अफवाह समेत अन्य की सूचना देने की अपील किया। साथ ही होली मिलन समारोह भी मनाया गया। बैठक में सहायक अवर निरीक्ष रंजय कुमार सिंह, विद्यानंद शर्मा, देवनारायण दांगी, बालेश्वर यादव मुकेश कुमार साव, राजूलाल वर्मा, ब्रजेश सिंहा, शशिकुमार गुप्ता, चमारी दांगी, संदीप दास कमरउद्दीन मियां असलम मियां समेत अन्य मौजूद थे।

## चूंदरु धाम सूर्य मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष बने कुलदीप साव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** टंडवा के सुप्रसिद्ध चुन्दरु धाम परिसर में नये सूर्य मंदिर बनाने और सफल संचालन के लिए आजीवन सदस्य बने सदस्यों की एक बैठक, चुनाव को लेकर हुई। रविवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता टंडवा पंचायत के पूर्व मुखिया राजेन्द्र नायक और संचालन रंजीत गुप्ता ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से गाड़ी लौंग के कुलदीप साव को अध्यक्ष, शंकर गुप्ता सचिव और व्यवसायी विकास कुमार गुप्ता कोषाध्यक्ष बनाये गये। इसके अलावा कमेटी के अन्य पदों पर चुनाव को लेकर होली के बाद तिथि निर्धारित की जायेगी। चुनाव के बाद होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यवेक्षक टीम के सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। इस मौके पर वनांचल इंटर कॉलेज के सचिव जयप्रकाश नायक, अक्षयवट पांडे, जयमंगल नायक, बासुदेव बसंत, बिगुल गुप्ता, सुभाष गुप्ता, शंकर चौरसिया, तिलेश्वर साव, कृष्णा साहू, संजीत गुप्ता, बिनय सिन्हा,अनिल दास, बलराम गुप्ता, भुनेश्वर गुप्ता, रामविलास साव, मुकेश कुमार, विकास मालाकार समेत अन्य शामिल थे।

## अबीर गुलाल के साथ ब्राह्मण समाज गिद्धौर ने मनाया होली मिलन समारोह



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के कान्यकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के लोगों ने रंग अबीर गुलाल के साथ जोगीरा सा रा रा करते हुए होली मिलन समारोह का आयोजन रविवार को किया। यह कार्यक्रम गिद्धौर मुख्यालय स्थित बटेश्वर शिव मंदिर के प्रांगण में भव्य तरीके से संपन्न किया गया। मुख्य अतिथि जिला सचिव राजन पांडेय जिला उपाध्यक्ष अजय पांडेय जिला संरक्षक कृष्ण देव पांडेय एवं प्रदीप पांडेय उपस्थित हुए। कन्याकुब्ज ज्योतिषी ब्राह्मण समाज के द्वारा प्रखंड स्तरीय होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रखंड के आसपास के भी ब्राह्मण समाज के लोग सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्राह्मण समाज के प्रखंड अध्यक्ष संजय पांडेय के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य यदुनंदन पांडेय ने किया। जहां श्रीकांत पांडेय महावीर पांडेय अवध पांडेय कामदेव पांडेय प्रमोद पांडेय मुनी पांडेय लखन पांडेय एवं दर्जनों ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित थे।

## लोक प्रेरणा केंद्र द्वारा निःशुल्क पाठ्य पुस्तक का वितरण किया गया



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लोक प्रेरणा केंद्र और एक्शन विलेज इंडिया के सहयोग से निःशुल्क कोचिंग प्राप्त कर रही किशोरियों के बीच पाठ्य पुस्तक वगैरह सामग्री का वितरण किया गया।यह सामग्री वैसे किशोरियों को प्रदान किया गया जो की आर्थिक रूप से बिल्कुल कमजोर है और स्वयं के लिए पाठ्य सामग्री खरीद पाने में असमर्थ है। मौके पर संस्था के सचिव मौसमी बाखला ने कही कि हमारा उद्देश्य है कि पाठ्य सामग्री प्रदान कर किशोरियों को शिक्षा प्राप्त करने में मदद की जा सके और वह बेहतर परिणाम ला पाए। मौके पर रानी कुमारी, प्रतिमा कुमारी, कविता देवी के अलावे कई सहयोगी शामिल थे।

# मध्यस्था शिविर का किया गया आयोजन, कई मामलों में किया गया सुलह समझौता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार जिला सचिव के निर्देशानुसार कुंदा थाना में विधिक शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पति-पत्नी विवाद मामले समेत कई अन्य मामले में सुलह समझौता कर मध्यस्था की गई। मध्यस्थता में अधिकतर मित्र अजित कुमार ने अहम योगदान दिया।वही आगे अधिकार मित्र ने बताया की इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य लोगों को विधिक जानकारी प्रदान करना और उन्हें मध्यस्था के माध्यम से अपने विवादों का समाधान करने में मदद करना है। वही आगे उन्होंने कहा कि नालसा द्वारा जारी टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल कर या अधिकार मित्र से संपर्क कर साधारण कानूनी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। वही अधिकार मित्र प्रवीण कुमार व किरण कुमारी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मध्यस्था शिविर में एस आई नागेश्वर पंडित, मुंगेश्वर चौधरी समेत कई अन्य उपस्थित थे।

# सिमरिया थाना परिसर में होली पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** होली पर्व को लेकर सिमरिया थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई।यह बैठक थाना प्रभारी मानव मयंक द्वारा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने किया वहीं संचालन प्रमुख रोहन साहू ने किया। सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि होली पर्व शांति और सौहार्द पूर्वक मनाया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि किसी को वा जबरन रंग अबीर नहीं लगावे चुकी उसी दिन मुस्लिम भाइयों का जुम्मे का नमाज है इसे देखते हुए हम सभी का कर्तव्य बनता है कि एक दूसरे का ख्याल रखते हुए तथा आपसी प्यार सौहार्द पूर्वक अपना अपना त्यौहार मिलजुल कर मनावे। वहीं थाना प्रभारी मानव मयंक ने कहा कि डीजे साउंड पर बिल्कुल प्रतिबंध रहेगा। यदि किसी के द्वारा डीजे साउंड बजाने की सूचना थाना प्रशासन को मिलेगा तो उस पर कानून संगत कारवाई किया जाएगा। प्रमुख रोहन साहू ने कहा कि परिजन अपने अपने बच्चों पर पूरा ध्यान रखें किसी तरह का कोई कपड़ा फाड़ना या नशे की हालत में मारपीट करना आदि कानून जुर्म है। होली खुशियों का पर्व है मिलजुल कर मनावे। वैसे थाना प्रशासन द्वारा शराब के नशे में धुत वैसे हुड़दंगियों पर विशेष नजर रहेगा। और पुलिस की तैनाती सभी चौक चौराहे पर रहेगी। गलत करते पाएं जाएंगे तो उस पर कानूनी कारवाई करते हुए जेल के सलाखों के पीछे भेजा जाएगा। जिससे उनका भविष्य खराब हो सकता है।

## अज्ञात चोरों ने घर में घुस कर दिया चोरी का अंजाम

**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के मूर्वे कटिया निवासी दामोदर पांडेय के घर में घुस कर अज्ञात चोरों ने 50 हजार नगद सहित ढाई लाख का जेवर पर अपना हाथ साफ कर लिया है। चोरी को लेकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध श्री पाण्डेय ने सिमरिया थाना को लिखित आवेदन देकर कारवाई एवं धर पकड़ करने की गुहार लगाया है। उन्होंने कहा है कि हम लोग शादी ब्याह के मौके पर रिश्तेदारों के यहां गए हुए थे। जब वापस आए तो देखे कि मेरा घर का बक्सा बैग जरूरी कागजात वगैरह घर के बगल में फेंका हुआ है। घर में रखा समान ढूंढने लगे तो बेटी के शादी के लिए रखा 50 हजार रुपया और ढाई लाख का जेवर गायब था। चोरों ने छत पर चढ़ कर घर में प्रवेश कर चोरी का अंजाम दिया है।

## विधायक प्रकाश राम ने किया पुल का शिलान्यास, ग्रामीणों में खुशी की लहर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** नेवाड़ी के ग्राम-सोहदाग में विधायक प्रकाश राम ने ततहसा नदी पर पुल निर्माण कार्य का रविवार को विधिवत शिलान्यास किया। यह पुल मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत बनाया जा रहा है ।जिससे ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। श्री राम ने अपने संबोधन में कहा कि यह पुल ग्रामीणों के लिए बेहद लाभकारी सिद्ध होगा और वर्षों से चल रही इस मांग को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुल निर्माण से ग्रामीणों के आवागमन में हो रही परेशानियों का समाधान होगा और क्षेत्र के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में यह पुल महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम का सफल संचालन ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार के कार्यपालक अभियंता द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह, अनिल सिंह, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, आनंद सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, पंचायत प्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बकरी चोरी के शक में मजदूर की पीट-पीटकर हत्या

### आधा दर्जन से अधिक लोग हिरासत में




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** सदर थाना क्षेत्र के गोवा गांव में बकरी चोरी के शक में ग्रामीणों ने एक मजदूर की पीट-पीटकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान मध्य प्रदेश के दतिया निवासी सलीम खान (40) के रूप में हुई है, जो गोवा गांव स्थित एक ईंट भट्ठे में मजदूरी करता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बीती रात सलीम खान पर गांव के कुछ लोगों ने बकरी चोरी करने का आरोप लगाया और उसे पकड़कर उसकी पिटाई शुरू कर दी। पिटाई के दौरान सलीम गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायल को इलाज के लिए लातेहार सदर अस्पताल भिजवाया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।इस घटना के बाद पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक शराबी था और हर पहलू से मामले की जांच की जा रही है। मृतक के परिजनों ने इसे हत्या करार देते हुए न्याय की मांग की है।बताया जा रहा है कि गोवा गांव में पिछले कुछ दिनों से बकरी चोरी की घटनाएं हो रही थीं, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश था। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## तैलिक साहू समाज की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** तैलिक साहू समाज देवी मंडप चट्टा की एक बैठक रविवार को सामुदायिक भवन गेरवा ताड़ में महावीर मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष प्रयाग साहू की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस चट्टा में आने वाले जितने घर के लोग हैं अगर किन्हीं के घर में किसी की मृत्यु हो जाती है तो कम से कम प्रत्येक घर के क एक सदस्य को दाह संस्कार कार्यक्रम में शामिल होना अनिवार्य है। वही दसवां के दिन पूर्व में चली आ रही प्रथा के अनुसार समाज के लोगों को भोजन करना अनिवार्य होता था जिसे समाप्त करते हुए यह स्वतंत्र कर दिया गया की दसकर्म में लोग दुखी मन में रहते हैं इसलिए वह अपने गोतिया एवं रिश्तेदारों के बीच में ही दस कर्म कर ले। वही ब्रह्म भोज अपने खुशी एवं सक्षम अनुसार कर सकते हैं ।वहीं बैठक में निर्णय लिया गया कि इस समाज में अगर कोई गरीब व्यक्ति है और उनकी लड़की का शादी करना हो तथा वह आर्थिक सहयोग लेना चाहते हैं तो यह समाज को सूचना करें समाज के लोग आर्थिक रूप से सहयोग कर लड़की की शादी में मदद करेंगे ।बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समाज में गरीब अमीर किसी के यहां कोई कार्यक्रम हो तो उसके यहां सभी लोगों को अनिवार्य रूप से शामिल होना है। तथा समाज से हटकर कार्य करने वाले व्यक्तियों पर सामाजिक बहिष्कार करने का भी निर्णय लिया गया है।

## सोहर के जंगल से 16 वर्षीय एक बच्ची का शव बरामद



**महुआडांड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नेतरहाट थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोहर के जंगल से नेतरहाट पुलिस ने सड़े गले अवस्था में 16 वर्षीय एक बच्ची का शव बरामद किया है। शनिवार को ग्राम सोहर की कुछ महिलाएं लकड़ी चुनने जंगल में गई थी। इस दौरान एक कटा हुआ पैर उन्होंने देखा जिसकी जानकारी गांव वालों को दी जिस पर गांव वालों के द्वारा नेतरहाट थाने को इसकी सूचना दी गई। मामले की सूचना मिलने पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया के नेतृत्व में इंस्पेक्टर पीर मुहम्मद, थाना प्रभारी नेतरहाट अभिषेक कुमार दलबल के साथ सुबह 8¬30 सोहर के जंगल पहुंचे। जहां पुलिस के जवान एवं ग्रामीणों ने लगातार 3 घंटे तक सघन छापेमारी कर शव बरामद किया। शव पूरी तरह से सड़ गल चुका था। वही छापेमारी के दौरान बरामद कपड़ों एवं शव के पैर में बंधे धागे से शव की पहचान की पुष्टि करते हुए बताया गया की शव सोहर निवासी दीपक मुंडा की 16 वर्षीय पुत्री अनुपम मुंडा की है। छापेमारी के दौरान उपस्थित स्वजनों ने भी इस बात की पुष्टि की। ग्रामीणों एवं मृतक बच्ची के स्वजनों ने बताया कि बच्ची अनुपम मुंडा 26 फरवरी को शिवरात्रि पर मेला देखने टांगीनाथ धाम गई हुई थी। जिसके बाद लौट कर घर नहीं आई।वही नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया की बच्ची के लापता होने के बाद स्वजनों के द्वारा मामला दर्ज कराते हुए यह बताया गया था की अज्ञात युवक के द्वारा बहला फुसलाकर बच्ची को भगा ले जाया गया है।वही इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवपूजन बहेलिया ने बताया की मामले की छानबीन की जा रही है जल्द ही आरोपी की गिरफ्तारी की जायेगी।

# झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ का जिला स्तरीय होली मिलन समारोह आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातु :** प्रखंड क्षेत्र के बरछिया ग्राम में झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ लातेहार द्वारा जिला स्तरीय होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह का संचालन समाजसेवी भीम प्रजापति ने किया, जबकि कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रखंड अध्यक्ष आनंद प्रजापति, प्रखंड सचिव सोनू प्रजापति, प्रखंड कोषाध्यक्ष जतन प्रजापति, नरेश प्रजापति एवं पूर्व अध्यक्ष अजीत प्रजापति ने अहम भूमिका निभाई। होली मिलन समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। इस अवसर पर जिला मनोनीत भुनेश्वर प्रजापति, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष गुलाब प्रजापति, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष आदित्य प्रजापति, शिक्षक महेंद्र प्रजापति, शिक्षक पंकज प्रजापति, वकील रामन कुमार महतो, राजन प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, डॉक्टर रणधीर प्रजापति, डॉ. दिलीप प्रजापति, डॉ. महावीर प्रजापति, संदीप प्रजापति, बिनेश्वर प्रजापति, अवध प्रजापति, गोविंद प्रजापति, बैजनाथ प्रजापति, प्रकाश प्रजापति सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष शामिल हुए। समारोह में उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर, मिठाई खिलाकर और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। सभी ने मिलकर समाज के एकजुटता एवं प्रगति के लिए संकल्प लिया और होली के पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी के मंगलमय जीवन एवं खुशहाली की कामना की गई।

# बरवाडीह में बगैर चालान के धड़ल्ले से बालू खनिज का हो रहा उठाव व परिवहन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत बालू घाटों के अलावा विभिन्न नदियों व अन्य स्थलों से बगैर चालान के बेरोकटोक बालू खनिज का उठाव व परिवहन धड़ल्ले से किया जा रहा है जिससे राजस्व का नूकसान व जलवायु वातावरण बिगड़ रहा है जबकि ग्राम पंचायत स्थानीय स्वायत्त शासन की जवाबदेही है कि बालू खनिज का उठाव व परिवहन सिर्फ चयनित या रेखांकित क्षेत्र से ही करना है। मामले पर ग्राम पंचायत व प्रखंड स्तरीय समिति को कोई लेना देना नहीं है। बताया जा रहा है कि बालू घाटों से बालू खनिज उठाव व परिवहन के लिए समिति द्वारा अवैध वसूली जारी है जिसकी वजह से बालू खनिज विक्रेता देवरी नदी समेत अन्य स्थलों से बगैर चालान के बालू खनिज का उठाव व परिवहन किया जा रहा है। बताते चलें कि ग्राम पंचायत द्वारा वित्तीय वर्षों में बालू घाटों से प्राप्त संधारण राशि का लेखा-जोखा कब-तक प्रस्तुत किया जाएगा या फिर विभागीय अधिकारियों की मिली भगत से राशि की बंदरबांट कर दिया गया है और फिर वित्तीय वर्ष 2023/24 और 2024/25 में बालू घाटों से प्राप्त संधारण राशि की बंदरबांट फिर एकबार किए जाने की संभावना देखी जा रही है। वहीं इस मामले में अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने कह दिए हैं कि वित्तीय वर्ष में प्राप्त संधारण राशि के आय व्यय की ऑडिट करने की अनुशंसा पंचायत राज लातेहार को कर दी गई है। वहीं मामले पर पंचायतराज लातेहार द्वारा अबतक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है जिससे ग्राम पंचायत स्थानीय स्वायत्त शासन समिति द्वारा मनमाने तरीके से बालू खनिज का उठाव व परिवहन किया जा रहा है।

## धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में आती है सुख व समृद्धि : बैद्यनाथ राम



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र मे सुख व समृद्धि आती है।धार्मिक आयोजनों से क्षेत्र में भाइचारा व सदभाव का वातावरण तैयार होता है। उन्होने आगे कहा कि लातेहार एक धर्मपरायण जगह है, यहां के लोग एक दूसरे पर्व व त्यौहारों को मिलजुल कर मनाते हैं। पूर्व मंत्री श्री राम शहर के रेलवे स्टेशन रोड के राजहार स्थित शिव परिवार सह पंचमुखी हनुमान मंदिर के नौ वें वार्षिक उत्सव पर आयोजित भंडारा में भाग ले रहे थे। इससे पहले उन्होने नौ कन्याओं का पूजन एवं भोजन करा कर भंडारा का शुभारंभ किया। मौके पर मंदिर समिति के अध्यक्ष चंद्रेश्वर प्रसाद उर्फ चामू प्रसाद नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार अग्रवाल, महेंद्र प्रसाद शौंडिक व डा भोला आदि मौजूद थे।इससे पहले पुजारी त्रिभुवन पांडेय के सानध्यि में हवन व पूर्णाहुति की गयी। इस अवसर पर बतौर मुख्य यजमान कृष्णा पासवान व उनकी पत?नी रीना देवी मौजूद थे।भंडारा में लातेहार समेंत आसपास के क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया और मंदिर में माथा टेक कर अपने परिवार के सुख शांति की कामना की। भंडारा के साथ ही शिव परिवार सह पंचमुखी हनुमान मंदिर के नौ वें वार्षिक उत्सव का तीन दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हो गया।

# हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने जनता को समर्पित किया दो एंबुलेंस

**- संजीवनी सेवा कुटीर में संपर्क कर लोग ले सकते हैं एंबुलेंस का लाभ**

**- जनता की स्वास्थ्य सेवा मेरी सर्वोच्च प्राथमिकता है, हर जरूरतमंद तक सुविधाएं पहुंचाना मेरा संकल्प है : प्रदीप प्रसाद**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने समाज सेवा के क्षेत्र में एक और सराहनीय पहल करते हुए अपने क्षेत्र की जनता को दो एंबुलेंस समर्पित की हैं। ये एंबुलेंस जरूरतमंद मरीजों को त्वरित स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने में सहायक होंगी और हजारीबाग क्षेत्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगी। रविवार को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल स्थित संजीवनी सेवा कुटीर हेल्प डेस्क के पास आयोजित समारोह में विधायक प्रदीप प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर इन एंबुलेंस को जनता की सेवा में समर्पित किया। जिससे पूर्व पूरी विधि विधान से पूजा अर्चना की गई. पूजा अर्चना भाजपा महिला मोर्चा की सदस्य एवं उपस्थित महिलाओं के द्वारा किया. इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, स्वास्थ्यकर्मी, समाजसेवी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रदेश कार्य समिति सदस्य हरीश श्रीवास्तव,भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्ष साक्षीराणा,भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष राजकरण पांडे,भाजपा नेता दिनेश सिंह राठौड़, कटकमदाग मंडल अध्यक्ष अरुण राणा, प्रकाश कुशवाहा, पश्चिमी नगर मंडल अध्यक्ष विवेक बरियार, उपाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरू, पूर्व मुखिया प्रेमचंदप्रसाद, राजकुमार यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन मेहता, मनीष ठाकुर, मुखिया नारायण साव, हलधर यादव,रामकुमार मेहता,महावीर सिंह,शंकर यादव, मैनेजर प्रसाद,सुंदर मुंडा,बिरजू राम, रामावतार शर्मा, मुखिया संघ अध्यक्ष राजेश गुप्ता विनोद सिंह अर्जुन साहू सहित कई लोग उपस्थित रहे. विधायक प्रदीप प्रसाद का हमेशा प्रयास रहा है कि क्षेत्र की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। विधायक बनने से पहले भी वे समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय रूप से जुटे रहे हैं और उनकी प्राथमिकता हमेशा जरूरतमंदों की सहायता करना रही है। विधायक बनने के बाद भी उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को अपनी प्राथमिकता में रखा है। हजारीबाग क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ और प्रभावी बनाने के लिए उन्होंने संजीवनी सेवा कुटीर हेल्प डेस्क की शुरुआत की, जहां आमजन को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इसी क्रम में अब उन्होंने दो एंबुलेंस सेवा को जनता को समर्पित किया है ताकि मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सके और किसी भी आपातकालीन स्थिति में यह सेवा उनकी जान बचाने में सहायक हो। विधायक प्रदीप प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा सपना है कि हजारीबाग क्षेत्र में एक अत्याधुनिक और भव्य अस्पताल का निर्माण हो, जहां आम जनता को छोटी बीमारियों से लेकर गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का इलाज सस्ते दरों पर उपलब्ध हो। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे अपने इस संकल्प को पूरा करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने क्षेत्र के नागरिकों से अपील करते हुए कहा की जरूरत पड़ने पर वे संजीवनी सेवा कुटीर हेल्प डेस्क में संपर्क कर इन एंबुलेंस सेवाओं का लाभ उठाएं।

# 300 कार्टून अवैध अंग्रेजी शराब जब्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** गुप्त सूचना के आधार पर बरही पुलिस ने धमना मोड़ के पास एक अवैध शराब लदा कन्टेनर वाहन (एचआर 67 बी- 6502) को पकड़ा। जिसमें लदा 300 कार्टून एंपरियम ब्लू कंपनी का अंग्रेजी शराब विधिवत जप्त किया। प्रत्येक कार्टून में 375 एमएल का 24 बोतल कुल-7200 अदद् अंग्रेजी शराब थी,जिसे सूची बनाकर कर थाना लाया गया। इस संबंध मे बरही थाना में दिनांक 09/3)2025 की बरही थाना कांड संख्या 81/25 दर्ज किया गया। धारा-274/ 275/ 290/ 317 (5) /3(5) भा.न्या.संहिता एवं 47(ए) उत्पाद अधिनियम के अंतर्गत कांड दर्ज किया गया।

# बरही नगर भवन में दी आर्य भट्ट इंस्टिट्यूट ने मनाया विदाई सह होली मिलन समारोह



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** रविवार को बरही नगर भवन में दी आर्य भट्ट इंस्टीट्यूट ने 10 वीं एवं 12वीं आर्ट्स कॉमर्स एवं साइंस के विद्यार्थियों को तिलक,गुलाल लगा कर एवं आरती उतार कर और डॉक्यूएमेंट्स फ़ाइल दे कर विदाई दिए। सभी शिक्षकों ने सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरुआत किए। जूनियर एवं सीनियर विद्यार्थियों द्वारा संगीत नृत्य की प्रस्तुतिकरण दिया गया। विद्यार्थियों ने अपनी संस्थान के प्रति अपनी अनुभव साझा करते हुए भावुक हो गए। संस्थान के संचालक अरुण शर्मा ने कहा कि एग्जाम के बाद विद्याथियों की विदाई दी गई क्योंकि एग्जाम जल्द शुरू होने की वजह से विद्यार्थियों की पढ़ाई में कोई बाधा न हो इस लिए एग्जाम के बाद विदाई सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। एवं प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी सत प्रतिशत रिजल्ट रहा। होली के संगीत पे सभी विद्यार्थी थिरकते हुए नज़र आए। मौके पे संस्थान के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

# ग्राम विकास समिति शिवपुर की ओर से होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही प्रखंड के अंतर्गत करियातपुर पंचायत के शिवपुर में संचालित ग्राम विकास समिति द्वारा शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। ग्राम वासियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाइयां दी वही शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन ने किया ,इन्होंने ग्राम वासियों को संबोधित करते हुये कहा कि होली आपसी भाईचारा और सौहार्दय का त्यौहार है हम सभी शांति स्थापित करते हुए इस होली को मनाएंगे, होली मिलन समारोह के दौरान करियातपुर पंचायत के मुखिया मनोज कुमार समिति के सचिव मोहन प्रजापति, कोषाध्यक्ष सह समाजसेवी पूरन राम, शिक्षक विनोद कुमार, अर्जुन महतो, महेंद्र यादव, अजय प्रजापति, ललन राणा, बहादुर साव,कुलदीप रविदास, चित्तो प्रजापति, गणेश पंडित, प्रयाग प्रजापति, धीरज कुमार, शंभू यादव, सोहन प्रजापति, मोहनी देवी, पार्वती देवी,सरजू प्रजापति, विजय राम, दिनेश प्रजापति, रमेश कुमार,प्रीति देवी, शिला देवी, गुड़िया देवी, बबिता देवी सहित सभी ग्रामीणों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।

# होली को लेकर बरही थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आज




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** बरही थाना परिसर में होली पर्व को लेकर सोमवार को शांति समिति की बैठक आहूत की गई है। इस बैठक में बरही के अनुमंडल पदाधिकारी जोहन टुडू , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार विमल, अंचलाधिकारी अमित किस्कू प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो तथा सम्मानित शांति समिति के सदस्य गण, जन प्रतिनिधि गण, एवं बुद्धि जीवीवर्ग को सादर आमंत्रित किया गया है।

# एनटीपीसी के उपमहाप्रबंधक कुमार गौरव का हुआ अंतिम संस्कार, हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग की



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** एनटीपीसी के उपमहाप्रबंधक कुमार गौरव का अंतिम संस्कार उनके पैतृक आवास फतुहा, नालन्दा नगर सराय  गांव में कर दिया गया। लोगों ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी । कार्यपालक अभियंता संघ के अध्यक्ष कमलाराम रजक ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि एनटीपीसी कार्यपालक पदाधिकारी हजारीबाग एवं अन्य तापविद्युत परियोजना के अधिकारी गण ने भारत सरकार के कोयला मंत्रालय, विधुत मंत्रालय ने केंद्र सरकार , झारखंड सरकार से उच्च स्तरीय जांच, सीबीआई से जांच कराने की मांग करती है। हत्यारा को अतिशीघ्र गिरफ्तार कर फांसी की सज़ा दिलाए। हमारे पदाधिकारी रात दिन खून पसीना बहाकर कोयला खनन कर देश के विभिन्न विधुत परियोजना में भेजते हैं ताकि विधुत उत्पादन कर देश को रोशनी दे सके। गिरफ्तार नहीं होने तक आंदोलन जारी रहेगा। शहीद कुमार गौरव की पत्नी को भारत सरकार के अधीनस्थ एनटीपीसी में सरकारी नौकरी को सुनिश्चित किया जाए।

# श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में 12 वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न




प्रभात मंत्र संवाददाता

**बरही :** देवचन्दा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में श्रीदस महोत्सव शनिवार को भव्य और यादगार आयोजन के साथ संपन्न हुआ। यह महोत्सव केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा और स्कूल की उत्कृष्टता को दर्शाने वाला एक प्रेरणादायक मंच भी था। महोत्सव के बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव और विशिष्ट अतिथि आईसीएआर ओएसडी डॉ. विशालनाथ पांडेय मौजूद रहे। हजारों अभिभावकों और गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में बच्चों ने अपनी कला, संस्कृति और परंपराओं की शानदार झलक प्रस्तुत की। महोत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और राष्ट्रगान के साथ हुआ। महोत्सव के मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज यादव और विशिष्ट अतिथि आईसीएआर ओएसडी डॉ. विश्वनाथ पांडेय ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों और स्कूल प्रबंधन की सराहना की। विधायक मनोज यादव ने कहा कि श्रीदस महोत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह मंच बच्चों के सपनों को आकार देने का माध्यम है। यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करेगा। कहा कि श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल बच्चों को किताबी ज्ञान के अलावा व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान करने का काम कर रहा है।वहीं, डॉ. विशालनाथ पांडेय ने कहा कि यह आयोजन शिक्षा और संस्कृति का अद्भुत संगम है। विद्यार्थियों का समग्र विकास इसी प्रकार होता है। विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों की हर प्रतिभा को निखारना है। यह महोत्सव हमारी मेहनत और छात्रों की लगन का परिणाम है। श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित वार्षिक समारोह में छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों और स्टाफ सदस्यों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा दूसरे विद्यालय व कोचिंग संस्थान के शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें स्टूडेंट ऑफ द ईयर प्रिंसी राणा और छवि कुमारी, पेरेंट्स ऑफ द ईयर सत्य प्रकाश सिंह, टीचर ऑफ द ईयर शशि कुमार, नॉन-टीचिंग स्टाफ ऑफ द ईयर सुचित्रा सिंह, पंचुअल पेरेंट्स अवार्ड कृति कुमारी, पूनम देवी, मिनू देवी, विद्यालय में शत प्रतिशत उपस्थिति पुरस्कार कक्षा अष्टम बी के अभय कुमार, बेस्ट वॉलंटियर आरुषि और संध्या, बेस्ट कोरियोग्राफर राज आर्यन, विद्यालय टॉपर बोर्ड परीक्षा 2023-24 तमन्ना आफरीन को सम्मानित किया गया। इसके अलावा विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्राचार्य भी उपस्थित रहे, जिन्हें उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। सम्मानित प्राचार्यों में डॉ. प्रणव कुमार तिवारी एवं राम किशोर वीवा इंटरनेशनल स्कूल, आराधना कुमारी स्पोर्ट पब्लिक स्कूल रामगढ़, उषा भारती एवं प्रवीन कुमार एंथम पब्लिक स्कूल, पिंकी सिंह एवं अजय कुमार सिंह रोजबड स्कूल, दिग्विजय कुमार आदर्श डीएवी स्कूल, विष्णुगढ़, कौशलेंद्र कुमार डॉ. राधाकृष्णन स्कूल ऑफ लर्निंग, अरविंद कुमार ओएसिस हजारीबाग, अमृता कुमारी एवं मुकेश कुमार, मनोज घोष, संजय दुबे, सकलदेव यादव आस्था पब्लिक स्कूल, अरुण यादव एआर इंटरनेशनल स्कूल, पंचम कुमार ग्रीनलैंड स्कूल, पंकज पाठक एवं मनीष पाठक लिटिल एंजल स्कूल शामिल है। इस समारोह ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को प्रेरित किया और उनकी मेहनत और समर्पण को मान्यता देते हुए एक यादगार आयोजन बना दिया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी टीचिंग व ननटीचिंग स्टाफ को कार्यक्रम सफल बनाने हेतु धन्यवाद दिया। जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा नेता रंजीत चंद्रवंशी, उपप्राचार्य राकेश कुमार, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, अम्बिका सिंह, युवा सामाजिक कार्यकर्ता संजय मेहता, मनोहर यादव, आकाश कुमार, अमित साहू सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# रिटायर्ड फुटबॉल क्लब एवं रिटायर्ड क्लब ओरिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ होली मिलन समारोह सह फुटबॉल प्रतियोगिता



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** रविवार को रिटायर्ड फुटबॉल क्लब हजारीबाग एवं रिटायर्ड क्लब ओरिया के संयुक्त तत्वावधान में सदर प्रखण्ड स्थित ओरिया फुटबॉल मैदान में होली मिलन समारोह सह फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। होली मिलन समारोह की शुरुआत होली की गीत- संगीत के साथ हुई। इस अवसर जमकर गुलाल उड़ाया गया। साथ ही एक- दूजे को अबीर व गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। होली के रंग में लोग आपसी प्रेम एवं सद्भावना के साथ आपसी भाईचारा का संदेश दिया। होलीयना अंदाज में लोग खुब झूमे एवं लजीज व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया। इस दौरान फुटबॉल प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मुकाबला नवयुवक क्लब ओरिया बनाम स्पोर्टिंग क्लब जिनगा के बीच खेला गया। मंच पर उपस्थित अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर पहला सेमिफाइनल मुकाबला का शुरुआत कराया। दोनों ही टीमें अंतिम तक बराबरी पर रही। स्पोर्टिंग क्लब जिनगा की टीम ने टाइब्रेकर में नवयुवक क्लब ओरिया को हराकर 4-3 से विजेता बनी। इसके साथ ही प्रतियोगिता में स्पोर्टिंग क्लब जिनगा की टीम फाइनल में प्रवेश किया। दुसरा सेमीफाइनल मुकाबला हजारीबाग एकाडमी एवं चरही स्पोर्टिंग क्लब के बीच खेला गया। हजारीबाग एकाडमी की टीम 01 गोल से चरही स्पोर्टिंग क्लब को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। उसके बाद फाइनल मुकाबला हजारीबाग एकाडमी एवं स्पोर्टिंग क्लब जिनगा के बीच खेला गया। अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त एवं अबीर- गुलाल लगाकर फाइनल मुकाबला का शुभारंभ कराया। दोनों ही टीमे अनुशासित होकर शानदार खेल का प्रदर्शन दिया। फाइनल मुकाबला अंतिम तक बराबरी पर रही। संघर्षपूर्ण एवं रोमांचक दृश्य मुकाबला में देखने को मिला। स्पोर्टिंग क्लब जिनगा की टीम ने हजारीबाग एकाडमी की टीम को टाइब्रेकर में 3-2 से पराजित किया। प्रतियोगिता में विजेता स्पोर्टिंग क्लब जिनगा की टीम रही। इस अवसर पर खिलाडियों ने एक दुसरे को अबीर एवं गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। पुरूस्कार वितरण समारोह में मैन ऑफ द मैच स्पोर्टिंग क्लब जिनगा की टीम से राहुल कुमार को दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज हजारीबाग एकाडमी से रमेश कुमार को दिया गया। प्रतियोगिता विजेता टीम स्पोर्टिंग क्लब जिनगा की टीम एंव उपविजेता टीम हजारीबाग एकाडमी की टीम को आकर्षक ट्रॉफी के साथ अतिथियों द्वारा पूरे टीम को सम्मानित किया गया। अतिथियों ने खेल भावनाओं एवं सिखने के उद्देश्य खेलने की सलाह दिया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भुमिका में अशोक कुमार, नकुल कुमार, राजेंद्र कुमार, संजन कुमार पासवान, गौरव कुमार एवं दिलीप राम ने अपना सरहानीय योगदान दिया। मौके रिटायर्ड क्लब के सचिव सह नवयुवक क्लब के कॉच अभय शंकर पासवान ने कहा कि हजारीबाग मे फुटबॉल के लोकप्रिय खेल को बढावा देने एवं सबो को एक मंच पर लाने उद्देश्य से ही रिटायर्ड क्लब का गठन किया गया है। इसी उद्देश्य के साथ होली मिलन समारोह, ईद मिलन समारोह एवं जुनियर बच्चों को कैंप हरेक वर्ष आयोजन किया जाता है। भविष्य में भी खेल के बढावा देने के लिए रिटायर्ड क्लब हजारीबाग हमेशा तत्पर रहेगा। मौके पर विशेष रूप से समाजसेवी शंभु गोप, ओरिया पंचायत समिति सदस्य जीतु यादव, भैया मुरारी सिन्हा, सुरेन्द्र कुमार शुक्ला, गिरजा शंकर पासावन, उदय शंकर पासवान, नव क्लब के अध्यक्ष विनय यादव, उमेश पासवान, पूर्व पंचायत समिति सदस्य गौतम वर्मा, रिटायर्ड क्लब से सूरज थापा, जामाल अहमद, सुबोध कुमार, दिनेश कुमार, ललन राम, गोपाल राम, अभय शंकर पासवान, मनोज कुमार, राजेश्वर राम, परमेश्वर गोप, अजय कुमार, तपेश्वर यादव, शीतल पवन कुमार, बादल पासवान, शैलेश पासवान, बादल कुमार, बजरंगदल के सहसंयोजक गोविन्द यादव, हरि यादव, राहुल ठाकुर, नवीन कुमार एवं गुड्डु कुमार सहित नवयुवक क्लब ओरिया के भुतपूर्व खिलाड़ी एवं वर्तमान खिलाड़ी उपस्थित थें।

# विष्णुगढ़ निःशुल्क नेत्र जाँच शिविर में जुटे दर्जनों मरीज



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विष्णुगढ़ :** प्रखंड के चेडरा पंचायत अंतर्गत तैलिक धर्मशाला में रविवार को लोकनायक जयप्रकाश आंख अस्पताल बेहरा आश्रम चौपारण द्वारा निशुल्क नेत्र जांच शिविर मुखिया निर्मल कुमार के नेतृत्व में लगाया गया। इस आयोजित शिविर में नेत्र चिकित्सक डॉ. प्रवीण कुमार सिंह द्वारा 60 नेत्र मरीजों को मशीन द्वारा नेत्र से संबंधित सभी प्रकार का जांच निशुल्क कर मरीजों के बीच दवा का वितरण किया गया। इस बाबत नेत्र चिकित्सक डॉ0 प्रवीण कुमार सिंह से पूछे जाने पर बताया कि लोकनायक जयप्रकाश आंख अस्पताल बेहरा आश्रम चौपारण द्वारा हर गांव में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगाकर नेत्र रोगियों का जांच किया जाता है साथ ही निशुल्क दवा, चश्मा, मोतियाबिंद रोगियों को बेहरा आश्रम चौपारण नेत्र अस्पताल में ऑपरेशन के लिए आने-जाने एवं खाना साथ ही रहने का निशुल्क सेवा दी जाती है। आगे कहा कि रविवार के शिविर में 08 आंख के मरीजों को बहेरा आश्रम चौपारण में निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन कर चश्मा दिया जाएगा। आयोजित शिविर में नेत्र चिकित्सक डा. प्रवीण कुमार सिंह, वीरेंद्र नीमा, रेखा कुमारी, सुलेखा कुमारी, अभिषेक कुमार शामिल थे।

# ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग के होली मिलन समारोह में हुआ खूब होलियाना धमाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हजारीबाग :** ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग द्वारा हजारीबाग शहर के रांची पटना- रोड़, उपकार होटल के सामने स्थित प्रोवेश रिसोर्ट परिसर में रंग व राग का रंग- बिरंगा पर्व होली से पूर्व होली मिलन समारोह-2025 का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें उत्साह से लबरेज़ ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग के लोगों ने रंग- गुलाल से सने गाल के साथ पीले अंग- वस्त्र ओढ़े फगुआ गीतों पर जमकर धमाल किया। इस होली मिलन समारोह में जहां उम्र का बंधन टूट गया वहीं ब्रह्मर्षि समाज के हर उम्र के लोगों के साथ कई महिलाओं ने भी शिरकत की। समारोह परिसर  रंगों से सराबोर होकर पूरी तरह होलियाना रंग में रंग गया। इस समारोह में विशेष आकर्षक का केंद्र ख्यातिप्राप्त लोकगायिका मनिताश्री और प्रकाश पंडित ने अपने फगुआ गीतों से उपस्थित लोगों को खूब झुमाया और ठुमके लगाने को मजबूर कर दिया। समारोह की शुरुआत मनिताश्री ने सिया निकले अवधवा की ओर होलिया खेले राम लला.. गीत से किया जिसके बाद हिंदी, भोजपुरी, अवधि भाषा के एक से बढ़कर एक होली और फगुआ गीतों के जरिए गायिका मनिताश्री और प्रकाश पंडित ने समां बांध दिया। उपस्थित लोगों ने भी इनका खूब साथ दिया और नाचते- झूमते हुए समारोह को जमकर इंजॉय किया। रंग- भंग, ठंडई संग जहां जमकर अबीर- गुलाल उड़ा वहीं लोगों ने एक- दूजे को गिले शिकवे भुलाकर गले मिलकर होली की अग्रिम बधाई दी। जिसके बाद पारंपरिक झारखंडी व्यंजन कचरी, बर्रा, पुआ- धुस्क, मीठे पकवान के साथ वेज- नॉन वेज़ स्वादिष्ट भोजन का स्वाद सामूहिक रूप से चखा । मौके पर राजेश ठाकुर ने कहा कि होली एक ऐसा त्यौहार है जिसमें बड़े- छोटों और उच्च नीच का भेद मिट जाता है, सेवक- सरकार के बीच की दूरियां खत्म हो जाती है, अपने - पराए सब एक हो जाते है, बरसों के गिले- शिकवे भूलकर दुश्मन भी गले मिल जाते हैं ऐसे रंग और राग के पर्व होली के अवसर पर ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग का यह आयोजन प्यार और सद्भाव का संदेश बिखेरता है। उन्होंने लोगों को होली किया क्रीम शुभकामनाएं दी साथी कहा कि होली का त्योहार पूरे उत्साह के साथ मनाइए ताकि इस पर्व का रंग कभी फीका न पड़े। आयोजन को सफल बनाने में आयोजन समिति के मुकेश कुमार, अर्जुन सिंह, कन्हैया शर्मा, कौशल किशोर सिंह, जालिम सिंह, ब्रजकिशोर सिंह, अर्जुन सिंह (अमीन साहब), हरि सिंह, नागेंद्र शर्मा, बलराम शर्मा, प्रकाश शर्मा, अजय कुमार साहा, राजीव रंजन सिंह उर्फ राजू सिंह, कन्हैया कुमार सिंह (कार्यक्रम संयोजक) , हिटलर शाही, रंजन चौधरी, प्रफुल्ल सिंह, अनिल कुमार, संत कुमार दीक्षित, अरुण सिंह, डॉ आनंद शाही, मनीष कुमार, सुदामा सिंह, अजय शर्मा सहित अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा। समाज द्वारा आयोजन समिति से जुड़े सभी लोगों को गमछा ओढ़ाकर उनका हौसला बढ़ाया गया । ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग के होली मिलन समारोह- 2025 में समाज की ओर से विशेषरूप से प्रो. रामप्रिया बाबू, अर्जुन सिंह ( शिवपुरी), लॉ कॉलेज की प्रो.रश्मि प्रधान, प्रधानाचार्य जयनारायण पाण्डेय, डॉ. वी. पी. सिन्हा, कैलाश बाबू, ज्योतींद्र चौधरी, राधेश्याम शर्मा, रवि शर्मा, एस.के. शर्मा, अनीश कांत सिंह, प्रभात कुमार, विपिन कुमार, अतुल कुमार, राजू कुंवर, अरुण कुमार, अनिल कुमार, रंजन सिंह, मदन सिंह, पी.एन.सिंह, अमन कुमार सहित अन्य लोगों को पीला गमछा ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ब्रह्मर्षि समाज, हजारीबाग के जिले भर से सैकड़ों गणमान्य लोग शामिल हुए ।

# राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन की बैठक संपन्न, संगठन की मजबूती पर हुई चर्चा



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बड़कागांव :** राष्टीय तेली साहू महासंगठन की एक बैठक प्रिंस होटल हजारीबाग में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप निलेश एवं प्रदेश उपाध्यक्ष संजय साहू उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता बेचन साहू एवं संचालन अरविंद कुमार ने किया। बैठक में संगठन को मजबूत बनाने पर चर्चा हुई। बैठक में जिला कमेटी का गठन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष कैलाश साहू, संरक्षक बेचन साहू, जिला महासचिव दिनेश साहू , जीतन साहू जिला उपाध्यक्ष अशोक साहू, अरविंद साहू, प्रयाग साहू जिला सचिव नंदू साहू तथा कार्य समिति सदस्य में अर्जुन साहू, चंद्रिका साहू, महेश साहू, बैजनाथ साहू, लोकनाथ साव, सुखदेव साव, संजय साव, रंजीत कुमार,टिपन साव, तापेश्वर साव, तारकेश्वर कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, गोपाल साव, सहित अन्य लोगों को बनाया गया। वहीं युवा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार साव को बनाया गया।

## भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस बने सांसद प्रतिनिधि



रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने देर रात्रि अपने सांसद प्रतिनिधियों की घोषणा की। इस कड़ी में सांसद ने रामगढ़ निवासी भाजपा नेता धनंजय कुमार पुटूस को अपना सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) बनाया है।धनंजय कुमार पुटूस जन मुद्दों को लेकर काफी सक्रिय रहते हैं ऐसे में इन्हें सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने से लोगो में और कार्यकर्ताओं में काफी खुशी देखी जा रही है।धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल जी क्षेत्र वासियों के हर सुख दुःख में उनके साथ खड़े रहते हैं, एवं आम नागरिकों के हित में दिन रात कार्य कर रहे हैं।उन्होंने अपना सांसद प्रतिनिधि बना का जो भरोसा मुझ पर जताया है उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास रहेगा।साथ ही सांसद महोदय के द्वारा जनहित में किए जा रहे कार्यों को घर घर पहुंचाने का लक्ष्य रहेगा।

## सांसद प्रतिनिधि का कार्यकर्ताओं के द्वारा फूलमाला पहनकर अंगवस्त्र देकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जैसवाल जी के द्वारा रामगढ़ नगर परिषद मंडल का सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर शनिवार को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद के द्वारा भाजपा जिला कार्यालय में सांसद प्रतिनिधि मनोज गिरी का कार्यकर्ताओं के द्वारा फूलमाला पहनकर अंगवस्त्र देकर मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया स्वागत के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनोज गिरी को सांसद प्रतिनिधि जाने पर संसद का बधाई दिया मनोज गिरी को सांसद प्रतिनिधि को बधाई देने वालों में रामगढ़ नगर परिषद के महामंत्री गौतम राम कोषाध्यक्ष जगत नारायण साह जिला कार्यालय मंत्री विनोद प्रसाद मंत्री सुनीता रविदास जुआ मोर्चा मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा महिला मोर्चा अध्यक्ष मंजू देवी रोहन लाल विनोद मिश्रा अर्जुन कुशवाहा पवन रवानी राणा गुप्ता मुरली कुशवाहा शंकर वीडिया किशोर महतो प्रमोद यादव राकेश पांडे विजय वर्मा राजेंद्र कुशवाहा विनोद कुशवाहा रुपेश कुशवाहा त्रिभुवन कुशवाहा सुरेश राम शाहिद भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ग्रामीण खिलाड़ियों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध : ममता देवी

रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): दुलमी प्रखंड के सीरु में आयोजित सीरु प्रीमियर लिंग क्रिकेट टूर्नामेंट ड्ड सीजन 01 का फाइनल मैच हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस रोमांचक मुकाबले में बगरई बनाम सीरुबगरई की टीम पहले बल्लेबाजी



करते हुए 10 ओवर में 122 रन बनाई जवाबी पारी में 10 ओवर में सिरू की टीम 62 ही रन बना पाई और फाइनल मैच जीता टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक ममता देवी वड्डाटन कर्ता झामुमो जिला उपाध्यक्ष चित्रगुप्त महतो एवं विशिष्ट अतिथि महताब राही और इकबाल अंसारी की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया।मुख्य अतिथि ममता देवी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास को मजबूत करता है। ऐसे आयोजनों से ग्रामीण युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलता है। सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस तरह की प्रतियोगिताओं को समर्थन दिया जाएगा। इस अवसर पर उपस्थित दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, नरेंद्र महतो मनोज कोटवार उतम कुमार, सोनू साव, घनश्याम कुमार, विपुल कुमार, सुजीत कुमार, चिरंजीवी, खिरोधर साव, प्रमोद कुमार, विद्यान साव, बबलू महतो, विनोद महतो एवं कई अन्य खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।फाइनल मैच के समापन पर विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए स्थानीय खेल प्रेमियों ने आयोजकों की सराहना की।

## उरीमारी में राहुल दुबे गिरोह का आंतक रूकने का नहीं ले रहा है नाम,एक सप्ताह में दुसरी बार आगजनी



उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता): बड़कागांव प्रखंड के उरीमारी ओपी क्षेत्र में बेलगाम अपराधी अपनी दुस्साहस का परिचय देते हुए एक फिर से न्यू बिरसा आउटसोर्सिंग साइट पर आगजनी कि घटना को अंजाम दिया है। घटना शनिवार रात करीब साढ़े ग्यारह से बारह बजे के बीच की है। जहां एक बाइक पर सवार दो अपराधीयो ने आउटसोर्सिंग कंपनी के अधीन चल रही हाइवा टीपर में आग लगा कर फरार हो गए। वहीं जाते-जाते अपराधियों ने अपने आका के संदेश का पर्चा को वहीं छोड़कर फरार हो गए। यहां बता दें कि पिछले बुधवार कि रात में भी अज्ञात अपराधियों ने न्यू बिरसा आउटसोर्सिंग खदान के समीप गोलीबारी व आगजनी घटना को अंजाम दिया था। वहीं इस घटना के पीछे राहुल दुबे गिरोह का नाम सामने आया था। वहीं इस बार हुए घटना में भी राहुल दुबे गिरोह का नाम सामने आया है। वहीं राहुल दुबे गिरोह के अपराधियों द्वारा छोड़े गये पर्चे में लिखा है कि इस घटना कि जिम्मेवारी राहुल दुबे गिरोह लेता हूं।यह तो टेलर है। हमसे बिना मैनेज काम करोगे तो आगे इससे भी बुरा परिणाम होगा। यह तो टेलर है पिक्चर अभी बाकी है। बिना मैनेज काम करोगे तो खुन का होली खेला जाएगा।

## विधायक के कर-कमलों द्वारा विभिन्न योजनाओं का किया गया शिलान्यास व उद्घाटन



रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर परिषद वार्ड नंबर 30, मुर्रामकलां में विधायक ममता देवी के कर-कमलों द्वारा विभिन्न योजनाओं का शुभ शिलान्यास व उद्घाटन किया गया। यह विकास कार्य क्षेत्र की जनता को समर्पित हैं, जो आने वाले समय में लोगों के जीवन को और अधिक सुलभ व सुविधाजनक बनाएंगे। कार्यक्रम के दौरान दर्जनों स्थानीय महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे, जिन्होंने विधायक के विकास कार्यों के लिए धन्यवाद दिया।

# राधा गोविंद विश्वविद्यालय रामगढ़ , झारखंड में प्रथम दीक्षांत समारोह 2025 का भव्य रूप में हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रविवार को राधा गोविंद विश्वविद्यालय प्रांगण में स्थित खेल मैदान में प्रथम दीक्षांत समारोह 2025 भव्य रूप में आयोजन हुआ। राधा गोविंद विश्वविद्यालय पहला दीक्षांत समारोह आयोजित करके एक ऐतिहासिक उपलब्धि का जश्न मनाया,जो संस्थान की यात्रा में गौरवपूर्ण और भावनात्मक क्षण हुआ ।एनसीसी कैडेट्स और विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा भव्य शैक्षणिक शोभा यात्रा एवं झारखंड की संस्कृति पर आधारित संगीत एवं नृत्य द्वारा सभी अतिथियों का जोरदार स्वागत हुआ।

**प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित मुख्य एवं गणमान्य अतिथि**

मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष, रवीन्द्र नाथ महतो , विशिष्ट अतिथि रामगढ़ उपयुक्त चंदन कुमार , पुलिस अधीक्षक अजय कुमार , पुलिस महानिरीक्षक शैलेंद्र कुमार सिन्हा, विश्वविद्यालय के कुलाधिपति के धर्म पत्नी फूलमती देवी, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ



संजय, परीक्षा नियंत्रक प्रो डॉ अशोक कुमार, प्रबंध समिति के सदस्य अजय कुमार शिक्षाविद, जनप्रतिनिधिगण , प्रशासनिक अधिकारीगण एवं अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में सुसंपन्न हुआ।

**स्वागत भाषण**

कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल ने माननीय मुख्य एवं गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया और बहुमूल्य समय और उपस्थिति से कार्यक्रम का शोभा बढ़ाने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। संबोधन में कहा की यह समारोह विश्वविद्यालय के लिए ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण का दिन है प्रति कुलपति द्वारा प्रतिवेदन प्रति कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि ने प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

**दीक्षांत समारोह की घोषणा**

विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी एन साह ने सभी शिक्षाविद् एवं विद्वतजनों अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। तत्पश्चात दीक्षांत समारोह के शुभारंभ की घोषणा की।मुख्य एवं सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय टॉपर एवं उपाधियों का वितरण पीएचडी , पीजी ,यूजी एवं वोकेशनल के विद्यार्थियों को 1152 उपाधियां वितरित हुआ।जिसमें 64 विश्वविद्यालय टॉपर रहे।मुख्य अतिथि रवीन्द्र नाथ महतो ने अपने संबोधन में सभी उपाधि प्राप्त छात्रों को उनकी सफलता और उपलब्धि पर बधाई दी और उन्होंने कहा कीराधा गोविंद विश्वविद्यालय सभी आधारभूत संरचना को पूर्ण किया है। मौके पर विश्वविद्यालय के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, व्याख्यातगण, शिक्षकेतर कर्मचारीगण , विद्यार्थीयों एवं उसके अभिभावकगण उपस्थित रहे ।

## प्रेस क्लब रामगढ़ में होली मिलन समारोह का आयोजन, उड़े अबीर गुलाल



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** प्रेस क्लब रामगढ़ परिसर में रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिले भर के पत्रकार शामिल हुए। इस दौरान समारोह महामुर्खाधिराज की उपाधि क्लब के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वीरू को दिया गया। इसके बाद क्लब के अधिकारियों ने सदस्यों को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान पत्रकारों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का भी लुफ्त उठाया। मौके पैट अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बीरू ने सभी को रंगों का त्योहार होली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि क्लब के एक-एक पत्रकारों की रक्षा और सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। आपसबों के सहयोग से हमलोग प्रेस क्लब रामगढ़ को बुलंदियों पर पहुंचने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि पत्रकारों के हित के लिए प्रेस क्लब रामगढ़ कार्य कर रही है।

**आपसी प्रेम को बढ़ावा मिलता है : धनेश्वर**

वहीं सचिव धनेश्वर प्रसाद ने भी सभी को होली की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन होने से लोगों में आपसी प्रेम को बढ़ावा मिलता है। इस दौरान सभी पत्रकारों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। साथ ही सभी लोगों ने सामूहिक रूप से कई लजीज व्यंजनों का भी भरपूर लुत्फ उठाया। मंच संचालन कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम ने किया।

*उरीमारी सिद्धो-कान्हो चौक स्थित आदिवासी कार्यालय में सामुहिक सरहुल समिति कि हुई बैठक*

## उरीमारी में नहीं निकलेगा झांकी,सादगी के साथ मनेगा सामुहिक सरहुल पूजा : दसई मांझी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** चेक पोस्ट स्थित सिदो-कान्हू चौक के समीप आदिवासी कार्यालय उरीमारी में रविवार को सामुहिक सरहुल समिति की बैठक सरहुल पूजा को लेकर हुई। अध्यक्षता कार्तिक मांझी व संचालन सुरेश मुर्मू ने किया। बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने सरहुल पूजा मनाने को लेकर अपना-अपना विचार व्यक्त किया। साथ ही सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अगामी 01 अप्रैल को जरजरा चौक समीप सामुहिक सरना स्थल जुबला में सरहुल पूजा सादगीपूर्ण तरीके से मनाया जाएगा। सामुहिक सरहुल पूजा में गरसुला, उरीमारी,पोटंगा एवं आंगो पंचायत से हजारों की संख्या में लोग जुटेंगे। वहीं दूसरी ओर विस्थापित नेता संतोष सिंह के हत्या के कारण सादगीपूर्ण तरीके से मनेगा सरहुल पूजा। बता दें कि इस वर्ष बिते जनवरी माह में विस्थापित नेता संतोष सिंह की निर्मम हत्या अपराधियों द्वारा कर दिए जाने के कारण समिति के लोगों ने सामुहिक सरहुल महोत्सव में किसी तरह का सांस्कृतिक कार्यक्रम जुलूस एवं झांकियां नही निकालने का लिया निर्णय लिया है। हमारी एकता की पहचान सुख हो या



दुःख हम सभी एक हैं। मौके पर समिति अध्यक्ष दसई मांझी, कार्तिक मांझी,सुखू मांझी,दिनेश करमाली,कृष्णा सोरेन,तालो हांसदा,खेपन मांझी,सुरेश मुर्मू, धनलाल बेदिया,रामलाल बेदिया, मनोज सिंह,परमेश्वर सोरेन, शिकारी टुडू,जुगल करमाली, विनोद सोरेन,बंशीलाल मांझी, भादो करमाली,राजू पवरिया, बिरजू मांझी,संतोष प्रजापति,देवन कुमार बेदिया,सतनारायण बेदिया, सुबितराम किस्कू,सुरेंद्र मांझी, लालजी पवरिया,तालो मांझी,पूरन टुडू,चारो मांझी,सिकंदर सोरेन, रमेश मांझी,नरेश पवरिया,रौशन किस्कू,जितेन्द्र यादव,दीपक मरांडी सहित कई लोग मौजूद थे।

*भाजपा रामगढ़ जिला द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशताब्दी पर अटल विरासत सम्मेलन आयोजित*

## भारतीय राजनीति के भीष्म पितामह थे अटल बिहारी : सुदर्शन भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** बिजौलिया तालाब रोड स्थित ब्रह्मर्षि धर्मशाला के सभागार में आयोजित अटल विरासत सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत ने झारखंड निर्माता भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर बोलते हुए कहा कि भाजपा अटल बिहारी वाजपेयी जन्मशताब्दी मना रही है और आज सम्पूर्ण देश में भाजपा द्वारा अटल विरासत सम्मेलन आयोजित है। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के साथ काम करना और उनके साथ बैठना को अपना सौभाग्य माना। वे एक राजनेता के रूप में उनका दूरदर्शी , ईमानदारी और देश के प्रति उनका समर्पण मिसाल है। उनके जीवन के संबंध में बताते हुए उनके वाक्पटुता को प्रणाम किया। वे संघ के प्रचारक थे। उस समय के सरसंघ चालक गुरुजी के निर्देश पर वे जनसंघ के संस्थापक सदस्य बने और डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ राष्ट्रवाद को एक नया आयाम दिया। राष्ट्र धर्म, पांचजन्य जैसे पत्रिकाओं का संपादन किया। संयुक्त



राष्ट्र संघ में हिंदी में संबोधन कर सबको चौंकाया। उन्हें भारतीय राजनीति का भीष्म पितामह की उक्ति दी गई है। उनके राष्ट्र के प्रति योगदान को देखते हुए भारत रत्न दे कर सम्मानित किया गया। आज मोदी जी उनके ही कार्य को आगे बढ़ा रहे हैं। ब्रह्मर्षि धर्मशाला में जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के अध्यक्षता में आयोजित हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री सुदर्शन भगत, विशिष्ट अतिथि प्रदेश मंत्री व रामगढ़ जिला संगठनात्मक चुनाव अधिकारी सरोज सिंह, प्रदेश प्रवक्ता अविनेश सिंह विशेष रूप से उपस्थित थे।

## भुरकुंडा ओपी में होली पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक हुई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** भुरकुंडा ओपी में रविवार को होली पर्व के मद्देनजर शांति समिति की बैठक ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मुख्य रूप पतरातू अंचलाधिकारी मनोज कुमार चौरसिया और एसडीपीओ पतरातू पवन कुमार उपस्थित रहे। बैठक में पुलिस की ओर से शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में होली मनाने की बात कही गई। साथ ही पर्व के दौरान किसी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को अविलंब देने की अपील की गई।बैठक के दौरान पतरातू सीओ मनोज कुमार चौरसिया ने कहा कि होली उमंग और उल्लास का पर्व है। शांति व्यवस्था बरकरार रखते हुए पर्व का आनंद उठाएं। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पुलिस को सूचित करें। पुलिस सहयोग के लिए तत्पर रहेगी। कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार के हुड़दंग और असामाजिक गतिविधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। वहीं उन्होंने कहा कि शराब का सेवन न करें और तेज रफ्तार बाइक चलाने वाले किशोरों और युवाओं को बाइक बिल्कुल भी चलाने न दें। पर्व के दौरान किसी प्रकार की अनहोनी न हो इसका ख्याल रखें। अपने घर में परिवार के साथ शांति और सुरक्षित रुप से होली मनाए। जिसपर पुलिस की ओर से हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया गया। बैठक के अंत में सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। बैठक में चमन लाल, अजय पासवान, डब्लू पांडेय, मनोज कुमार, संजय मिश्रा, उपेंद्र शर्मा, तिलेश्वर साव, जानकी ठाकुर, कुलदीप मेहता, लक्की राणा, विजय वर्णवाल, डब्लू सिंह, आजाद भुईयां, राजेंद्र करमाली, संतोष कुमार, लखन मेहता, संजय वर्मा, जीबू सिंह सैनी, अवतार सिंह सैनी, संजय यादव, गुड़िया देवी, मनोज पासवान, उपेंद्र पासवान, मो. फैयाज अंसारी, रहमत अली, मो. नईम खान, इरफान अंसारी, मो. अलइमाम, प्रवीण कुमार सहित कई मौजूद रहे।

## जेएलकेएम ने सदन में उठाए जनहित के अहम मुद्दे : रमेश कुमार महतो



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा रामगढ़ के जिला मीडिया प्रभारी रमेश कुमार महतो ने कहा कि संगठन ने डुमरी विधायक जयराम महतो के नेतृत्व में राज्यहित के कई संवेदनशील और ज्वलंत मुद्दों को विधानसभा में उठाया है। उन्होंने बताया कि जेएलकेएम ने झारखंड लोक सेवा आयोग और झारखंड कर्मचारी चयन आयोग से जुड़ी अनियमितताओं का मामला प्रमुखता से उठाया है। साथ ही, राज्य में हो रही परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं पर भी सवाल खड़े किए गए हैं।राज्य के रैयतों, विस्थापितों और किसानों की समस्याओं को भी संगठन ने सदन में जोरशोर से रखा है। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों की बदहाल स्थिति, बेरोजगारी, पलायन और किसानों की दयनीय स्थिति जैसे मुद्दों पर भी लगातार चर्चा की गई है। इसके अलावा, न्यूनतम समर्थन मूल्य (स्र्क्क) और होम गार्ड बहाली को लेकर भी संगठन ने सरकार से जवाब मांगा है।बेरोजगारी भत्ता, सेविका-सहायिका, रसोईया, जलसहिया के वेतन वृद्धि और पारा शिक्षकों के स्थायीकरण व समान वेतनमान की मांग को भी सदन में उठाया गया है। वहीं, कोलियरी क्षेत्रों में बढ़ती माफियागिरी, कंपनियों द्वारा हो रहे अनियंत्रित प्रदूषण और 1932 खतियान के मुद्दे को भी प्रमुखता से रखा गया है।रमेश कुमार महतो ने कहा कि कुड़मी समुदाय को संरक्षण देने, राज्य में बिजली व्यवस्था सुधारने और अवैध बालू खनन के मुद्दे पर भी जेएलकेएम ने सरकार से ठोस कार्रवाई की मांग की है। पुलिसकर्मियों से जुड़े मसलों, जादूगोड़ा में रेडिएशन के खतरे, मनरेगा मजदूरी में बढ़ोतरी और कोल्ड स्टोरेज की समस्याओं को भी संगठन ने गंभीरता से उठाया है।इसके अलावा, पंचायती राज व्यवस्था में हक-अधिकार को सुनिश्चित करने को लेकर भी जेएलकेएम ने सरकार से जवाबदेही तय करने की मांग की है।


## धनुर वंशी समाज द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** धनुर वंशी समाज संयुक्त जिला इकाई हजारीबाग एवं रामगढ़ के तत्वाधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का आयोजन धनुरवंशी समाज ग्राम किरीगढ़ा के सौजन्य से प्राथमिक विद्यालय परिसर किरीगढ़ा में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष छकन लाल सिंह एवं संचालन जिला सचिव ब्रजेश सिंह ने किया। समारोह में मुख्य अतिथि बड़कागांव विधानसभा के लोकप्रिय विधायक माननीय रोशन लाल चौधरी उपस्थित हुए। साथ में जिला परिषद सदस्य राजाराम प्रजापति, प्रदेश संरक्षक मुनीलाल सिंह,प्रदेश प्रधान सचिव राजकुमार सिंह उपस्थित हुए। माननीय विधायक ने कहा कि बुराई में अच्छाई के जीत का प्रतीक है होली सादगी एवं भाई चारगी के साथ आपस में मिलजुल कर रहने का संदेश देता है। समारोह में दीनदयाल सिंह,हरिनाथ सिंह, संतोष सिंह,अरविंद सिंह,मुकेंद्र सिंह, दुर्गानंद सिंह,कुमेश सिंह,राजेंद्र सिंह,जय लाल सिंह,भारत सिंह, प्रीतम सिंह,मोती सिंह,राहुल सिंह, वीरेंद्र सिंह,भगवान सिंह,ज्वाला कुमार,अशोक सिंह,कृष्णा सिंह, बसंत सिंह,धनेश्वर सिंह,परमवीर सिंह, मिथिलेश सिंह, गोवर्धन सिंह, राजकुमार सिंह, महेश व्यास, निर्गुण व्यास ,अर्जुन सिंह, शंकर सिंह, हरदेव सिंह, त्रिपुरारी सिंह, प्रभावती देवी, चंपा कुमारी, छबीली देवी, सुमन देवी, कांति देवी, संतोषी देवी, पूजा कुमारी, उमा देवी, सारिका देवी, श्वेता भारती, संजू कुमारी, माधुरी देवी,सुशीला देवी, खुशबू देवी, हेमा देवी,मंजू देवी, कपसी देवी, बरखा देवी, गुड़िया देवी, कल्पना देवी, रीना देवी, बसंती देवी, ज्योति देवी,शकुंती देवी, मोनिका देवी सहित हजारों महिला एवं पुरुष शामिल थे।

## सरहुल पूजा और सम्मलेन की तैयारी को लेकर ग्राम गेंगदा स्कुल प्रांगण मे बैठक किया गया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भुरकुंडा :** ग्राम गेंगदा स्कुल प्रांगण मे बैठक किया गया ! बैठक की अध्यक्षता संदीप उराँव (प्रदेश महासचिव सह मुखिया, कुरसे ) और संचालन -आदित्य केरकेटा के द्वारा किया गया !जिसमे आदिवासियों के सबसे बड़ा त्योहार सरहुल पूजा और सम्मलेन की तैयारी पर चर्चा किया गया !जिसमे सरहुल पूजा 1अप्रैल 2025और सरहुल पूजा मिलन समारोह ग्राम गेंगदा सरहुल टोंगरी मे किया जायेगा जिसमे पुरे पतरातू छेत्र के 30-40गावों के लोग पुरे टीम के साथ पुरे अपने कला संस्कृति वेश -भूषा के साथ शामिल होंगे !हर वर्ष की भाति इस वर्ष भी आदिवासियों के प्राकृतिक महापर्व सरहुल नए साल के रूप मे मनाते हैं! जो की 31मार्च को रुषा पूजा और चैत माह के त्रित्या 1अप्रैल मे सरहुल पूजा किये जायेंगे !31मार्च रुषा के दिन किसी प्रकार का हल, कुदाल,टांगी अन्य तरह के कार्य सभी कार्य बंद रहते हैं !और दूसरे दिन सरहुल पूजा कर सखुवा के पते और फूल और नये तरह के फल फूल - कटहल, मुनगा जोकि, पुटकल साग, बढ़हर अन्य प्राकृतिक फल फूल का सरना स्थल मे पूजा और चढ़ावा के बाद ही आदिवासी समाज उसका सेवन खाते हैं !उससे पहले किसी नए फल फूल का सेवन आदिवासी समाज नहीं करते हैं !मौके पर -संदीप उराँव (प्रदेश महासचिव सह मुखिया, कुरसे ),आदित्य केरकेटा, सुभाष उराँव, बिनोद उराँव, राजू करमाली, अरुण मुंडा, अजित उराँव,दिलीप उराँव, विकी कच्छप, अन्य बहुत से लोग शामिल हुए।

## रामगढ़ थाने में शांति समिति की हुई बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में की गई । वही अंचल कार्यालय से सीओ प्रतिनिधि माशुक अली मैजुद थे। वही शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार के द्वारा कहा गया कि जिनको रंग पसंद नहीं है कृपया उन्हें रंग न लगाया, कोई भी अप्रिय घटना घटीत होती है तो कृपया थाना को तुरन्त सुचित करे । और होली का त्योहार सौहार्द तरिके से मिलजुलकर मनाये । इस मौके पर कमल बगड़िया , अनमोल सिंह राजेश ठाकुर , विमल बुधिया मुमताज खान , छोटु वर्मा , छोटू पटेल , गोपाल शर्मा , आसिफ इकबाल , परविंदर सिंह दीपक मिश्रा ,राजेश ठाकुर , भोपाली , अनुज कुमार एवं रामगढ थाना से पुलिस निरीक्षक कृष्ण कुमार , उपेंद्र कुमार , मंजय कुमार सिंह , बीरबल हेबराम , मंटू शर्मा , अनिल कुमार मौजूद थे।

## होली को लेकर पतरातू थाना में शांति समिति की बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पतरातू :** थाना में रविवार को आगामी होली को देखते हुए शांति समिति की एक बैठक आहूत की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी पतरातु, अंचलाधिकारी पतरातु एवं अनुमंडल पदाधिकारी पतरातु ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सर्किल इंस्पेक्टर, पतरातू थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित सभी क्षेत्रवासियों को प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिया गया कि होली का त्यौहार बड़े ही सौहार्दपूर्ण एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करें। सभी लोग अपने क्षेत्र में शांति बहाल करने का अपनी ओर से प्रयास करें। होली में कोई भी ऐसी घटना न घट पाए जिससे क्षेत्र का माहौल बिगड़े। होली जैसे पर्व को एक दूसरे के साथ प्रेम से मिलजुल कर मनाएँ अन्यथा वैसे लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी जिससे समाज की शांति भंग होगी। इस बैठक में मुख्य रूप से कटिया पंचायत के मुखिया किशोर कुमार महतो,कोतो जयप्रकाश सिंह ननकी,हनुमानगढ़ मुखिया प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह,राहुल रंजन,डॉ मनोज गुप्ता, रंजीत बेसरा,शौकत अंसारी, कयूम अंसारी,वारिस खान,सुजीत पटेल सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। मौके पर क्षेत्रवासी एवं पुलिस पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाइयां दी।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## धनबाद होकर कोलकाता से कानपुर के बीच चलेगी होली स्पेशल ट्रेन



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** धनबाद होकर कोलकाता से कानपुर के बीच सात ट्रिप होली स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा हुई है। 04154 कोलकाता-कानपुर सेंट्रल स्पेशल 11 मार्च से एक अप्रैल के बीच हर मंगलवार व शुक्रवार को चलेगी। वापसी में 04153 कानपुर सेंट्रल-कोलकाता स्पेशल 10 मार्च से 31 मार्च के बीच हर सोमवार और गुरुवार को कानपुर से रवाना होगी। दोनों ओर से स्पेशल ट्रेन में रिजर्वेशन शुरू हो गई है।कोलकाता से यह स्पेशल ट्रेन सुबह 10.45 बजे रवाना होगी। ट्रेन वर्दमान, दुर्गापुर, आसनसोल होते हुए दोपहर 3.30 बजे धनबाद पहुंचेगी। धनबाद से खुलकर ट्रेन शाम 4.10 बजे गोमो, गया, डीडीयू, मिर्जापुर, प्रयागराज होते हुए सुबह 4.30 बजे कानपुर सेंट्रल पहुंचेगी। वापसी में स्पेशल ट्रेन कानुपर से दोपहर दो बजे खुलेगी, ट्रेन रात 12.45 बजे गोमो व रात 1.40 बजे धनबाद में रुकते हुए अगले दिन सुबह 7.50 बजे कोलकाता पहुंचेगी। ट्रेन में जनरल के अलावा स्लीपर, थर्ड इकोनॉमी, थर्ड एसी और सेकंड एसी की बोगियां जोड़ी जाएंगी।

## राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक संपन्न



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन की बैठक ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह कार्यकारी अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य रूप से यूनियन के अध्यक्ष कुमार जय मंगल सिंह विधायक के द्वारा भेजे गए पर्यवेक्षक कुमार महेश सिंह उपस्थित हुए। बताते चलें कि राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के कार्यकारिणी समिति की बैठक में कुछ महीना पहले यह निर्णय लिया गया था की बीसीसीएल रीजनल कमेटी का भी गठन किया जाएगा। हालांकि कार्यकारिणी समिति ने यूनियन के अध्यक्ष कुमार जय मंगल सिंह विधायक को अधिकृत किया था की आप जैसा भी रीजनल कमेटी बनाएंगे हम लोगों को मान्य होगा। लेकिन अनूप सिंह ने अधिकृत होने के बावजूद भी कुमार महेश सिंह को पर्यवेक्षक बना कर सभी का राय जानना जरूरी समझा और इसीलिए बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में कुमार महेश सिंह को भेजा गया। बैठक में पर्यवेक्षक ने सभी से बात की तथा सबकी राय ली। सभी ने एक स्वर में कहा की कुमार जय मंगल सिंह हम लोगों के अध्यक्ष हैं और वो जो भी कमेटी बनाएंगे हम सभी को मान्य होगा।

## गोंन्दुडीह ओपी परिसर मे शांति समिति की हुई बैठक



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** गोंदूडीह ओपी परिसर में पुलिस निरिक्षक जयप्रकाश महतो व गोंदूडीह ओपी प्रभारी राजन कुमार झा की अध्यक्षता में होली पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति सदस्यों संग बैठक संपन्न हुई, जिसमें ओपी क्षेत्र के विभिन्न इलाके से आए शांति समिति के सदस्यों ने अपने अपने सुझाव दिए। सभी सदस्यों के सुझावों को सुनने के बाद ओपी प्रभारी राजन कुमार झा ने शांति समिति सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि अपने अपने इलाके में हुड़दंगियों व डीजे बजाने वाले लोगो पर नजर रखे, ताकि घटना न घटे। आगे श्री झा ने कहा की होली का त्यौहार प्रेम का त्यौहार है, जिसे सभी को शांति व सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाना चाहिए। नशे के सेवन से बचना चाहिए। वही बैठक मे उपस्थित सभी गणमान्य लोगो ने अबीर गुलाल लगा कर एक दूसरे को होली पर्व की बधाई दी। बैठक मे एएसआई जेपी यादव, समाजसेवी टुनटुन यादव, त्रिवेणी यादव, रविंद्र कुमार राम, पवन दास, मुन्ना सिंह, बाबर अली, मंटू दास, सागर पासवान, भोलानाथ राम, रमेश कुमार दास, मो आलम, शिवा चौहान सहित अन्य उपस्थित थे।

# असर्फी हॉस्पिटल ने विश्व महिला दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** असर्फी हॉस्पिटल, धनबाद द्वारा विश्व महिला दिवस का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कोयला नगर के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ, जिसमें धनबाद के विभिन्न संगठनों से जुड़ी करीब 200 महिलाओं को आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का शुरूआत दीप प्रजल्न कर के किया गया, जिसमें जिला परिषद के अध्यक्ष शारदा सिंह, सांसद की पत्नी सावित्री देवी, धनबाद पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापक शारदा महाजन, डी.वाई पाटिल के प्रधानाध्यापक अर्चना मिश्रा, असर्फी हॉस्पीटल के निदेशक माधुरी सिंह एवं नीतू सिंह, असर्फी हॉस्पीटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरेन्द सिंह ने किया। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रकार के कैंसर के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौके पर महिलाओं को इन गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूक किया गया और समय-समय पर वार्षिक स्वास्थ्य जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही, महिलाओं के खानपान और जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ भी साझा की गई।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता असर्फी हॉस्पिटल की स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. राधिका महोन ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से महिलाओं को होने वाले विभिन्न प्रकार के कैंसर, उनकी रोकथाम और आधुनिक उपचार तकनीकों की जानकारी दी। असर्फी हॉस्पिटल की डाइटिशियन डॉ. रिशिता ने महिलाओं के खानपान और स्वस्थ जीवनशैली को लेकर उपयोगी सुझाव दिए, जिससे महिलाएँ अपने स्वास्थ्य का बेहतर तरीके से ध्यान रख सकें।असर्फी हॉस्पिटल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हरेन्द्र सिंह ने कहा, इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं का सम्मान करना और समाज में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। साथ ही महिलाओं को समय पर स्वास्थ्य जांच और खानपान के प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित करना भी इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था।

## बलियापुर, अंचल कार्यालय में अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम लिए समन्वय समिति क़ी बैठक संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बलियापुर, अंचल कार्यालय में जिला खनन टास्क फॉर्स क़ी बैठक में लिये गये निर्णय के अलोक में अंचल अधिकारी बलियापुर प्रवीण कुमार सिंह की अध्यक्षता में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण के रोकथाम के लिए बलियापुर, अंचल कार्यालय में अंचल स्तरीय समन्वय समिति क़ी बैठक संपन्न हुई, जिसमे खनिजो के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण के रोकथाम के लिए बहुत से अहम फैसले लिए गये।बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि गोल्डन पहाड़ी गोकुल पथ बिल थोड़ा एवं सुरंगा एरिया में किए जा रहे डंप के कारण वहां रह रहे निवासियों को संकट का सामना करना पड़ रहा है, इससे कभी भी हादसा हो सकता है। इसके लिए बीसीसीएल प्रबंधन को निर्देशित किया गया है कि अभिलंब एक सर्वे रिपोर्ट अंचल अधिकारी को सौंपेंगे जिसमें कितने परिवार उसे क्षेत्र में प्रभावित हो रहे हैं इसकी सूची होगी। बीसीसीएल प्रबंधन ने चार दिनों के अंदर सूची सौंपने की बात कही है।बीसीसीएल प्रबंधन के द्वारा बताया गया कि पहाड़ीगोड़ा के इलाके में अवैध उत्खनन की सूचना है इस पर सीआईएसफ बीसीसीएल थाना एवं अंचल की संयुक्त टीम जांच करेगी। बैठक में कुछ ऐसे मामले सामने आए जो झरिया अंचल से संबंधित है। जिसमें सारी समस्याओं को सूचीबद्ध कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी। इस बैठक में मुख्य रूप से क्षेत्रीय महाप्रबंधक बीसीसीएल (लौदना, बस्ताकोला ), समादेष्टा, सी.आई.एस. एफ, बलियापुर, प्रक्षेत्र, थाना प्रभारी (बलियापुर, तीसरा) एवं ओ पी प्रभारी, अलकडीहा उपस्थित थे।

## झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष का धनबाद में स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** देर रात्रि झारखंड प्रदेश कांग्रेस प्रभारी के राजू एवं प्रदेश कॉंग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश रांची से देवघर जाने के क्रम मे गोविंदपूर स्थित शाही दरबार रेस्टूरेंट मे रुके। जहां पर शाही दरबार के मालीक जिला अध्यक्ष ओबीसी विभाग आसिफ रजा साहेब, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस जाहिर अंसारी समेत अन्य ने अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष संतोष सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, महासचिव मदन महतो, विजय कुमार सिंह, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता शमशेर आलम, रविंद्र वर्मा, सुजीत रजक, गोविंदपूर प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष मनोज हाड़ी, जफर अहमद, रिजवान अली, प्रीतम रवानी ने भी स्वागत करते हुए संगठन सशक्तिकरण पर चर्चा और परिचर्चा किया।

## एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता



**धनबाद :** एस.जे.ए.एस सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हॉस्पिटल की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर निकिता सिंह उपस्थित थीं। कार्यक्रम में अस्पताल की महिला कर्मियों के साथ मिल कर उनकी उपलब्धियों और योगदान को सराहा गया।अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, समानता, सशक्तिकरण के तहत आयोजित इस कार्यक्रम ने महिलाओं के स्वास्थ्य और कल्याण पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। कार्यक्रम के दौरान महिला मरीजों के लिए स्वास्थ्य जांच, परामर्श और जागरूकता सत्र आयोजित किए गए, जिससे उनकी भलाई और सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला।

## जामाडोबा के सड़क पर अज्ञात शव मिलने से सनसनी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र अंतर्गत जामाडोबा अंबेडकर चौक के समीप सड़क पर देर रात को एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से जोरापोखर पुलिस महकमा में सरगर्मी फैल गई। मामले की जानकारी पुलिस गश्ती दल से मिलने के बाद आनन फानन में थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर जामाडोबा टाटा अस्पताल में ठंडा घर में रखवाया। शव की शिनाख्त को पुलिस ने शव का फोटो इंटरनेट एवं व्हाट्सएप पर डाला है। शव के शरीर पर कई जख्म मिले है जिसको देखने से लगता है कि मृतक किसी दुर्घटना के शिकार हुए है, जिसमें उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। शव के शरीर पर जख्म को देखने से लोगो में तरह तरह की चर्चाएं व्याप्त है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के साथ कोई और हो सकता है, जो घटना दुर्घटना में मृतक के मरने के बाद डर से उसके शव को छोड़ कर भाग गया है। शव का पोस्टमार्टम के बाद दुर्घटना का कारण का पता चल सकता है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

## जनसंचार विभाग में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के जनसंचार विभाग में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुछ चर्चित महिला व्यक्तित्व की लघु जीवनी, नारीवाद का संक्षिप्त इतिहास, लघु भाषण, स्किट (नाटक) कविता, शायरी, गीत के जरिए महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक उपलब्धियों पर विचार व्यक्त किया गया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रस्तुत इस कार्यक्रम के जरिए महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया गया। इस दौरान जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. जितेंद्र आर्यन ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न उपायों पर चर्चा की। सहायक प्रोफेसर डॉ. विकास चंद्र ने कहा कि सभी को महिला सशक्तिकरण और समानता के लिए एकजुट होकर काम करना होगा। धन्यवाद ज्ञापन विभाग के सहायक प्रोफेसर हर्षित कच्छप ने किया। कार्यक्रम में विभाग की बीबीएमकेयू स्कॉलर अंजली कुमारी सहित विद्यार्थियों में आद्या, कृति, सिमरन, नेहा, दुलाल, वसीम, युधिष्ठिर, विजय, शिवानी, बजरंग, बहादुर, सौरभ, रोहित, विकास समेत दर्जनों छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## सिम्फनी लिमिटेड ने डीलर मीट का किया आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद शहर के वेडिंग बेल्स होटल में सिम्फनी लिमिटेड ने एक प्रतिष्ठित डीलर मीट का आयोजन किया गया। इसमें धनबाद, बोकारो, गिरिडीह से कई प्रमुख व्यापार भागीदार एक साथ आए। इस कार्यक्रम की अगुवाई सिम्फनी लिमिटेड के रीजनल मैनेजर दिग्विजय सिंह ने किया। उन्होंने उपस्थित लोगों का स्वागत किया और एक प्रेरणादायक और आकर्षक अवसर की शुरुआत की। उपस्थित लोगों को सिम्फनी के अत्याधुनिक कूलिंग समाधानों की नवीनतम श्रृंखला से परिचित कराया गया, जिसमें साइलेंजो, मैक्सविंड, आर्कटिक सर्कल और एयर फ़ोर्स सीरीज़ शामिल हैं। ये अत्याधुनिक एयर कूलर कंपनी के जोनल हेड संजय कुमार पाठक ने कहा कि आज की तेज गति वाली दुनिया में जहां शांति एक विलासिता है, हमारे उत्पादों की नवीनतम रेंज न केवल आपके आस-पास के वातावरण को ठंडा करती है, बल्कि मन की शांति भी लाती है। मौके पर सिंफनी के उच्च व्यापारी सतीश कुमार सिंह, राजेश अग्रवाल, मुकेश कुमार, किशोरी मोहन, अरुण बंका, राजीव, कंपनी के एरिया इंचार्ज सूर्य प्रताप निभाष, हरि लाल आदि मौजूद थे।

### नेशनल लोक अदालत में 1.51 अरब से अधिक रूपए की रिकवरी : प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश

## लोगों को अधिकार दिलाने में डालसा कर रहा है सराहनीय काम : उपायुक्त

प्रभात मंत्र संवाददाता




**धनबाद :** नालसा के निर्देश पर सिविल कोर्ट परिसर में इस वर्ष की प्रथम नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसका ऑनलाइन उद्घाटन रांची झालसा से माननीय न्यायमूर्ती सुजित नारायण प्रसाद ने किया। जबकि धनबाद में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन वीरेंद्र कुमार तिवारी तथा उपायुक्त सह डालसा की उपाध्यक्ष माधवी मिश्रा ने किया।इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में विवादों एवं मुकदमों के निपटारे के लिए 14 बेंच का गठन किया गया। जिनके द्वारा विभिन्न तरह के सुलहनीय 3 लाख 41 हजार 440 विवादों का निपटारा कर दिया गया। जिसमें 3 लाख 8 हजार 938 प्रिरलेटिगेशन मामले जबकी 32 हजार 502 विभिन्न तरह के लंबित मुकदमे निष्पादित किए गए। उन्होंने बताया कि एक अरब 51 करोड 70 लाख 36 हजार 833 रूपए की रिकवरी कर कुल 3 लाख 41 हजार 440 विवादों का निपटारा कर दिया गया। न्यायाधीश ने बताया कि दुर्घटना में पति की मौत के बाद बेसहारा हुई सागर देवी को डालसा ने एक करोड 42 लाख 60 हजार रूपए के मुआवजा का चेक मौके पर भुगतान कराया।? वहीं 4 बच्चों, जिनके माता पिता नहीं थे, को स्पॉन्सरशिप योजना से जोड़कर उन्हें पढ़ाई लिखाई के लिए मिलने वाली चार हजार रुपये की राशि का चेक प्रदान किया गया।कार्यक्रम में उपायुक्त ने कहा कि प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में लोगों को अधिकार दिलाने में डालसा सराहनीय काम कर रहा है। लोगों को न्याय दिलाने में सही दिशा दिखा रहा है। लोगों को जागरूक करने के लिए डालसा द्वारा लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके कारण सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने वालों को इसका लाभ मिलता है। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार सहाय, सिटी एसपी अजीत कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। वहीं अवर न्यायाधीश सह डालसा सचिव राकेश रोशन ने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों, विभाग के अधिकारियों एवं बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं को सहयोग करने के लिए आभार प्रकट किया।समारोह में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय टी. हसन, एसएन मिश्रा, जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी, रजनीकांत पाठक, कुलदीप, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, सिविल जज आइ.ज़ेड. खान, अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी अभिजीत पाण्डेय, रेलवे के न्यायिक दंडाधिकारी मनोज कुमार, ऋषि कुमार, स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन पीयूष कुमार, सर्टिफिकेट आफिसर आरएन ठाकुर, स्टेट बैंक के रिजनल मैनेजर निर्मल कुमार, डिप्टी जीएम विकास रंजन पटनायक, बैंक ऑफ़ इण्डिया के पवन कुमार भारती, डिप्टी जोनल हेड यूको बैंक, कंज्यूमर फोरम की सदस्या, डालसा के पैनल अधिवक्ता, लीगल एड डिफेंस कार्उंसिल सिस्टम की टीम, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मैथन ओपी में होली व रमजान पर्व को देखते हुए शांति समिति की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता



**मैथन :** होलिका दहन और रंगों का त्योहार होली पर्व शांतिपूर्ण मानने को लेकर रविवार को मैथन ओपी परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। वही शांति समिति की बैठक की अध्यक्षता मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने किया। मैथन ओपी में पहुंचे शांति समिति के सदस्यों ने होली पर्व को शांतिपूर्वक मनाने को लेकर अपनी-अपनी राय रखी। मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने कहा कि होलिका दहन बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है, होली रंगों का त्यौहार है इसे भाईचारे व शांतिपूर्वक मनाये। वही शांति व्यवस्था के लिए प्रशासन का सहयोग करने के लिए अपील शांति समिति के सदस्यों से किया। वही ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने कहा कि त्योहार पर शराब पीकर हुडदंग मचाने वाले तथा शराब का धंधा करने वालो के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। होली पर्व के दिन ज्यादा से ज्यादा गश्ती की जाएगी और हुड़दंग लोगों पर सख्त नजर रखी जाएगी। थाना प्रभारी आकृष्ट अमन ने यह भी कहा कि डीजे पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा। डीजे बजाने वाले और डीजे देने वाले दोनों लोगों पर कार्रवाई होगी। मौके पर मैंथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन, एगयारकुंड प्रखंड प्रमुख संगीता महतो, मुखिया बबलू चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि मोती हेबराम, कार्तिक महतो, मुखिया अजय मुर्मू, अमर साव, प्रेम सिंह, दीपा दास, पूनम देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# अविराम सचिव इंद्रजीत कुमार ने वर्ष 2012 से टिको जैसे छोटे से गांव में शिक्षा के क्षेत्र में अलख जगा रहे हैं

## जिसका परिणाम है आज एजुकेशन श्रेणी में अविराम कॉलेज के विक्रम साहू बने गोल्डमेडलिस्ट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** अविराम कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बीएड सत्र 2022.24 के प्रशिक्षु विक्रम साहू को रांची विश्विद्यालय के 38 वें दीक्षांत समारोह में एजुकेशन श्रेणी में गोल्ड मेडल की सूची में स्थान दिया गया है जो अविराम समूह के साथ साथ आदिवासी बहुल पिछड़े माने जाने वाले टिको ग्रामीण क्षेत्र में अवस्थित महाविद्यालय के साथ लोहरदगा जिलेवासियों के लिए गर्व का विषय है। क्योंकि रांची विश्वविद्यालय के अंतर्गत सरकारी और निजी अनेकों प्रशिक्षण संस्थान है जिनमें हजारों प्रशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं पर अविराम के प्रशिक्षु विक्रम की यह उपलब्धि निश्चय तौर पर दर्शाती है कि शहर की चकाचौंध से दूर भी शिक्षा की भागीरथी को लाया जा सकता है



और यह कार्य अविराम समूह के सचिव इंद्रजीत कुमार ने वर्ष 2012 में टिको जैसे छोटे से गांव में बीएड कॉलेज संचालित कर किया जहां के प्रशिक्षु बीएड और डी एल एड आदि परीक्षा परिणामों में उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर रहे हैं। सभी प्रशिक्षु डिसिंक्शन के साथ उत्तीर्ण हुए हैं जिनमे विक्रम लगभग 88 प्रतिशत के पश्चात् द्वितीय स्थान पर अनामिका मुंडा 87.46 प्रतिशत, तृतीय स्थान नितेश पर 86.23 प्रतिशत,चतुर्थ स्थान पर शारदा 85.95प्रतिशत के साथ और पांचवें स्थान पर करन गोप 85.95प्रतिशत के साथ रहे। विक्रम साहू गुमला जिले के निवासी हैं और विज्ञान विषय के विद्यार्थी रहे हैं। उनके पिता श्याम साहू किसान है और माता बीना देवी गृहिणी हैं जो अपने बेटे की इस उपलब्धि पर बहुत खुश हैं। अविराम के सचिव इंद्रजीत कुमार ने कहा कि बीएड और डी एल एड से अविराम के प्रशिक्षु प्रतिवर्ष ही टॉपर्स की सूची में रहते है और विश्विद्यालय तथा राज्य में शीर्ष स्थान प्राप्त करते हैं जो दर्शाता है कि प्रतिभा की कमी नही है अनुशासन और ईमानदारी के साथ यदि कार्य किया जाय तो परिवर्तन आता ही है कुरू ब्लॉक का छोटा सा गांव टिको आज शिक्षा और स्वावलंबन की मिशाल बन रहा है, अविराम में चीन, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, जर्मनी आदि देशों के साथ सुप्रसिद्ध भारतीय विद्वान जिनमें मिसेज वर्ड परीन सोमानी से लेकर सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक और अरबपति प्रो बलराम सिंह जैसी हस्तियां आकर प्रशिक्षुओं से सीधा संवाद स्थापित करती हैं और अविराम द्वारा शिक्षक शिक्षा की दिशा में किए जाने वाले प्रयासों की मुक्त कंठ से प्रसंशा भी की गई है जो हमें और अच्छा करने के लिए प्रेरित करता है, अभिभावक जिस विश्वाश के साथ बच्चों को भेजते हैं सदैव उस विश्वाश के साथ न्याय किए जाने का प्रयास पूरी टीम करती है जिसके लिए प्राचार्य डॉ प्रतिमा त्रिपाठी और शिक्षक रेणुका, पंकज, जंगबहादुर, आफताब, ममता, पवन, मनु, शशि, चिनिबास, शिव, प्यारी, संदीप आदि बधाई के पात्र हैं।

# इच्छाशक्ति से जीती जा सकती है हर जंग : सीजेएम




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** झालसा रांची एवं पीडीजे सह डालसा अध्यक्ष राजकमल मिश्रा के मार्गदर्शन में लोहरदगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा रविवार को सिविल कोर्ट परिसर के सभागार में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक दिवसीय सेमिनार सह मातृ शक्ति वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सीजेएम कृष्णकांत मिश्रा, डीएलएसए सचिव राजेश कुमार, जूडिशल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास जया स्मिता कुजूर मुख्य रुप से उपस्थित थीं। इस मौके पर सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने कहा की जीवन को उद्देश्य देने के लिए हमेशा स्वाध्याय करते रहना चाहिए, पुस्तकें हमें जीवन में रास्ता दिखाने के साथ-साथ सफलता के मुकाम तक पहुंचाता है। सीजेएम ने कहा की मन को शांत करने के लिए सुबह-सुबह अपने पसंदीदा प्रवचन को सुनना चाहिए। मन एकाग्र करने के साथ साथ किताबी ज्ञान को बढ़ाने का हरसंभव प्रयास करना चाहिए। डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने भारत में बढ़ रही आत्म- हत्या की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके रोकने पर बल दिया और कहा की जीवन में परेशानियां आती जाती रहती है। लेकिन विकट परिस्थितियों में खुद को जो मजबूत कर लें वो हर जंग जीत सकते हैं। कितनी भी खराब परिस्थिति हो इस बात को हमेशा याद रखना चाहिए कि यह बुरा वक्त एक दिन गुजर जाएगा। डीएलएसए सचिव ने कहा की अपने कीमती जीवन को कभी आत्महत्या करके खत्म नहीं करना चाहिए। बल्कि हर परिस्थिति से लड़ने के लिए खुद को तैयार करना चाहिए। अपने मनोबल को हमेशा खुद ही बढ़ाते रहना चाहिए। न्यायिक मजिस्ट्रेट जया स्मिता कुजूर ने आवेश में आकर निर्णय न लेने की अपील की। न्याय सदन के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में पीएलवी एवं अधिवक्तागण के द्वारा गीत- संगीत प्रस्तुत किया। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर न्यायिक पदाधिकारियों के द्वारा सभी उपस्थित मातृ शक्ति को उपहार व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन से पूर्व महिला प्रतिभागियों ने नारी सशक्तिकरण के गीत प्रस्तुत किए। साथ ही एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं भी दी। डीएलएसए सचिव राजेश कुमार ने तमाम उपस्थित कर्मियों, पीएलवी को गुलाल लगाकर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस एवं होली की शुभकामनाएँ दी।

# बगडू में हिंडालको ने महिलाओं के सम्मान में चलाया जागरूकता अभियान




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**किस्को-लोहरदगा :** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभात लोहरदगा द्वारा संचालित बगडू खनन क्षेत्र अंतर्गत जामुन टोली ग्राम में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारीबाग के झारखंड सेवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित की गई। मौके पर किस्को प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर सभी महिलाएं अपने पैरों पर खड़ा होकर स्वावलंबी बने एवं आगे बढ़े कार्यक्रम में बगडू की मुखिया रानी मिलने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे आ रही है और कंधा से कंधा मिलाकर मजबूत उपस्थिति दर्ज कर रही है। बीस सूत्री अध्यक्ष किस्को पुनिया देवी ने कार्यक्रम की सराहना की और अपने विचार में सबों को जोड़ने की सलाह दी। कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर विभाग के वरीय अधिकारी भास्कर सिन्हा ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं का जागरूकता करना ही उद्देश्य है। जिसमें अपने अधिकारों को जानने तथा प्रत्येक क्षेत्र में समानता एवं सशक्तिकरण किया जा सके। कार्यक्रम का आयोजन सीएसआर प्रमुख नीरज कुमार के दिशा निर्देश पर आयोजित किए गए। कार्यक्रम में आकाश प्रजापति, अमृता कुमारी, राजकुमारी देवी, प्रकाश भगत समेत ग्रामीण व महिलाएं मौजूद रहे।

# अनुमंडल पदाधिकारी से मिलकर प्रधानाध्यापक ने सौंपा मांगपत्र

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** लोहरदगा अनुमंडल पदाधिकारी श्री.अमित कुमार से आज पीएमश्री राजकीय उत्क्रमित उच्च विद्यालय जिंगी, कुडू के प्र.प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने उनके आवासीय कार्यालय में मुलाकात की और विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु मांगपत्र सौंपा प्रधान अध्यापक ने एसडीओ को बताया कि विद्यालय में चहारदीवारी नहीं होने के कारण आए-दिन विद्यालय परिसर में असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़-फोड़ की जाती है। अंदर के मुख्य एंट्री गेट पर कभी शराब की बोतल फोड़ दी जाती है,तो कभी हैंडवाश युनिट तहस-नहस कर दिया जाता है। एक बार तो गमले में लगे पौधों को भी पटक-पटक कर नष्ट कर दिया गया। अभी पानी सप्लाई वाला पाईप को कई जगह फाड़ दिया गया है। साथ ही, विद्यालय भवन की छत के प्लास्टर उखड़ कर गिर रहे हैं। भवन बनने के 13 साल बाद तक एक बार भी पूरी तरह मरम्मत नहीं हो पाई है, इसलिए पूरे भवन के नवीनीकरण की आवश्यकता है। प्र.प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने बताया कि विद्यालय के कराटे खिलाड़ी कोच देवंती कुमारी के निर्देशन में राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में हमेशा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। लेकिन खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए संसाधन नहीं है। यहां तक कि मैट भी उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रैक्टिस में अतिरिक्त सावधानी बरतनी पड़ती है। इसलिए उन्होंने आग्रह किया है कि उपरोक्त बातों पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए सकारात्मक पहल करने की कृपा करें। एसडीओ श्री कुमार ने आश्वस्त किया है कि शिक्षा और खेल हित में प्राथमिकता के आधार पर सभी समस्याओं के निराकरण का प्रयास करेंगे। मौके पर कोच देवंती कुमारी, संचालक विनय कुमार उपस्थित थे।



# आर्मी मैन ने पत्नी को ईंट से प्रहार कर किया हत्या, कैरो थाना में मामला दर्ज, आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल



**कैरो-लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र कैरो के कैरो झखराटोली निवासी वशिष्ठ उराँव के पुत्री नेहा उराँव के ही पति आर्मीमैन सोमेश्वर उराँव ने अपनी ही पत्नी नेहा को ईट से प्रहार कर हत्या कर दी है, इसके बाद खुद को ही सोमेश्वर ने गले में फाँसी लगाकर कर रहा था आत्महत्या का प्रयास। गुमला जिले के शिशई निवासी स्व0 सुकरा उराँव के पुत्र सोमेश्वर उराँव की शादी कैरो निवासी वशिष्ठ उराँव की पुत्री नेहा उराँव के साथ सन्न 2020 में हुई थी विवाह। नेहा की 03 वर्षीय एक पुत्र भी है। नेहा के पति सोमेश्वर उराँव वर्तमान में आर्मी में जम्मू में कार्यरत था वह गुरुवार को अपने शसुराल कैरो आया था, शुक्रवार को रात्रि में पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, इतने में आवेश में आकर सोमेश्वर ने अपनी ही पत्नी पर ईंट से प्रहार कर दिया जिसे नेहा घायल होकर गिर गई, नेहा के घरवालों ने तुरन्त नेहा को राँची रिम्स ले गये जहाँ चिकित्सकों ने जांचोप्रांत नेहा को मृत घोषित कर दिया। मामले पर कैरो थाना पुलिस ने कैरो थाना काण्ड संख्या 13/25 बी0एन0एस0 की धारा 103 (3) के तहत मामला दर्ज कर हत्या के आरोपी सोमेश्ववर उराँव को कैरो थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर 09 मार्च रविवार को जेल भेज दिया है।

# विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला समिति की बैठक का हुआ आयोजन



**सिमडेगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विश्व हिंदू परिषद सिमडेगा जिला कार्यालय में रविवार को जिला समिति की बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कौशल राज सिंह देव के द्वारा किया गया बैठक में मुख्य रूप से सिमडेगा जिला के पालक केशव चंद्र साय उपस्थित हुए। बैठक में प्रांत कार्य समिति की बैठक में मिले दिशा निर्देश के अनुसार कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया जिसमें आगामी 30 मार्च को विक्रम संवत हिंदू नव वर्ष की शुरुआत हो रही है इस दिन से लेकर हनुमान जयंती 12 अप्रैल तकब सिमडेगा जिले में रामोत्सव का आयोजन किया जाएगा। मौके पर विभाग पालक में संबोधित करते हुए कहा कि विश्व हिंदू परिषद लगातार अपने धर्म संस्कृति सभ्यता और संस्कृति को बचाए रखने के लिए अनेको कार्यक्रम करती है और वार्षिक कैलेंडर के अनुसार प्रमुख त्योहारों को मनाती है इसी को लेकर यह कार्यक्रम का आयोजन सिमडेगा जिले के सभी पंचायत में आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष कौशल राय सिंह देव ने कहा कि सिमडेगा जिला में प्रत्येक वर्ष राम उत्सव भव्य तरीके से मनाया जाता है और इस वर्ष भी सिमडेगा जिले के सभी 94 पंचायत में यह कार्यक्रम बड़े भव्यता के साथ मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति को एकरूपता लाने के उद्देश्य यह कार्यक्रम सभी जगह पर होगी और अधिक से अधिक जगहों पर कार्यक्रम आयोजित करते हुए भगवान श्रीराम के जीवन आदर्श मूल्यों को अपनाने के लिए सभी लोगों को जानकारी दी जाएगी ।उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम एक आदर्श पुत्र ,पिता ,पति और एक राजा और एक सेवक के रूप में समझ में जो मर्यादा का पाठ पढ़ाया है उसे हमें सीख लेने की आवश्यकता है।

# खनन क्षेत्र में हिंडालको सीएसआर ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड खान प्रभात के तत्वावधान में सीएसआर विभाग के निर्देशन में खनन क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन सर प्रमुख नीरज कुमार के नेतृत्व में आयोजित की गई। बगडू में जहां सीएसआर विभाग के वरीय अधिकारी भास्कर सिन्हा, अमती पानी चिरोड़ीह में दीपक सिंह, कुंजाम में मनोज चौधरी, बिमरला में अभय भारती, पाखर में सुरेंद्र सिंह, टोरी में अनन्या डे की उपस्थिति में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह पूर्वक आयोजित की गई। कार्यक्रम में महिला समूहों के सदस्य, स्वास्थ्य कर्मी, सहिया, एएनएम आदि को पुष्प गुच्छ, अंग प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। उनके कार्यो को सराहा गया एवं मौजूदा समय में महिलाओं की भूमिका सभी क्षेत्रों में बढ़ती जा रही है। यह बताया गया कि महिलाएं अब कंधे से कंधा मिलाकर पुरुषों से पीछे नहीं हैं। मौजूदा समय में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। चाहे वह स्वास्थ्य सेवाएं शिक्षा सुरक्षा एवं विज्ञान तकनीकी सभी क्षेत्रों में उनका श्रेष्ठतम सेवाएं दी जा रही है। अतः महिलाएं महिलाओं की भूमिका मौजूदा समय में श्रेष्ठतम बताया गया।

# बजरंगबली प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** केरसई स्थित बजरंगबली मंदिर में बजरंगबली प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा हेतु कलश यात्रा का आयोजन किया गया कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं पुरुष एवं बच्चे जय श्री राम बजरंगबली की जय के नारे एवं भजन के साथ पूरे उत्साह से कलश यात्रा में भाग ले रहे थे कलश यात्रा खलीजोरा नदी से प्रारंभ होकर भंडार टोली केरसई चौक साहु चौक होते हुए बाजार प्राण स्थिति बजरंगबली मंदिर में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए समिति के गौतम कुमार ने बताया कि दिनांक 10.03.2024 को प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा हेतु 24 घंटे का अखंड नाम यज्ञ प्रारंभ होगा जिसमें केरसई सहित कुरडेग बोलबा एवं ठेठईटांगर प्रखंड के दर्जनों कीर्तन मंडली नाम यज्ञ में शामिल होंगे साथ ही बजरंगबली के प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पूजा होगी पूजा में यजमान के रूप में पूजा समिति के अध्यक्ष अजय कुमार रोहित सपत्नीक भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समिति का गठन किया गया है एवं सभी ग्रामवासी अपना अपना योगदान दे रहे हैं।

# शांति एवं सौहार्दपूर्ण होली मनाने को लेकर केरसई में हुई शांति समिति की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** केरसई अंचलाधिकारी देवीकान्त सिंह की अध्यक्षता में होली एवं ईद त्यौहार को लेकर केरसई थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में केरसई अंचलाधिकारी ने कहा कि केरसई का इतिहास रहा है कि यहां सभी धर्म के लोग सभी पर्व एवं त्यौहार शांतिपूर्ण रूप से मनाते हैं यह इतिहास इस बार भी कायम रहना चाहिए लोग दूसरे धर्म का सम्मान करते हुए अपना त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं,होलिका दहन में अपने बुराइयों को जलाकर अच्छा योग के साथ आगे बढ़े और त्यौहार धूमधाम से मनाएं। वहीं केरसई थाना प्रभारी रामनाथ राम ने कहा कि त्यौहार मनाने की छूट है पर त्यौहार के नाम पर नशे में हुड़दंग करने वालों पर पुलिस की नजर रहेगी एवं नशे में तेज स्पीड में बाइक चलाने वालों पर पुलिस करवाई करेगी। बैठक के पश्चात शांति समिति के लोगों ने प्रशासन के साथ अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। मौके पर जीप सदस्य प्रेमा बाड़ा रवि गुप्ता कोनजोबा मुखिया मुन्स खेस बघडेगा मुखिया राहुल तिग्गा शशि प्रसाद गौतम कुमार केरसई मुखिया फाबियोला खेस किनकेल मुखिया बसंती लकड़ा दिवाकर प्रसाद मानोज कुमार बसारत अंसारी सूर्यनारायण प्रसाद बिष्णु प्रसाद उपेंद्र प्रसाद मनोहर कुमार सहित शांति समिति के सभी सदस्य मौजूद थे।

## आज महिलाएं किसी क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं : सांसद सुखदेव भगत

# पलाश के अंतर्गत शंखधारा महिला विकास मण्डल द्वारा आयोजित किया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुडू-लोहरदगा :** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर पलाश के अंतर्गत शंखधारा महिला विकास मण्डल, कुडू की ओर से प्रखण्ड के कुडू नवाटोली मैदान में महिला दिवस मनाया गया। आज के कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद सुखदेव भगत जिला कार्यक्रम प्रबंधक पलाश (JSLPS) संजय गुप्ता कृषि विज्ञान केंद्र निदेशक श्री हेमंत कुमार कुरु थाना प्रभारी शंख धारा महिला विकास मंडल की अध्यक्ष बालवती देवी एवम मंच पर उपस्थित मंचासीन विशिष्ट अतिथिगण की गरिमामयी उपस्थिति में संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर संपन्न किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माननीय सांसद जी के द्वारा महिला मंडलों के द्वारा किए जा रहे कार्यो की सराहना करते हुए बोला गया की



आज महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से पीछे नहीं हैं,आज के दौर में महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर हमारे देश को आगे बढ़ाने मे अपना अहम योगदान दे रही हैं। महिला मंडल के निर्माण से महिलाओं को आज आर्थिक और सामाजिक रूप से मजबूत होने में मदद मिला है। सखी मंडलों की सदस्यों को किसी भी प्रकार का प्रशिक्षण खेती-बारी, पशुपालन इत्यादि की आवश्यकताओं एवम उनकी मदद के लिए विभाग सदैव तत्पर हैं। इसके साथ ही उन्होंने खेती-बारी को वैज्ञानिक तरीके से करके मल्टीनेशनल कंपनी तक पहुंच बनाने हेतु प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र, लोहरदगा निदेशक श्री हेमंत कुमार सर के द्वारा महिलाओं को आधुनिक तरीके से खेती बारी एवं पशुपालन हेतु विस्तार से बताया गया। साथ ही समाज सेविका नीरू शांति भगत एवं प्रखंड प्रमुख मुन्नी देवी ने भी महिला मंडल तथा शंख धारा महिला विकास मंडल के कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान कुरु प्रखंड के विभिन्न गांवों से आई हुई बच्चियों तथा महिलाओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति की गई। आज के कार्यक्रम में पलाश ( JSLPS ) जिला कार्यालय की ओर से जिला प्रबंधक अमिताभ मजूमदार, बीटूस खेस, कुडू प्रखंड के मिडिया कर्मी, शंख धारा महिला विकास मंडल की सभी कार्यकारिणी सदस्य, महिला विकास मंडल किस्को एवं सेन्हा की सभी कार्यकारिणी सदस्य, शंख धारा महिला विकास मंडल कुरु के संघ समन्वयक, अकाउंटेंट, एरिया कोऑर्डिनेटर, लाइवलीहुड कोऑर्डिनेटर, बीपीओ नॉन फॉर्म, एफटीसी, CC, कैडर एवं कुरु प्रखंड के सभी पंचायतों की 1108 महिला मंडल की 3,800 से ज्यादा दीदियां शामिल हुई।

# सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 143 वॉ सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व अनामिका भारती ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए,और सभी ने भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए नमन किए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 57 लोग अपने स्वास्थ्य की जांच करवा कर लाभान्वित हुए। हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, ब्लड ग्रुप, शुगर, बी पी, वजन, हार्ट बीट, ऑक्सीजन लेवल आदि का निशुल्क जांच किया गया,एवं अन्य सभी प्रकार की



स्वास्थ जांच पैथोलॉजी के माध्यम से आधे खर्च में ही कराई जाती है, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की सेवा ही परमोधर्मः है इससे बड़ा कुछ भी नहीं, अपने शरीर को दुरुस्त रखने के लिए नियमित रूप से सुबह योग एवं व्यायाम करें एवं स्वास्थ्य को ठीक रखने के लिए समय-समय पर स्वास्थ चेकअप कराएं, जिससे कि कोई भी होने वाली बीमारियों को पता चल सके,जिससे की उक्त बीमारी का इलाज किया जा सके, डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य शरीर के लिए सही खानपान बहुत ज्यादा महत्व रखता है तेल-मसालें एवं तले हुए सामानों को खाने से परहेज करें और ज्यादा से ज्यादा पानी का सेवन करें, किसी भी प्रकार का बीमारी के लक्षण लगने पर डॉक्टर के सलाह से ही दवा ले, नहीं तो आगे जाकर काफी कष्ट दायक हो सकती है, उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल, अनामिका भारती व राजीव यादव ने कहा की प्रत्येक सप्ताह इस स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना एवं अपनेजनों का स्वास्थ चेकअप करवा कर अपने बीमारियों का इलाज भी करवा रहे हैं, यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती हैं। आज शिविर में-जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, अवधेश मित्तल, अनामिका भारती, अंजलि सर्राफ, अमर गोस्वामी, नीतू मित्तल, राजू यादव, सुबोध महतो, सत्यम सर्राफ, मनोज प्रसाद, अतुल सर्राफ, रामजी प्रसाद, रविंद्र नाथ कर्मकार, गीता देवी, बीना देवी, फुलवंती देवी, तपेश्वर अग्रवाल, रमेश महतो, मालती देवी, प्रभु दयाल साहू, प्रदीप खत्री, सोनी देवी, ओमप्रकाश कास्यंकार, रामप्रसाद कसेरा, ताराराय भंडारी, भोला भगत, प्रतिमा मिश्रा, पूनम देवी, उदय कसेरा, धनंजय अग्रवाल, नंदलाल कास्यंकार, महेश कास्यंकार, विजया रानी, वीरेंद्र तिवारी, गोपाल राम वर्मा, कृष्ण प्रसाद, सत्यम कुमार, अशोक साहू, शांति देवी, वीरेंद्र गुप्ता, अरुण कुमार, श्याम सुंदर प्रसाद, सोहन राम, अमित वर्मा, चंद्र केतु प्रजापति, किशोर अग्रवाल, महिमा मिंज, मनजीत कुमार सिंह आदि थे।

चलते चलते एक नजर

## शहीद छोटन उरांव का पार्थिव शरीर पहुंचा पैतृक गांव, गमगीन माहौल में दी गई अंतिम विदाई



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडर के नगड़ा पंचायत स्थित कनभिट्ठा गांव निवासी आर्मी जवान छोटन उरांव का बेंगलुरु में ट्रेनिंग के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। शहीद छोटन उरांव बरेली में पदस्थापित थे और वर्तमान में एसी सेंटर, बेंगलुरु में कोर्स कर रहे थे। सात मार्च को अचानक ट्रेनिंग के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ने से उनका निधन हो गया। उनके निधन की खबर मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। रविवार को जब शहीद छोटन उरांव का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव पहुंचा, तो माहौल गमगीन हो गया। परिवार के सदस्यों सहित पूरे गांव की आंखें नम थीं। उनकी पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल था। शहीद छोटन उरांव को हाल ही में पिता बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की सहित बड़ी संख्या में लोग गांव पहुंचे। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी और शहीद के परिवार को ढांढस बंधाया। इस मौके पर सेना के जवानों ने सैन्य सम्मान के साथ शहीद छोटन उरांव को अंतिम सलामी दी।

## बिरादरी ने की दो सौ लोगों के स्वास्थ्य की जांच

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंजाबी हिंदू बिरादरी ने रविवार को तमाड़ के बरलंगा गांव स्थित उच्च विद्यालय में निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित किया। चिकित्सा शिविर में डॉक्टर अजय छाबड़ा, डॉक्टर उदीप लाल, डॉक्टर जयकांत प्रसाद, डॉक्टर विजय कुमार, डॉक्टर विजयेता निर्मल और डॉक्टर निरंजना निशी ने लोगों के ब्लड शुगर, बीपी समेत अन्य की जांच की। शिविर का आयोजन तमाड़ के विधायक विकास मुंडा और समाजसेवी प्रदीप महतो के सौजन्य से किया गया था। इस अवसर पर पंजाबी हिंदू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर उग्गल,राजेश मेहरा,राजेश खन्ना, चरणजीत मुंजाल, विनोद माकन, अरुण चावला, अशोक माकन, अजय सखूजा, अनुप वाधवा,सीमा उग्गल,मीनू मेहरा,बबिता खन्ना,वीणा माकन,कमलेश मुंजाल,पुनम माकन,अनिता सखूजा,पुनम सखूजा और किरण महतो ने उपस्थित दो सौ मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और उनमें निशुल्क दवा और फल वितरित किया। शिविर के लिए इस गांव सहित आस-पास के गांवों में भी मौखिक और पर्चा बांटकर जानकारी दी गई थी।

### जीएन कान्वेंट में महिला दिवस आयोजित

# नारी ही सामाजिक संरचनाओं का आधार हैं : निदेशक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** स्थानीय जीएन कान्वेंट स्कूल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने अति उत्साह का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक सह शिक्षाविद एवं उपप्राचार्य बसंत ठाकुर द्वारा सम्मिलितरूप से दीप प्रज्वलन कर किया गया।

मौके पर निदेशक ने कहा कि विश्व महिला दिवस समाज में महिलाओं की भूमिका, संघर्ष और सफलता को दर्शाता है। महिला दिवस महिलाओं की समानता, उनके अधिकारों और उपलब्धियों को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है। महिला दिवस मनाने का उद्देश्य लैंगिक भेदभाव समाप्त कर एक समान और सशक्त समाज का निर्माण करना है।



कार्यक्रम को सफल बनाने में नीरा शर्मा, सरिता दुबे, सुनीता कुमारी, नीलम केशरी, रागिनी कुमारी, ज्योति तिवारी, पूजा प्रकाश, विरेंद्र शाह, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, कृष्ण कुमार, विकास कुमार, ऋषभ श्रीवास्तव, संतोष प्रसाद, आदि की भूमिका सराहनीय रही।

## होली मनाने के लिए लोगों को किया गया जागरूक

**एजेंसी**

**सहरसा :** जिला के महिषी उग्रतारा भारती मंडन विकास समिति द्वारा नशा मुक्त होली मनाने हेतु प्रभात फेरी निकाल लोगों को जागरूक किया गया।इस अवसर पर उग्रतारा मंदिर परिसर से निकले प्रभात फेरी को थानाध्यक्ष,सरपंच, मुखिया एवं समिति के वरिष्ठ सदस्यों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।प्रभात फेरी को थानाध्यक्ष, सरपंच, मुखिया, समिति के सदस्यों एवं ग्रामीण अभिभावकों के सहयोग से छात्र - छात्राओं द्वारा संपन्न किया गया।यह प्रभात फेरी महिषी गांव में सभी टोले मोहल्ले में घूम घूम कर लोगों को जागरूक किया गया।संस्था के सचिव अभिषेक रंजन द्वारा बताया गया कि संस्था पिछले 10 वर्षों से क्षेत्र के सर्वांगीण



विकास के लिए सभी क्षेत्रों में अनवरत कार्य कर रही है।वही सामाजिक विकास व उत्थान के लिए सतत क्रियाशील है।वही शैक्षणिक एवं खेलकूद के माध्यम से बच्चों का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि आप सबों से निवेदन कि हर्ष एवं उल्लास के इस पर्व होली को नशा मुक्त हो। हर्षोल्लास, समरसता एवं भाईचारे के साथ मनाएं एवं महिषी को आदर्श गांव बनाने में उग्रतारा भारती मण्डन विकास समिति का सहयोग करें।

## स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों को घर-घर तक पहुंचाएं : राज्यपाल

**एजेंसी**

**रोहतक :** हरियाणा के महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि समाज के निर्माण में स्वामी दयानंद सरस्वती की बहुत बड़ी देन है। हमें आर्य समाज के मूल्यों को घर-घर तक पहुंचना है और इसके लिए जन-जन में क्रांति लानी है। सभ्य समाज और राष्ट्र के निर्माण में आर्य समाज की बहुत बड़ी सार्थक भूमिका होगी। राज्यपाल श्री दत्तात्रेय रविवार को स्थानीय दयानंद मठ में स्वामी दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज की स्थापना के 150 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित आर्य महासम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर




रहे थे। आर्य महासम्मेलन की अध्यक्षता गुजरात के महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने की। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।राज्यपाल ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे महर्षि दयानंद सरस्वती के विचारों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के साथ-साथ देशवासियों को प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करने का काम कर रहे हैं, जो कि बहुत ही सराहनीय है। उनके इन कार्यों की जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए कार्य किया। हमें उनको मिलकर आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवाओं में संस्कार भरने हैं ताकि उनके सही व्यक्तित्व का निर्माण हो सके।

## उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने श्रीति वाटिका का किया लोकार्पण

**एजेंसी**

**गाजियाबाद :** उत्तर प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को वसुंधरा के सेक्टर-5 में वरिष्ठ पत्रकार श्याम लाल यादव की दिवंगत पुत्री श्रीति यादव की स्मृति में नगर निगम के द्वारा विकसित पार्क 'श्रीति वाटिका का लोकार्पण किया। उन्होंने श्रीति वाटिका पार्क का नामकरण किया और रिबन काट करके आधुनिक संसाधनों से युक्त शानदार ओपन जिम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह पार्क परिजनों के लिए श्रीति बिटिया की स्मृतियों को सहेजने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि श्रीति वाटिका पार्क का लोकार्पण क्षेत्रवासियों के लिए एक नई सौगात है, जो लोगों को स्वास्थ्य, हरियाली




और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का प्रतीक बनेगा।इसके बाद उप मुख्यमंत्री वसुंधरा सेक्टर - 5 में वरिष्ठ पत्रकार श्यामलाल यादव के घर पहुंच कर उनकी दिवंगत बेटी श्रीति यादव के चित्र पर माल्यार्पण करके भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके परिवारजनों के साथ भावनात्मक क्षण को साझा किया।इस अवसर पर गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग, उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा, गाजियाबाद के जिलाधिकारी दीपक मीणा, नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक, गाजियाबाद शहर के विधायक संजीव शर्मा, पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी, प्रदेश मंत्री बसंत त्यागी, वार्ड 54 वसुंधरा के पार्षद सतेंद्र चौधरी मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री बालेश्वर त्यागी ने की और संचालन पूर्व विधायक रूप चौधरी ने किया।

### वित्त मंत्री से मिला टेट सफल सहायक अध्यापक संघ का प्रतिनिधिमंडल

# वित्त मंत्री ने सभी समस्याओं को दूर करने का दिया आश्वासन : मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय, प्रदेश प्रवक्ता देवेश पांडेय सहित राणा मनीष सिंह, विनोद दुबे, निरंजन मेहता, संतोष प्रजापति व कौशल के नेतृत्व में वित मंत्री राधाकृष्ण किशोर से उनके आवास पर मुलाकात किया। इस मुलाकात में प्रदेश अध्यक्ष और वित मंत्री का व्यक्तिगत संबंध काफी सुविधाजनक रहा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मिथिलेश उपाध्याय ने कहा कि वित मंत्री ने सभी को जब सहायक आचार्य बनने की शुभकामनाएं दी तो हमलोगों ने भी विनम्रतापूर्वक कहा कि सहायक आचार्य तब बनेंगे जब रिजल्ट प्रकाशित होकर बहाली हो जाए। वित मंत्री ने गंभीर होकर तुरंत जेएसएससी के अध्यक्ष प्रशांत किशोर को कॉल किया और प्रक्रिया



में देरी होने का कारण पूछा। प्रशांत किशोर ने कुछ परीक्षा रद्द होने और उसे पुनः आयोजित होने की बात की। मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने सारी प्रक्रिया जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया और हमलोगों को रांची आने की सलाह दी और बोले कि मैं खुद आपकी बात जेएससीसी अध्यक्ष से करवाऊंगा।

अंत में जब उन्होंने और कोई समस्या की बात कही तो हमलोगों ने कहा कि जिनका सहायक आचार्य में न हो पाएगा तो उनके लिए भी तो कुछ नीति बननी चाहिए। तो वे बोले कि ये तो शिक्षा विभाग का काम है। मैं बस इतना कह सकता हूं कि आपलोग के किसी भी प्रस्ताव को रोकूंगा नहीं, जो आपलोगों के हित में होगा।

श्री उपाध्याय ने कहा कि अंत में हमारे एक साथी ने नगर निगम के साथियों के इंक्रीमेंट का मुद्दा उठा दिया। वित मंत्री ने कहा कि ये तो आपका हक है ये तो जरूर मिलेगा और जल्द मिलेगा। उन्होंने कहा कि भीड़ काफी थी। इसलिए हमलोग और मुद्दा नहीं उठा सके। एक मुलाकात और जल्द करने का आश्वासन वित मंत्री जी मिला है। उसमें टेट पास शिक्षको की हर समस्या का विस्तार से सुनने और समाधान करने की बात कहे हैं। मिथिलेश उपाध्याय ने कहा कि वित मंत्री से मिलने के पश्चात हमलोग जिला सचिव स्वरूप सर से मिले जो गंभीर किडनी रोग से ग्रस्त हैं और जिनका हफ्ते में दो दिन डायलिसिस हो रहा है। उन्हें सदर अस्पताल से आयुष्मान कार्ड का लाभ प्राप्त नहीं हो रहा एवं इस स्थिति में 15 किमी दूर स्कूल जाने में अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हमलोग अपने किसी भी साथी को उस तकलीफ में नहीं देख सकते जो तकलीफ संगठन के स्तर से दूर हो सकता है। इन दो समस्या के लिए संगठन अपने स्तर से प्रयास करेगी।

## शिक्षकों को दिया गया नियुक्ति पत्र

**भागलपुर :** जिला प्रशासन की ओर से रविवार को टाउन हॉल में शिक्षकों को नियुक्ति पत्र वितरण को लेकर समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 8 सौ से जायदा नवनियुक्त शिक्षकों के बीच नियुक्ति पत्र का वितरण किया गया। नियुक्ति पत्र मिलते ही नव नियुक्त शिक्षकों के चेहरे खिल उठे और सभी नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले शिक्षकों ने बिहार सरकार को धन्यवाद दिया।टाउन हॉल में प्रारंभिक माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के विद्यालय अध्यापकों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर डीडीसी प्रदीप कुमार सिंह, महापौर डॉक्टर वसुंधरा लाल के हाथों तृतीय चरण का नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। वहीं नियुक्ति पत्र वितरण समारोह के दौरान भाजपा के बिहपुर विधायक इंजीनियर शैलेंद्र, एमएलसी डॉक्टर एनके यादव, जिला परिषद अध्यक्ष मिथुन यादव सहित जिले के अन्य पदाधिकारी के द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।

## एक राष्ट्र एक चुनाव का विजन देश की आवश्यकता : डॉ. रीता

**एजेंसी**

**प्रयागराज :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक राष्ट्र एक चुनाव का विजन आज देश की आवश्यकता बन चुकी है। देश की आजादी के बाद 1965 तक देश भर में सभी चुनाव एक साथ होते रहे। लेकिन 1969 के बाद मध्यावधि चुनाव का दौर शुरू हो गया, जो अब देश और जनता के लिए एक बोझ बनता जा रहा है। इसलिए भविष्य को देखते हुए अब एक राष्ट्र एक चुनाव की आवश्यकता है।

यह बातें इलाहाबाद की पूर्व सांसद डॉ रीता बहुगुणा जोशी ने रविवार को एक राष्ट्र एक चुनाव का जिला संयोजक नियुक्त किए जाने के बाद प्रयागराज आने पर कही।उन्होंने कहा कि हर साल देश के अंदर चुनाव होने से विकास के कार्य में रुकावट आती है। चुनावी व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक खर्च का बोझ



पड़ता है। जनता भी परेशान होती है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और संगठन ने एक राष्ट्र एक चुनाव की जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी तरह से निभाते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर कार्य करेंगे और अभियान को सफल बनाएंगे। मुझे पूरा विश्वास है यह अभियान जन-जन का अभियान बनेगा और सफल होगा। इस अवसर पर डॉ मुरली मनोहर जोशी सेवा समिति के अध्यक्ष अनिल भट्ट एवं प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने डॉ जोशी को अंगवस्त्र पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव, भोला सिंह, विजय श्रीवास्तव, कल्पना राजुल शर्मा, विनीता गुप्ता, बृजेश श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र गुप्ता, मीना राय, अमन शर्मा, विजय पुर्सवानी, सुशील जैन, अजय अग्रहरि, कमलेश कुमार, विष्णु त्रिपाठी, शत्रुघ्न जायसवाल सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अमित शाह ने किया 24 पुस्तकों का विमोचन



**एजेंसी**

**अहमदाबाद :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को 'सस्तु साहित्य मुद्रणाल्य ट्रस्ट' के पुनः प्रकाशित 24 पुस्तकों का विमोचन किया। 115 वर्षों से गुजरातियों को कम दरों पर अच्छा साहित्य प्रदान करने वाले सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट के अहमदाबाद में आयोजित कार्यक्रम 'अखंड आनंदोत्सव' में मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर सस्तु साहित्य मुद्रणालय ट्रस्ट के अध्यक्ष और केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि किसी भी भाषा का अस्तित्व और निरंतरता तभी गौरवशाली रहती है, जब उसे आगे बढ़ाने और पोषित करने के लिए विद्वत जन आगे आते हैं। उन्होंने कहा कि गोवर्धनराम त्रिपाठी, नर्मद, महात्मा गांधी, काकासाहब कालेलकर, नरसिंह मेहता और सुंदरम् जैसे अनेक गुजराती साहित्यकारों की साहित्य विरासत को संरक्षित और संवर्धित करना गुजराती भाषा के विद्वानों, प्रशंसकों और भाषाविदों का दायित्व है। उन्होंने कहा कि गुजरात में पठन गतिविधियों को गति देने के लिए तत्कालीन मुख्यमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'वांचे गुजरात' अभियान चलाया था। मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने जिलों और तहसीलों में पुस्तकालयों के लिए बड़ी रकम का आवंटन किया है, जो प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि विद्वान लेखकों को साहित्य में सत्व यानी सद्गुणों को जोड़ने तथा पठन को और अधिक रोचक बनाने का काम करना चाहिए।केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि केवल पठन ही विचारों की ऊंचाई प्राप्त करने और विचारों को सद्मार्ग की दिशा में मोड़ने का काम कर सकता है, दूसरा कोई नहीं। देश का भविष्य निर्धारित करने में स्कूलों में छात्रों की संख्या की तुलना में पुस्तकालय में मौजूद लोगों की संख्या का ज्यादा महत्व है।

## महिलाओं ने भजन और नृत्य प्रस्तुत कर अनूठी छटा बिखेरी

**जयपुर :** सामाजिक समरसता गतिविधि जयपुर के अंतर्गत श्री हनुमान भक्त मंडल, मानसरोवर के तत्वावधान में रविवार को महिला दिवस एवं होली के पावन अवसर पर मातेश्वरी महादेव मंदिर, मानसरोवर में भव्य महिला भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम संयोजक अजय ने बताया कि इस प्रतियोगिता में मानसरोवर और पटेल नगर की कुल 17 भजन मंडलियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। महिलाओं ने भजन और नृत्य प्रस्तुत कर भक्ति रस की अनूठी छटा बिखेरी। इस अवसर पर प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य सतीश ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि मधुलता और कुसुमलता मुख्य अतिथि रहीं। मधुलता ने अपने संबोधन में पंच परिवर्तन पर प्रकाश डालते हुए महिलाओं से हिंदू धर्म एवं संस्कृति के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने समसामयिक विषयों पर भी विचार व्यक्त किए।

# पर्यावरणविद कौशल ने दो राज्यों के बच्चों को पढ़ाया पर्यावरण धर्म का पाठ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** गढ़वा जिले के रमकंडा प्रखंड में अनुसूचित जाति बालिका आवासीय उच्च विद्यालय और अनुसूचित जाति आवासीय मध्य विद्यालय के अलावे छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के राजपुर कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व बनराखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल ने कन्या पूजन के उपरांत पौधरोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वहीं वृक्षों पर रक्षाबंधन कर पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ दिलाते हुए नारी शक्ति को नमन कर कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में शामिल स्कूली छात्र छात्राओं को पर्यावरण धर्म के सम्बंध



में कई रोचक जानकारियां देकर उन्हें पर्यावरण के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निबटने के लिए शहर में आकाश बाग और गांवों में किसानों को वृक्ष खेती करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि किसानों को वृक्ष खेती करने से ही आकाल, सुखाड़ से राहत तो मिलेगी ही उनकी आमदनी भी बढ़ेगी। जिससे आत्मनिर्भरता के साथ उनकी आर्थिक स्थितियों में भी सुधार होगा। डॉ कौशल ने प्रदूषण की विभीषिका से बचने के लिए परमाणु ऊर्जा को बंद करने व दैनिक जीवन मे भौतिक संसाधनों का उपयोग कम करने की सलाह दी।

कार्यक्रम में हेडमास्टर गुलेश्वर पासवान, योगेश्वर राम व वार्डेन उर्मिला मिंज ने कहा कि पर्यावरणविद डॉ कौशल के द्वारा इसके पहले इस विद्यालय में लगाए गए पौधे आज पेड़ बनकर फल-फूल दे रहा है। इस अवसर पर शिक्षक आशा भारती, सुमित्रा मिंज, परवीना भगत, अमर शीला, पूर्णिमा यादव, विमला कुमारी, मनोज ठाकुर, शिमला कुमारी, प्रज्ञा वेद अलंकार, अपूर्व रंजन, गोपाल सिंह, वीरेंद्र पासवान आदि लोग शामिल थे।